CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 24°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 186 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा: राष्ट्रपति मुर्मू
पेज 2



प्रगनानंदा ने वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया
खेल टाइम्स



नस्लवाद को हराने वाला मानवता का योद्धा नेल्सन मंडेला
सम्पादकीय



इजरायल में नेतन्याहू की सरकार गिरने की कगार पर
पेज 12

# आकाश प्राइम डिफेंस सिस्टम का भारत ने किया सफल परीक्षण

## मिसाइल ने 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो टारगेट मार गिराए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित वायु रक्षा प्रणाली 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण किया है।

इस एडवांस मिसाइल सिस्टम को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस सिस्टम ने पूर्वी लद्दाख में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो ड्रोन मार गिराए। 'आकाश प्राइम' एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण थल सेना की एयर डिफेंस विंग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। डीआरडीओ ने ही यह सिस्टम विकसित किया। यह प्रणाली लद्दाख के चुनौतीपूर्ण मौसम में सटीक प्रहार करने में सक्षम पाई गई। इस प्रणाली को डीआरडीओ ने ही विकसित किया है। यह प्रणाली लद्दाख के चुनौतीपूर्ण मौसम में सटीक प्रहार करने में सक्षम पाई गई। जल्द ही इसे दुश्मन की हवाई चुनौतियों का सामना करने के लिए मैदान में लाया जाएगा। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर



- **एक साथ 64 टारगेट को ट्रैक कर 12 को करेगा नष्ट**
- **चीन और पाकिस्तान के हमलों से बचाएगा**

# बेंगलुरु भगदड़: कर्नाटक सरकार ने RCB को जिम्मेदार बताया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई।

रिपोर्ट में हादसे का जिम्मेदार आरसीबी को बताया गया है। इसमें कोहली का भी जिक्र है। कर्नाटक सरकार ने कहा है कि आरसीबी ने चिन्नास्वामी में आयोजित विक्ट्री परेड के लिए सरकार से कोई अनुमति नहीं ली थी। भीड़ ज्यादा होने से भगदड़ मची। जिसमें 11 लोगों की जान गई और 50 घायल हुए। हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि आयोजन को अचानक रद्द करने से हिंसा भड़क सकती थी और शहर में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाती। सरकार ने 15 जुलाई को हाईकोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी।

- **कोहली का वीडियो डालकर लोगों को बुलाया, फ्री पास से भीड़ हुई बेकाबू**

## लापरवाही बरतने के आरोप में होम्योपैथी निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानांतरण सत्र शून्य होने के बावजूद डाक्टरों के ट्रांसफर पोस्टिंग समेत अन्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरते जाने के आरोप में निदेशक होम्योपैथी प्रो. अरविंद कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उन्हें राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गाजीपुर से सम्बद्ध कर दिया गया है। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रो. वर्मा के खिलाफ प्रेषित प्राथमिक जांच आख्या एवं स्थानांतरण सहित पदीय दायित्वों के निर्वहन में संदिग्ध भूमिका, कर्तव्यनिष्ठा का अभाव एवं भ्रामक तथ्यों को प्रस्तुत कर दिग्भ्रमित करने की प्रवृत्ति तथा शिथिल एवं सवेदनहीन कार्यशैली पाई गई है। जिसके आरोप में प्रो. वर्मा को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय/ अनुशासनिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कुमारस्वामी को दी राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अदालती अवमानना कार्यवाही में आरोपी बनाने से संबंधित कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश पर गुरुवार को रोक लगाकर उन्हें राहत दी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने निर्देश दिया कि श्री कुमारस्वामी को अवमानना मामले में आरोपी बनाने संबंधी कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को स्थगित रखा जाए। पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पुत्र एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री तथा जनता दल सेक्युलर नेता की ओर से दायर एक याचिका पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'समाज परिवर्तन समुदाय' को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

## ईडी ने शुरू की छांगुर बाबा के ठिकानों पर छापेमारी

**लखनऊ।** उप्र में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू हुई। ईडी ने बलरामपुर में 12 और मुंबई में दो ठिकानों पर छापे मारे। ईडी ने 100 करोड़ रुपये के अवैध फंडिंग के मामले में यह कार्रवाई की है। छांगुर बाबा पर धर्मांतरण, विदेशी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाना और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली गतिविधियों के गंभीर आरोप हैं, जिसकी जांच के बाद ईडी ने छापेमारी शुरू की है।

## शुभांशु शुक्ला का स्वास्थ्य बेहतर

**चेन्नई।** इसरो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से 18 दिनों के प्रवास के बाद वापस लौटे अंतरिक्ष यात्री, शुभांशु शुक्ला का स्वास्थ्य स्थिर और बेहतर है।

# भारत के साथ टैक्स फ्री व्यापार के मूड में ट्रम्प

## हमारे सामानों पर भारत टैक्स नहीं लगाएगा, लेटर भेजूंगा और इंडोनेशिया जैसा समझौता हो जाएगा

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रेड डील को लेकर बड़ा दावा किया है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी उत्पादों को जल्द भारत के बाजारों में पहुंच मिलने वाली है। उन्होंने दावा किया है कि इंडोनेशिया फॉर्मूले वाली डील भारत के साथ भी होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में भी जीरो टैरिफ लगेगा।

ट्रम्प ने इंडोनेशिया पर 19 फीसदी टैरिफ लगाया था। एक अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 फीसदी टैरिफ चुकाना होगा। वहीं, अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने कहा कि हमने कई बेहतरीन देशों के साथ समझौते किए हैं। हमारा एक और समझौता होने वाला है, शायद भारत के -शेष पृष्ठ दो पर



**इंडोनेशिया में अमेरिकी प्रोडक्ट पर जीरो प्रतिशत टैरिफ**

## पिछले छह महीने में अमेरिका से 1563 भारतीय नागरिक निर्वासित

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने विदेशी नागरिकों के प्रवास से संबंधित नियमों में बदलाव के बाद पिछले छह महीने में 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है और इनमें से अधिकतर वाणिज्यक उड़ानों से भारत आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि अमेरिका ने 20 जनवरी से 15 जुलाई के बीच 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकतर वाणिज्यक उड़ानों से स्वदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग अलग-अलग बैच में स्वदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पिछले सप्ताह भी अमेरिका से लौटे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इनकी नागरिकता संबंधी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## तरनजीत संधू अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू गैर सरकारी संगठन, अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे और मंच के भू-राजनीतिक संस्थान के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। राजनयिक के रूप में करीब चार दशक का अनुभव रखने वाले श्री संधू नई भूमिका में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारा, हिंद-प्रशांत चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता (क्वाड) और 'भारत, इज़राइल, अमेरिका और यूएई' (आई2यू2) जैसी पहलों पर मंच की रणनीतिक गतिविधियों का मार्गदर्शन करने के लिए अपनी कूटनीतिक कुशलता का इस्तेमाल करेंगे।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामला: संकट में घिरे रॉबर्ट वाड्रा, चार्जशीट दाखिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसाई रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितम्बर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी। आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गई। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े इस मामले में हुई कथित गड़बड़ी का खुलासा आईएएस अशोक खेमका ने किया था। इसके बाद वे सुर्खियों में आ गए थे। बीते एक दशक से रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ लगे आरापों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों ने अलग-अलग चुनावों में कांग्रेस पर आरोप साधने के लिए किया है। दिसम्बर 2023 में ईडी ने इस मामले में यूएई स्थित व्यवसाई सीसी थंपी और ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के रिश्तेदार सुमित चड्ढा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।



- **मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में ईडी की चार्जशीट में कई और नाम भी किए गए हैं शामिल**

## अमरनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से महिला की मौत, यात्रा रुकी

**नई दिल्ली।** यूपी में भारी बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं।

नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से बुधवार को अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में 20 जून से अब तक 109 लोगों की मौत हो चुकी है।

## जजों पर मुकदमे को लेकर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीशों के खिलाफ उनके न्यायिक निर्णयों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सवाल किया कि ऐसा किस कानून के तहत किया जा सकता है।

इसके साथ ही, न्यायालय ने इस पर सलाह देने के लिए न्यायमित्र नियुक्त किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई की योग्यता पर सवाल उठाया वयाचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि किस कानून के तहत न्यायाधीशों पर निर्णय देने के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है। सिर्फ इसलिए कि अवैध या विकृत याचिकाएं दायर की जा रही हैं। आप न्यायाधीशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने एक परीक्षा में टॉप किया था, लेकिन विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों ने उन्हें राहत देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद उन्होंने उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का अनुरोध किया।

- **याचिकाकर्ता से कोर्ट ने पूछा: ऐसा किस कानून के तहत संभव**

# यमन में भारतीय नर्स निमिषा को माफी नहीं

सना, वार्ता

**यमन के** नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फंसी भारत की नर्स निमिषा प्रिया को माफ करने से महदी परिवार ने इन्कार कर दिया है।

महदी के भाई अब्देल फत्तह महदी ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि मैं अपने भाई की हत्या के मामले में कोई माफी या समझौता नहीं चाहता। महदी ने कहा कि न्याय की जीत होगी, भले ही सजा में देरी हो, लेकिन बदला लेकर रहेंगे। चाहे कोई भी कितना दबाव डाले या मिन्नतें करे, हम क्षमा नहीं करेंगे और ब्लड मनी (खून के बदले दी जाने वाली रकम) नहीं लेंगे। निमिषा को मौत की सजा 16 जुलाई को होनी थी, लेकिन इसे फिलहाल टाल दिया गया है। महदी ने कहा कि हम शरियत कानून के तहत 'किसास' यानी बदले की मांग करते हैं। निमिषा को मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर



- **मृतक का भाई बोला- मुआवजा नहीं चाहिए**
- **सजा में भले ही देरी हो, बदला लेकर रहेंगे**

## निमिषा की मदद को सरकार कर रही प्रयास

**नई दिल्ली।** यमन में फांसी की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया केस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार निमिषा प्रिया की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि हमने कानूनी मदद उपलब्ध कराई है और उनके परिवार की सहायता के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है। हम स्थानीय अधिकारियों और उनके परिवार के संपर्क में हैं।

# अमेरिकी अखबारों को कैप्टन सुमित के निर्णय पर संदेह

### अहमदाबाद ड्रीमलाइनर क्रैश मामला

अहमदाबाद, वार्ता

**अहमदाबाद में** 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया के विमान के दोनों पायलटों के बीच आखिरी बातचीत को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी।

डब्ल्यूएसजे ने बताया कि यह खुलासा दोनों पायलटों के बीच बातचीत की कॉकपिट रिकार्डिंग से हुआ है। वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला कि बोइंग विमान उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमीत सभरवाल से पूछा कि आपने फ्यूल स्विच को कटऑफ पोजिशन में क्यों कर दिया। सवाल करते समय को-पायलट हैरान थे। उनकी आवाज में घबराहट थी, जबकि कैप्टन सुमीत शांत दिखे। कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास 15,638 घंटे और को-पायलट क्लाइव कुंदर के पास 3,403 घंटे उड़ान अनुभव था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने यह बात जांच से जुड़े अमेरिकी सूत्रों के हवाले से दी है। हालांकि, इस पर भारतीय एजेंसियों ने कोई जवाब नहीं दिया है। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट आने के बाद एविएशन एक्सपर्ट संजय लजार ने जांच रिपोर्ट लीक होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि अमेरिका का मीडिया भारत की संसद और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से ज्यादा जानकारी रखता है। ये रिपोर्ट भारत में पूरी पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। प्रधानमंत्री को मामले की जांच किसी हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवानी चाहिए।



- **कैप्टन ने बंद की फ्यूल सप्लाई, वॉल स्ट्रीट जर्नल के दावे पर भारतीय एक्सपर्ट ने किया सवाल: क्या उनके पास हमसे ज्यादा जानकारी**

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को मिल सकता है सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार का अनुरोध किया है। सिंह का 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इनको दुर्गा शंकर मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद 30 जून, 2024 को राज्य के शीर्ष पद पर नियुक्त किया गया था। दरअसल मनोज कुमार सिंह से पहले यूपी के मुख्य सचिव रहे पूर्व आईएएस दुर्गाशंकर मिश्रा को दो बार एक-एक साल के लिए और तीसरी बार छह महीने के लिए सेवा विस्तार मिला था।

### बिहार में 125 यूनिट बिजली मिलेगी मुफ्त

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का एलान किया है। बिहार विधान सभा चुनाव से पूर्व नीतीश सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का एलान किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, सरकार शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रही है। अब तय किया गया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के कुल एक करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। यह भी तय किया गया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।

# पिछले आठ साल में 238 अपराधी हुए ढेर

## मेरठ जोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई, 7.69 अपराधी दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने गुरुवार को कहा कि 2017 के बाद से अपराधियों के साथ 14 हजार से अधिक मुठभेड़ों में पुलिस ने 238 दुर्दांत बदमाशों को मार गिराया जबकि नौ हजार से अधिक के पैर में गोली मारी गई।

इस अवधि में 30 हजार से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर अमल करते हुए पुलिस ने अपराध पर कड़ी कार्रवाई जारी रखी है। पिछले आठ वर्षों में 14 हजार 973 ऑपरेशन चलाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 30 हजार 694 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से पुलिस पर हमला करने वाले नौ हजार 467 अपराधियों के पैर में गोली लगी, जबकि 238 मुठभेड़ों में मारे गए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ ज़ोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई हुई, जहां 7,969 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 2,911 घायल हुए। आगरा ज़ोन में 5,529 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 741 घायल हुए। बरेली ज़ोन में 4,383 अपराधी पकड़े गए और 921 घायल हुए। वाराणसी ज़ोन में पुलिस ने 2,029 अपराधियों को गिरफ्तार किया और 620 घायल हुए। गौतम बुद्ध नगर कमिश्नरेट में सबसे ज़्डादा गिरफ्तारियां हुईं, जहां 1,983 अपराधी पकड़े गए और 1,180 घायल हुए। गाजियाबाद कमिश्नरेट में 1,133 गिरफ्तार किए गए और 686 घायल हुए, जबकि आगरा कमिश्नरेट में 1,060 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 271 घायल हुए। डीजीपी कृष्णा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के कार्यभार संभालने के बाद से उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता उत्तर प्रदेश से कानून का राज स्थापित करना और अपराधियों का सफाया करना है।

# स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा: राष्ट्रपति

## दिल्ली में पुरस्कार समारोह को सम्बोधित करते हुए बोलीं द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है और सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है।

मुर्मू ने गुरुवार को यहां स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आवा. सन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण आयोजित किया, जिसमें विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों और लगभग 14 करोड़ नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है।

वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे। उन्होंने कहा कि वह अधिसूचित क्षेत्र परिषद की उपाध्यक्ष के रूप में प्रतिदिन वार्डों का दौरा करती थीं और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण करती थीं।

### इंदौर लगातार 8वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर

**सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे नंबर पर, लखनऊ की लंबी छलांग, 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार आठवीं बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। ऐसे ही सूरत को दूसरा स्थान मिला। इससे पहले मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार सात बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने का खिताब हासिल कर चुका है। वहीं कचरा प्रबंधन में बेहतर सुधार करके लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में देशभर में लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। गुरुवार को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई।

### जयपुर में आयोजित सहकारी एवं रोजगार उत्सव समारोह में बोले शाह

# मोदी ने किया देश को सुरक्षित करने का काम

**जयपुर, वार्ता**



**सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतारने का किया: गृहमंत्री**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के साथ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतरने का काम किया हैं।

शाह गुरुवार को जयपुर जिले के दादिया गांव में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस के शासन में आतंकवादी हमलों से त्रस्त था, लेकिन मोदी ने जब पूरी में आतंकवादी हमला हुआ तो सर्जिकल स्ट्राइक की और जब पूलवामा हमला हुआ, तब एयर स्ट्राइक और पहलगाम आतंकवादी हमले होने पर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों के परखचे उड़ाकर पूरी दनिया को मजबूत संदेश भेजने का काम किया कि भारत के नागरिकों, सेना और सीमा के साथ छेड़खानी नहीं करते, तो यह नतीजे नहीं भुगतने पड़ते। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मोदी ने देश को समृद्ध एवं विकसित भारत बनाने के सपने को जमीन पर उतरने एवं उसे सच्चा करने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर आकर दूनियां का चौथा अर्थ तंत्र बन चुका है। मोदी ने पिछले ग्यारह साल में गेंहू सहित कई पफसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमसएपी) में वृद्धि करने का काम किया। इसके अलावा उन्होंने 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम भी किया, वहीं 60 करोड़ लोगों के घरों में शोचालय बनाने का काम किया गया। शाह ने कहा कि राजस्थान को ऊंटों की भूमि वाला प्रदेश के रूप भी जाना जाता है और सहकारिता का उपयोग ऊंट की नस्ल सुधारने एवं ऊंटनी के दूध का शोध भी शुरू किया गया जिससे आने वाले समय में ऊंट के संरक्षण पर कोई खतरा नहीं आएगा। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदेश पेपर लीक से भी त्रस्त था, लेकिन एसआईटी गठन करके राज्य सरकार ने कठोर संद. ेश पेपर माफिया के खिलाफ दिया है। शर्मा के नेतृत्व में वैश्विक निवेश सम्मेलन का आयोजन कर 35 लाख करोड़ के एमओयू किए गए और तीन लाख करोड़ के एमओयू पर काम शुरु हो गया है।

### राजस्थान के हर घर में पहुंच रहा है पानी

शाह ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के वैट में भी कटौती की गई और 450 रुपए में एलपीजी का सिलेंडर भी दिया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा से यमुना का पानी लाने के लिए डीपीआर मंजूर की गई और जलजीवन मिशन के तहत घरों में पानी पहुंचाने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा अच्छा काम कर रहे हैं और प्रदेश में सहकारिता मजबूत हो रही है। केन्द्र सरकार और राजस्थान सरकार राजस्थान सहाकारिता आंदोलन को और मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हुए हैं और मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर चार साल में कई प्रयासों से सहकारिता को मजबूत करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि गत सौ साल में सहकारिता ने देश के विकास में बड़ा विकास दिया हैं और आने वाले साल भी सहकारिता के साल हैं जिसमें हर गावं एवं हर किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक मंत्रालय स्थापित किया हैं।

# यूपी में खाद का भारी संकट

## कालाबाजारी चरम पर: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद का संकट है, जबकि निजी विक्रेता कालाबा. जारी कर रहे हैं। यादव ने गुरुवार को कहा कि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। खरीफ की फसल विशेष कर धान की रोपाई का सीजन चल रहा है। किसान को फसलों के लिए डीएपी, यूरिया की जरूरत है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद नहीं है। निजी विक्रेता कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और ओवर रेटिंग कर रहे हैं। विभाग और सरकार की लापरवाही और लचर रवैये से किसान मारा-मारा फिर रहा है। उन्होंने कहा कि गोंडा, बस्ती, हाथरस, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, समेत तमाम जिलों में खाद का संकट है। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से हर साल किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। पुरुष किसानों के साथ-साथ महिलाओं को भी खाद के लिए सुबह से ही सहक. ारी समितियों पर लाइन लगानी पड़ रही है। कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिलती है। किसानों का दर्द तब और बढ़ जाता है, जब खाद के बजाय उन्हें पुलिस की लाठियां और प्रताड़ना मिलती है। यादव ने कहा कि लखीमपुर खीरी के श्रीनगर की बहुउद्देशीय सहकारी समिति संकर भदूरा में 16 जुलाई को किसान खाद लेने के लिए पहुंचे। उनमें बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं थीं। किसानों को खाद नहीं मिली। पुलिस ने लाठीचार्ज किया।



**सेंसेक्स** 82259.24
**निफ्टी** 25111.45



**सोना रु.** 97370
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 110937
प्रति किलो



# ट्रम्प के बयान से भारतीय शेयर बाजारों पर दबाव

**मुंबई, वार्ता**



भारतीय शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी के बाद गुरुवार को गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 375.24 अंक यानी 0.45 प्रतिशत लुढ़ककर 82,259.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 100.60 अंक टूटकर 25,111.45 अंक पर रहा जो 0.40 प्रतिशत की गिरावट है। सुबह के कारोबार में बाजार हरे निशान में खुले थे, लेकिन कुछ ही देर बाद गिरावट में चले गए। दोपहर बाद बाजार की गिरावट बघ्ती गई। निफ्टी-50 ने 18. 70 अंक की बढ़त में 25,230.75 अंक पर शुरुआत की। यह 25,230.75 अंक तक चढ़ा, लेकिन फिर बाजार में बिकवाली हावी हो गई। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र की कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की। आशिका समूह के आशिका स्टॉक ब्रोकिंग ने बताया कि आज के कारोबार में निवेशकों की धारणा में तेजी से बदलाव देखा गया। बाजार में ओवरऑल गिरावट के बीच रियलिटी, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और फार्मा सेक्टरों में तेजी रही। आईटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा सेक्टरों पर दबाव रहा। अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की जमकर आलोचना की है। इससे पावेल के भविष्य और फेडरल रिजर्व की नीतियों को लेकर बाजार में अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसके अलावा ट्रम्प ने यह भी कहा है कि भारत को लेकर टैरिफ के बारे में जल्द फैसला संभव है। इससे भी निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के अनुसार फेड प्रमुख को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच वैश्विक स्तर पर निवेशकों का विश्वास डगमगाया है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट किया है कि पावेल को पद से हटाने का उनका कोई इरादा नहीं है, लेकिन इससे निवेश धारणा में कुछ खास सुधार नहीं हुआ है और निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियां लाल निशान में रहीं। टेक्नोलॉजी कंपनी के शेयर सबसे ज्यादा 2.76 प्रतिशत लुढ़क गए। इंफोसिस में 1.61 प्रतिशत और एचसीएल टेक में 1. 20 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा स्टील के शेयर सबसे अधिक 1.62 प्रतिशत चढ़े। चौतरफा बिकवाली से एनएसई में ज्यादा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने सूचकांक भी दबाव में रहे। निफ्टी-100 में 0.37 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप-100 में 0.17 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 में 0.12 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, धातु, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टरों में निवेशकों ने पैसा लगाया।

### सोना-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 130 गिरकर 97,370 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि चांदी की कीमत 263 कम होकर 1,10,937 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले चांदी 1,11,200 पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,150 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रही। इनके अलावा भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,100 रही। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# रुपया तीन महीने बाद 86 प्रति डॉलर से नीचे

**मुंबई, वार्ता**

कच्चे तेल और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के दबाव में रुपया गुरुवार को 14 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में एक डॉलर का भाव 86.09 रुपए का रहा।

भारतीय मुद्रा इस साल अप्रैल के बाद पहली बार 86 रुपए प्रति डॉलर से नीचे उतरी है। वैश्विक कारकों में दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर का सूचकांक आज करीब 0.46 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा, घरेलू स्तर पर शेयर बाजारों की गिरावट से भी रुपए पर दबाव रहा। विदेशी निवेशकों की निकासी के कारण डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे भारती मुद्रा कमजोर हुई है। सुबह के कारोबार में रुपया दो पैसे की मजबूती के साथ 85.93 रुपए प्रति डॉलर पर खुला। एक समय यह 85.80 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। बाद में डॉलर की मांग निकलने से रुपए पर दबाव आ गया और यह 86.13 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गया। अंत में 14 पैसे की गिरावट के साथ 86.09 रुपए प्रति डॉलर बोला गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भी तेजी रही, जिससे तेल आयातकों की तरफ से डॉलर की मांग में तेजी रही। इसका असर भी रुपए पर देखा गया।

### बेंगलुरु में होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पहले मेगा रोड शो

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पूर्व 18 जुलाई को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में मेगा रोड शो का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को कर्नाटक स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सहयोग से यह रोड शो आयोजित किया जाएगा। इससे पहले नई दिल्ली और हैदराबाद में आयोजित रोड शोज ने निवेशकों, विदेशी प्रतिनिधियों और स्टार्टअप्स के बीच उत्तर प्रदेश के प्रति जबरदस्त उत्साह और विश्वास पैदा किया है। अब बेंगलुरू में होने जा रहा यह आयोजन दक्षिण भारत के टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हब में उत्तर प्रदेश के कारोबारी विजन और नीतिगत स्पष्टता को पेश करने का एक बड़ा मंच बनेगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई, खादी व ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान नेतृत्व करेंगे और 'टीम योगी' के प्रतिनिधि राज्य की कारोबारी क्षमताओं, अधोसंरचना, नीति सहयोग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे क्षेत्रों में हो रहे ऐतिहासिक परिवर्तनों की जानकारी साझा करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आकाश प्राइम...**बनाया गया है। यह सिस्टम किसी भी मौसम और भूभाग में बेहतर एक्यूरेसी प्रदान करता है। भारतीय सेना में आकाश वायु रक्षा प्रणालियों की तीसरी और चौथी रेजिमेंट में अब आकाश प्राइम को शामिल किया जाएगा। इससे देश का वायु रक्षा कवच और भी मजबूत होगा। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए बनाया गया है। आकाश प्राइम प्रणाली से एयर डिफेंस की तीसरी व चौथी रेजिमेंट का गठन होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान द्वारा ड्रोन के हमले करने के बाद से सेना की हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। बता दें कि सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के चीनी विमानों के साथ तुर्किए के ड्रोन हमले नाकाम किए थे। पर्वतीय क्षेत्रों व अत्यधिक ठंड में कारगर आक. ाश प्राइम एयर डिफेंस के लिए इस्तेमाल की जा रही मौजूदा आकाश प्रणाली का संशोधित रूप है। यह प्रणाली स्वदेशी सक्रिय रेडियो फ्रीक्वेंसी से लैस है। इसमें किए गए अन्य सुधार सुनिश्चित करते हैं कि इसका सटीकता से उच्चतम पर्वतीय इलाकों की अत्यधिक ठंड में इस्तेमाल हो सके। आकाश प्राइम की सटीक प्रति यूनिट कीमत सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, पूरी आकाश मिसाइल प्रणाली के विकास में लगभग 1,000 करोड़ रुपये (17 करोड़ डॉलर) की लागत आई है। यह अन्य देशों में विकसित ऐसी ही प्रणालियों के मुकाबले 8-10 गुना कम है।

**भारत के साथ...** साथ। मुझे नहीं पता, हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा, तो वो समझौता हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका ने इंडोनेशिया के साथ एक व्यापार समझौता किया है, जिसमें 32 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। भारत और कुछ अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही समझौता हो सकता है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने तय किया है कि एक अगस्त से अधिकतर आयातों पर शुल्क बढ़ा दिए जाएंगे। जो देश अमेरिका के साथ जल्दी समझौता नहीं करेंगे, उनके सामानों पर अमेरिका ज्यादा टैक्स लगाएगा। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया था। तब उन्होंने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। रिपोर्ट अमेरिका के साथ हो रही ट्रेड डील में कुछ परेशानियां हैं, जिन्हें सुलझाने के लिए भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची है। यह बातचीत सोमवार से शुरू हुई थी और गुरुवार तक चलने की उम्मीद है।

**यमन में...**यह भी कहा कि सिर्फ हत्या ही नहीं, बल्कि सालों तक चले इस केस की लंबी कानूनी लड़ाई ने भी हमारे परिवार को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसलिए वे मुआवजे की कोई रकम नहीं लेना चाहते। महदी ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि कुछ भारतीय मीडिया संस्थान जानबूझकर ऐसे झूठे दावे फैला रहे हैं कि तलाल ने निमिषा का पासपोर्ट जब्त कर लिया था या उसका शोषण किया गया था, लेकिन यह पूरी तरह से गलत है। महदी ने दावा किया कि न तो खुद निमिषा प्रिया ने और न ही उसकी कानूनी टीम ने कभी अदालत में ऐसा कोई आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि निमिषा की पूरी कानूनी प्रक्रिया में भारतीय दूतावास की तरफ से नियुक्त वकील मौजूद थे और सभी कार्यवाही पारदर्शी रही। महदी ने भारतीय मीडिया पर यह आरोप लगाया कि वह दोषी को पीड़ित के रूप में प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने लिखा कि इसका मकसद जनता को गुमराह करना और अपराधी के लिए झूठी सहानुभूति पैदा करना है।

# कांग्रेस की मनरेगा मजदूरी बढ़ाने के लिए 15 दिन में भुगतान करने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को रोजगार मुहैया कराने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) की हाजिरी लगाने की प्रक्रिया को सरल किया जाना चाहिए। उन्होंने मजदूरी बढ़ाने और मजदूरों का भुगतान 15 दिन में करने की भी मांग की।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि मोदी सरकार मनरेगा मजदूरों के काम के तरीके और उनकी मजदूरी के भुगतान आदि को लेकर नए नए फरमान जारी कर मामले को उलझा रही है। काम की निगरानी के लिए तकनीकी इस्तेमाल आदि के कारण मजदूरों को दिक्कत हो रही है और समय पर उनकी मजदूरी का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। इसमें फर्जी तरीके से आंकड़े अपलोड करने जैसे मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मई 2022 में सरकार ने मनरेगा हाजिरी और काम की निगरानी के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप बनाया था और इस महीने 8 तारीख को एनएमएमएस से जुड़ी तमाम समस्याओं को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। शुरुआत से ही यह स्पष्ट था कि मनरेगा कार्यस्थलों से फोटो अपलोड करने की व्यवस्था उन सचमुच में काम करने वाले मजदूरों को बाहर कर देगी, जिनके फोटो नेटवर्क या कनेक्टिविटी की समस्या के कारण अपलोड नहीं हो पाते।

### बिहार को लेकर चुनाव आयोग पर बरसे राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर बिहार में भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बनने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह चुनाव आयोग कम और भाजपा का 'चोरी आयोग' ज्यादा नजर आता है। गांधी ने सोशल मीडिया एक पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा षबिहार में चुनाव आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर रंगे हाथ वोट चोरी करता पकड़ा गया। काम सिर्फ चोरी, नाम 'एसआईआर' पर्दाफाश करने वाले पर प्राथमिकी होगी। उन्होंने चुनाव आयोग को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आयोग अब भी 'चुनाव आयोग' है या पूरी तरह भाजपा की 'चुनाव चोरी' शाखा बन चुका है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हाईवे पर बाइक-स्कूटी में भीषण भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

## हादसे में मृतक की बहन व दो अन्य लोग भी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** गुरुवार को हाईवे बुढ़ाना अंडरपास पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। आमने-सामने से आ रही बाइक और स्कूटी की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार, हादसे में गाजियाबाद निवासी राजू पुत्र नेमपाल और उसका ममेरा भाई विपिन की मौत हो गई। दोनों मृतक हरिद्वार से लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना में राजू की बहन अंजली पुत्री नेमपाल और दो अन्य अज्ञात व्यक्ति भी घायल हो गया प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को मेरठ के एक बड़े अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया है। सभी को मौके पर तैनात कांवड यात्रा की एंबुलेंस सेवा की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे, जिससे टक्कर हुई। हादसे की विस्तृत जांच की जा रही है।

### राहगीरों से पुलिस ने की अपील

जिला प्रशासन ने कांवड़ मार्ग पर चलने वाले राहगीरों से अपील की है कि वे सावधानीपूर्वक यात्रा करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि इस प्रकार की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

## ट्रेक्टर-ट्रॉले के नीचे सो रहे दबकर भोले की गई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बाईपास पर ट्राला के नीचे सो रहे कावडिया की ट्राले के नीचे दबकर मौत सलेमपुर बाईपास पर कांवड़ियों का एक ट्राला अपने साथियों सहित रुका हुआ था रात्रि में कावडिया अपने ट्रॉली पर विश्राम कर रहे थे रात्रि में किसी समय उनका एक साथी ट्राले के नीचे आकर सो गया पुलिस के अनुसार प्रातः लगभग 3:00 बजे ट्राला लेकर कावडिया चल दिए तो नीचे सो रहे हैं युवक के ऊपर पहिया चढ़ गया उसने शोर मचाया तो उन्होंने नीचे उतर कर देखा और आसपास के कावडिया भी इकट्ठा हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा उसको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां पर उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि मृतक कीपहचान महेश पुत्र महादेव गांव महाराजपुर, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पुरकाजी क्षेत्र में शिवभक्त की हादसे में मौत

**मुजफ्फरनगर।** हाईवे के पुरकाजी क्षेत्र में मिनी ट्रक के हादसे में एक कावंडिये की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक शिवभक्त अपने 10 साथियों के साथ हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आ रहा था रास्ते में उनके साथी बिछड गए। सूत्रों का कहना है कि भोला अपने साथियों की तलाश करता रहा और फोन पर भी सम्पर्क कर उन्हे बताया कि वह बिछड गया है और उसे रास्ता नहीं मिल रहा। जब साथी नहीं मिले तो वह अपनी कांवड लेकर आगे बढ़ा और दुर्घटना में उसकी मौत हो गई, हालांकि पुलिस इस मामले को कुछ ओर ही बता रही है फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 20 निवासी 23 वर्षीय रोहित पुत्र मोहनलाल अपने साथियों के साथ हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आ रहा था।


मृतक का फाइल फोटो।

बृहस्पतिवार की प्रातः कांवडिया पुरकाजी बाईपास के होटल कान्हा ढाबा के पास पहुंचा तो अचानक से कांवडियां हाईवे पर कांवडिया के ही चल रहे डीसीएम की वह चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई, हालांकि पुलिस इस दुर्घटना को कुछ ओर ही बता रही है, लेकिन पुलिस ने तुरंत ही उसको जिला अस्पताल भिजवाया। यहां आने के बाद डॉक्टरों ने चैकअप के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। घायल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अल्लामा इकबाल यूनानी मेडिकल कालेज में अलीना नाज ने नाम कमाया

**मुजफ्फरनगर।** डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालिय आगरा द्वारा सत्र 2018 अंतिम वर्ग का परिणाम घोषित किया, जिसमे कुमारी अलीना नाज़ ने विश्वविद्यालिय मे प्रथम स्थान, कुमारी शगुफ्ता यासमीन त्यागी ने द्वितीय स्थान तथा कुमारी रोशन जहां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रो में ईस्माईल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालिय का नाम रोशन किया। प्रबन्ध निदेशक तस्लीम उल हक, प्राचार्य प्रो मुश्ताक हुसैन, प्रो, म.,च. अंसारी ने सफल विद्यार्थीयो को मुबारकबाद व अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



मुजफ्फरनगर: भारी कांवड़ को खींचकर ले जाता शिवभक्तों का जत्था।

## एसडी के छात्रों को भारत अंतरिक्ष अकादमी के समर ट्रेनिंग में चयन

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर के इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्रों वाशु और अमन को भारत अंतरिक्ष अकादमी द्वारा आयोजित रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस 2025 ग्रीष्मकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त हुआ है। भारत अंतरिक्ष अकादमी द्वारा संचालित यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों से अवगत कराएगा एवं उनके कौशल को निखारने में सहायक होगा। कॉलेज के सचिव अनुभव कुमार ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे छात्रों को राष्ट्रीय स्तर के ऐसे प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अवसर प्राप्त होना पूरे संस्थान के लिए गौरव की बात है। यह हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और कॉलेज की गुणवत्ता का प्रमाण है। हम हमेशा छात्रों को नई तकनीकों से जोड़ने एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कॉलेज के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने भी छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्रों वाशु और अमन ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर लगन और सही मार्गदर्शन मिले तो कोई भी छात्र किसी भी मुकाम तक पहुंच सकता है। यह उपलब्धि आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। हम संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध के साथ-साथ छात्रों को व्यावहारिक अनुभव दिलाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इस अवसर पर छात्रों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमें यह उपलब्धि केवल हमारी मेहनत से नहीं बल्कि इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहयोग से मिली है। हम अपने सभी प्रोफेसरों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमें हमेशा प्रोत्साहित किया और हमारी हर समस्या में हमारा मार्गदर्शन किया।



# पठान एनकाउंटर के बाद जुड़ा सत्ताधारी का नाम

## एसटीएफ की जांच में चौंकाने वाले तथ्य आए सामने, राजनीतिक गलियारों में मचा भूचाल

**■ अपराधिक मामले, फिर भी बन गया पासपोर्ट, क्या विदेश यात्रा भी हुई?**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गैंगस्टर पठान एनकाउंटर के बाद जो खुलासे हो रहे है और जिस तरह जिम्मेदार लोगों के नाम पठान को संरक्षण देने में आ रहे है उसने पुलिस प्रशासन ही नहीं राजनीति में भी उछाल ला दिया है। इसकी गुंज शासन तक गुंजने लगी है। जांच में जहां सत्ताधारी व कुछ जिम्मेदार लोग एसटीएफ के निशाने पर है वहीं पठान के गुर्गों को सलाखों के पीछे भेजने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है, हालांकि जनपद का कोई अधिकारी इसमें कुछ बोल नहीं पा रहे है। खुलासा इसलिए चौकाने वाला है कि मुठभेड़ में मारे गए पठान के साथ एक सत्ताधारी नेता का नाम जुड़ रहा है। एसटीएफ जैसे-जैसे पठान के मोबाइल की कॉल डिटेल व व्हाट्सएप्प खंगाल रही है वैसे-वैसे कई जिम्मेदार कटघरे में खडे नजर आ रहे है। एसटीएफ की जांच में आए नामों को लेकर लोग व जनपद का पुलिस प्रशासन आश्चर्यचकित है कार्यवाही क्या होगी, किस पर होगी यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है, लेकिन इससे यह साबित हो रहा है कि जनपद में अभी अपराध खत्म नहीं हुआ, बल्कि सफेद पोशों की छाव में छिप गया है। एसटीएफ की जांच जैसे-जैसे बढ़ रही है वैसे-वैसे बडे-बडे खुलासे बड़े-बड़े खलीफा बेनकाब होते नजर आ रहे है। इससे पश्चिम उत्तर प्रदेश की राजनीति मे एक उछाल आ रहा है। बता दे कि चौदह जुलाई को छपार क्षेत्र के बिजोपुरा मार्ग पर मेरठ की एसटीएफ की मुठभेड़ में शाहरूख पठान ढ़ेर हो गया था। शाहरूख पठान का नाम मुख्तार अंसारी गैंग और संजीव जीवा गैंग से जुडा हुआ बताया गया था। शाहरूख पठान पर हत्या अपहरण, जमीन कब्जाने, रंगदारी वसूलने जैसे संगीन अपराध दर्ज थे। पुलिस रिकॉर्ड की माने तो शाहरूख पठान ने 2015 में अपराध की दुनिया में एक खतरनाक स्टाइल में कदम रखा और उत्तराखंड के हरिद्वार मे एक व्यापारी की हत्या में नाम आने से शाहरूख पठान पूरी तरह चर्चाओं में आ गया था। अब शाहरूख के मुठभेड में ढेर होने के बाद एसटीएफ की जांच में चौकाने वाले खुलासे होते हुए नजर आ रहे है। सूत्रों का कहना है कि शाहरूख पठान को एक सत्ताधारी नेता का संरक्षण था और उसी की छत्र छाया में रहकर कुछ अपराध किए। सत्ताधारी का संरक्षण मिलने से शाहरूख की ताकत बढ़ गई थी अब एसटीएफ की हो रही जांच से सत्ताधारी के करीबी भी गंभीर नजर आ रहे है। शाहरूख पठान ने 2017 में अमित दीक्षित की हत्या की थी जिसमें संजीव जीवा के कहने पर हत्या उजागर हुई थी, हालांकि पठान ने अमित दीक्षित की हत्या किसी दूसरे के भुलाओ में की थी और इस वारदात में जीवा व पठान को उम्र कैद की सजा हो गई थी।


पठान का फाइल फोटो।

सूत्रों का कहना है कि शाहरूख ने हरिद्वार में प्रोपर्टी का काम शुरू किया और उसकी पहचान एक सत्ताधारी से हुई थी। एसटीएफ की जांच में कुछ ओर लोगों के नाम भी बताए जा रहे है। एसटीएफ के एएसपी ब्रजेश सिंह इस मामले की छानबीन में लगे है। सूत्रो का यह भी कहना है कि शाहरूख पठान ने जनपद मुजफ्फरनगर से फर्जी पासपोर्ट बनवाया और 2023 में वह विदेश भी गया। अब सवाल यह है कि आखिर अपराधिक मामले दर्ज होने के बाद पासपोर्ट कैसे बना, चर्चा है कि पासपोर्ट बनाने वाले पुलिसकर्मियों की भी जांच की जा रही है।

एसटीएफ शाहरूख पठान के गुर्गों की भी तलाश में लगी है जिससे यह नेटवर्क पूरी तरह खत्म हो सके। कुल मिलाकर शाहरूख पठान मुठभेड के बाद जैसे-जैसे एसटीएफ की जांच बढ़ रही है वैसे-वैसे चौकाने वाले मामले सामने आ रहे है।


मुजफ्फरनगर: पैरों में छाले फिर भी हिम्मत नहीं हारी, भारी कलश में गंगाजल लेकर गंतव्य की ओर कदम बढ़ाती श्रद्धालु युवती।

## अचानक लापता हुई दोनों बहनें सकुशल बरामद

**■ पूछताछ में लड़कियों ने परिवार पर ही लगाए गंभीर आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मखियाली से अचानक ही लापता हुई दो बहने वापस लौट आई, हालांकि पुलिस गुमशुदगी के बाद उनकी बरामदगी का दावा कर रही है। फिलहाल वापस लौटी दोनों बहने अपने परिवार पर ही गंभीर आरोप लगा रही है। सच्चाई क्या है यह तो पुलिस या लड़कियां ही जाने, लेकिन लापता एक लडकी की दूसरी शादी का मामला सामने आ रहा है। बता दे कि नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव मखियाली से 23 व पन्द्रह वर्ष की दो बहने तेरह जुलाई को लापता हो गई थी। इस मामले का मुकदमा लड़की के भाई सलीम की ओर से दर्ज करा दिया गया था। दो बहनों का गांव से गायब होना पुलिस के लिए शुरू में सिर दर्द बना, लेकिन जांच के बाद पुलिस ने इसलिए राहत की सांस ली थी कि कॉल डिटेल में लगातार मां व भाई से बात होना आ रहा था। लड़कियों का कहना है कि वह स्वंय वापस लौटी है जबकि पुलिस का दावा है कि उन्हे बरामद किया गया है और उनके बयान के आधार पर कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा।

## फर्जी हाजिरी से चिकित्सक लेता रहा वेतन

**■ तिहाड़ जेल में बंद डॉक्टर की लगती रही विभाग में एटेंडेंस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी में तैनात रहे चिकित्सक पर एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद होने के बाद भी विभाग से वेतन लिए जाने का मामला सामने आया है। त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने आरोप लगाया है कि जिला अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर ने तिहाड में रहते हुए भी फर्जी हाजिरी लगाकर वेतन ले लिया। इस मामले में उन्होंने जांच की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरकाजी में तैनात डॉ. अरुण कर्णवाल को वर्ष 2016-17 में रेप केस में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था और वह करीब तीन माह 17 दिन तक तिहाड जेल में रहे। आरोप है कि जमानत पर रिहाई के बाद उन्होंने अस्पताल की हाजिरी पंजिका में हेरफेर कर जेल में रहने के दौरान की हाजिरी भी भर दी और वेतन प्राप्त कर लिया। इस गंभीर प्रकरण की शिकायत डीएम से लेकर शासन स्तर तक की गई थी। डीएम ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय डॉक्टरों की कमेटी गठित की थी। इस दौरान गवाहों ने अस्पताल में आकर बयान भी दर्ज कराए, जो रिकॉर्ड में सुरक्षित हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिला अस्पताल के डॉक्टरों से निष्पक्ष जांच संभव नहीं, इसलिए अन्य विभाग से जांच कराई जाए ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके।

**आरटीआई से हुआ खुलासा:** यह मामला सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत उजागर हुआ। आरटीआई से प्राप्त जानकारी में स्पष्ट हुआ कि जेल में रहते हुए भी डॉक्टर अरुण कर्णवाल की उपस्थिति सरकारी रजिस्टर में दर्ज होती रही और उन्हें एक माह का वेतन भी दिया गया। इस खुलासे के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ गए हैं।

**सीएमओ ने दी सफाई:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने कहा, डॉ. अरुण कर्णवाल को एक माह का वेतन गलती से जारी हो गया था। संज्ञान में आते ही वेतन वापसी का नोटिस दिया गया। बाद में अदालत ने उन्हें निर्दोष घोषित किया, जिसके बाद उन्हें बाकी वेतन देने के निर्देश मिले हैं। इस संबंध में विभागीय कार्यवाही अभी भी चल रही है। शिकायतकर्ता मांगेराम त्यागी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में निखरा मुजफ्फरनगर

## शहर को देश में 36वां स्थान व प्रदेश स्तर पर मिली 46वीं रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देश के शहरों में सफाई और अन्य जनसुविधाओं की व्यवस्था के आधार पर हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में निकायों की रैंकिंग जारी की गई है। इसमें नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप की जनहितैषी निर्णयों के आधार पर जनता के लिए शुरू की गई सेवाओं के आधार पर मुजफ्फरनगर शहर ने बड़ी उपलब्ध हासिल की है। स्वच्छता सर्वेक्षण में मुजफ्फरनगर शहर ने भारत के स्वच्छ शहरों में 36वां स्थान हासिल किया है, जबकि राज्य स्तर पर 46वीं रैंक प्राप्त कर विकास के पैमाने पर अपनी चमक बिखेरी है।

पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने इस उपलब्धि को जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह पालिका बोर्ड और पालिका के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी के परिश्रम एवं जनता के सहयोग का परिणाम है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में हमारी मुजफ्फरनगर नगरपालिका को राष्ट्रीय स्तर पर 36वां स्थान और उत्तर प्रदेश में 46वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों को नहीं दर्शाती, बल्कि हम सभी के द्वारा शहर हित में किये गये परिश्रम और संघर्ष की कहानी को बयां कर रही है।

उन्होंने कहा कि 'स्वच्छता सिर्फ एक मिशन नहीं, एक संस्कार है' और इस विश्वास को आप सभी ने साकार किया। हमारे सफाई कर्मियों, अधिकारियों, नगरपालिका कर्मचारियों, जागरूक नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं और प्रशासनिक टीम हर एक व्यक्ति ने इस अभियान में अपना योगदान देकर मुजफ्फरनगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारा लक्ष्य अब स्वच्छता में 'सर्वश्रेष्ठ' बनना है, न केवल रैंकिंग में, बल्कि मानसिकता और व्यवहार में भी हम इस उपलब्धि को हासिल करेंगे।

छह साल में स्वच्छता सर्वेक्षण में कुछ ऐसा रहा मुजफ्फरनगर नगर पालिका का रैंकिंग प्रदर्शन। वर्ष 2019 में को राष्ट्रीय स्तर पर 371वां स्थान और राज्य स्तर पर 98वां मिला था। वर्ष 2020 में राष्ट्रीय स्तर पर 214वां स्थान, प्रदेश में 33वां स्थान मिला था। वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर नगर पालिका को 344वां स्थान मिला, प्रदेश में 56वां स्थान मिला। वर्ष 2022 के राष्ट्रीय स्तर पर 237वां और राज्य स्तर में 45वां स्थान मिला। वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर 264वां स्थान, राज्य स्तर पर 56वां स्थान मिला। वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 36वां स्थान, राज्य स्तर पर 46वां स्थान मिला।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए- हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।

राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

### खतौली नाला घोटाले ने तूल पकड़ा

# व्यापारियों और कॉलोनीवासियों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के नाला घोटाले ने अब बडा रूप ले लिया है। जानसठ रोड शिवमूर्ति पर मंगलवार को जैन मंडी, श्यामपुरी, सैनी नगर, रेलवे रोड समेत आसपास की कॉलोनियों और बाजारों के सैकडों व्यापारियों व कॉलोनीवासियों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने रिश्वत लेकर जानबूझकर 80 साल पुराने नाले को बंद करवा दिया है। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम राज. कुमार को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि बंद किए गए नाले को तुरंत खोला जाए, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और नगर में जलभराव की समस्या से स्थायी निजात दिलाने के लिए प्रभावी योजना बनाई जाए।

## जनता का फूटा गुस्सा, नारेबाजी से गूंजा चौराहा

जानसठ रोड स्थित शिवमूर्ति चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान भारी भीड उमड पडी। ष्ईओ हायष, चेयरमैन मुर्दाबाद ष्नाला खोलो-नगर बचाओष, षरिश्वतखोरी बंद करोष जैसे नारों से चौराहा गूंज उठा। व्यापारियों और कॉलोनीवासियों का कहना था कि नगर में जलभराव की दशकों पुरानी समस्या से निपटने के बजाय पालिका प्रशासन ने साठगांठ कर पुराने नालों को बंद कर दिया है, जिससे हालात और बिगड गए हैं।

### 8 से 10 घंटे तक भरा रहता है पानी

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि नाला बंद होने से बारिश के बाद 8 से 10 टंटे तक पानी सडकों और गलियों में जमा रहता है। इससे खासतौर पर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी होती है। कीचड और बदबू से आमजन का जीवन दूभर हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि जलभराव की वजह से ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे, जिससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### नई योजना की आड़ में पुराना नाला बंद

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एक ओर नगर पालिका जल निकासी के लिए नई योजना की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर वर्षों पुराने प्रभावी नालों को बंद किया जा रहा है। इस कार्य में भारी भ्रष्टाचार और साठगांठ की बू आ रही है। जनता का कहना है कि नाले को बंद करने के पीछे केवल निजी लाभ और भू-माफिया का हित साधने की कोशिश की जा रही है। बता दे कि शासन का खुला आदेश है कि नगर और देहात में कोई भी पुराने नाले, तालाब, कुएं, पोखर को बंद नही किया जाएगा लेकिन शासन के इस आदेश के बाद भी खतौली पालिका प्रशासन 80 साल पुराने नाले को बंद कर पूरी खतौली को समुंदर में तब्दील कर डुबाने की योजना बना रही है।

### चेतावनी: लखनऊ में देंगे धरना

आक्रोशित नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नाले को नहीं खोला गया और समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्य सचिव दरबार में अपनी फरियाद लेकर पहुंचेंगे। नगरवासियों ने साफ कहा कि अब वे चुप नहीं बैठेंगे, जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा।

### प्रशासन मौन, जनाक्रोश तेज

प्रदर्शन के दौरान कई वक्ताओं ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह से निष्क्रिय और जनविरोधी रवैया अपना रहा है। जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर केवल कागजों में योजनाएं बनाई जा रही हैं। यदि यही स्थिति रही तो नगर में जलजनित रोग फैलने का खतरा बढ जाएगा।

### ज्ञापन में प्रमुख मांगें

बंद नाले को तत्काल प्रभाव से खोला जाए, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, भविष्य में जलभराव से बचाव हेतु स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, स्थानीय प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार, प्रदर्शन के बाद एसडीएम राजकुमार ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की गंभीरता से जांच कराने का आश्वासन दिया है। वहीं नगर पालिका प्रशासन इस मामले में अभी तक कोई स्पष्ट जवाब देने से बच रहा है।

# नीदरलैंड के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डा. कपिल शर्मा का चयन

**मुजफ्फरनगर।** यूरोप के देश नीदरलैंड में 28 जुलाई तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध प्राप्त करने के लिए जनपद के डा. कपिल शर्मा का चयन हुआ है। वर्तमान में वह वहां अपने शोध पत्र के साथ विभिन्न विषयों पर वार्ता कर सुझाव दे रहे हैं। इससे देश के साथ जनपद का नाम बढ़ा है। जनपद के ग्राम बुड़ीना कलां निवासी सेवानिवृत शिक्षक तेजपाल शर्मा के पुत्र डा. कपिल शर्मा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली में पर्यावरण विषय का प्रोफेसर है। उनका चयन भारत सरकार की तरफ से यूरोप के देश नीदरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेमन में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए हुआ है।उनके शोध पत्र का विषय अपशिष्ट जल उपचार में धातु-प्रदूषक निष्कासन के लिए निर्मित आर्द्रभूमि के प्रदर्शन पर एक तुलनात्मक अध्ययन है। डा. कपिल शर्मा ने बताया कि नीदरलैंड के मास्ट्रिक शहर में 9 से 11 जुलाई तक हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमरीका, इंग्लैंड, जर्मनी, जापान आदि के करीब 200 वैज्ञानिकों ने भाग लिया और पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबलवार्मिंग, ओजोन डिप्लेशन, आर्गेनिक फार्मिंग जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। अब वह 28 जुलाई तक यूरोप के अनेकों देश जर्मनी, फांस, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, हंगरी, स्लोवाकिया और चेकरिपब्लिक की कई विश्विधालयों का दौरा कर भविष्य में सामूहिक शोध कार्य की दिशा में कार्य करेंगे। डा. कपिल शर्मा शहर के डीएवी कालेज से स्नातक की पढ़ाई कर देश के उच्च संस्थान आईआईटी दिल्ली से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है और वर्तमान में 8 शोधार्थी उनके निर्देशन में पर्यावरण से संबंधित विषयों पर शोध कार्य कर रहे हैं।

# प्रेम विवाह में रुकावट होने पर लगाई छलांग

## एनडीआरएफ जवानों ने बचाई मेरठ की युवती की जान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** प्रेमी से निकाह न हो पाने के कारण मानसिक तनाव में आई मेरठ की एक युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया। खतौली पहुंचकर उसने गंगनहर में छलांग लगा दी, लेकिन कांवड़ डयूटी पर तैनात एनडीआरएफ जवानों की सतर्कता से समय रहते उसकी जान बच गई। घटना से गंगनहर पुल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### प्रेम संबंध में अस्वीकार से टूटी हिम्मत

जानकारी के अनुसार, मेरठ की रहने वाली एक युवती का एक युवक से प्रेम संबंध था। दोनों के बीच लंबे समय से निकाह की बात चल रही थी, लेकिन जब युवती ने अपने परिवार के सामने प्रेमी से शादी करने की बात रखी तो परिजनों ने इसका विरोध कर दिया। इससे आहत होकर युवती ने घर छोड़ दिया और खतौली पहुंच गई।

### गंगनहर पुल पर काफी देर तक घूमती युवती

बताया गया कि युवती कुछ समय तक गंगनहर पुल पर परेशान हालात में इधर-उधर घूमती रही। फिर अचानक उसने आत्महत्या के इरादे से छलांग लगा दी। यह दृश्य वहां मौजूद आम नागरिकों और डडूटी पर तैनात एनडीआरएफ के जवानों ने देखा।

### एनडीआरएफ जवानों ने दिखाई बहादुरी

जैसे ही जवानों ने युवती को पानी में डूबते देखा, उन्होंने बिना देरी किए नहर में छलांग लगा दी और जोखिम उठाकर उसे सकुशल बाहर निकाल लिया। तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी गई और युवती को खतौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### पुलिस की सूझबूझ से घरवालों को मिली सूचना

सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने युवती से पूछताछ की। उसने अपना नाम और पता बताया, जिसके आधार पर पुलिस ने उसके परिजनों को सूचित किया। कुछ ही देर में परिवार के लोग खतौली पहुंचे और युवती को अपने साथ ले गए।

### घटना स्थल पर मचा हड़कंप

यह पूरी घटना खतौली गंगनहर पुल के पास हुई, जहां उस समय कांवड़ यात्रा के चलते भीड़ मौजूद थी। युवती की छलांग और रेस्क्यू ऑपरेशन के चलते घटनास्थल पर कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने एनडीआरएफ की तत्परता और साहस की सराहना की। यदि समय पर एनडीआरएफ की टीम सक्रिय न होती तो एक जान का नुकसान निश्चित था। यह घटना प्रेम विवाह को लेकर समाज में मौजूद मानसिक और सामाजिक दबावों की एक गंभीर तस्वीर पेश करती है।

# आया सावन झूम के: जैन महिला मिलन समिति की मीटिंग में गूंजे सावन के गीत

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** जैन महिला मिलन समिति, खतौली की मासिक बैठक इस बार सावन की हरियाली और भक्ति के रंगों में सराबोर रही। मीटिंग की थीम थी ष्आया सावन झूम केष। इस अवसर पर समिति की सदस्यों ने जहां भक्ति रस और सांस्ख्रतिक गीतों से माहौल को संगीतमय बना दिया, वहीं सावन की महिमा पर सुंदर विचार भी साझा किए। बरसात की रिमझिम फुहारों, श्हर हर महादेवश के जयकारों और कावड यात्रा के उल्लास के बीच आयोजित इस बैठक में सावन की विविध सांस्ख्रतिक झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ सावन गीतों की प्रस्तुति से हुआ। मीटिंग की अध्यक्षता राजवाला ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी मीनू ने निभाई। समिति की सदस्य डॉ. ज्योति जैन ने सावन और वर्षा ;तु पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कवियों और साहित्यकारों ने इस ;तु को श्खुशियों की ;तुश कहा है। लो. कगीत, झूले और हरियाली ये सभी मिलकर प्रख्रति को भी मुस्कराने पर मजबूर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि ष्सावन का महीना हमारे मन में नई ऊर्जा, उमंग और भक्ति का संचार करता है।ष बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-एक कर प्रसिद्ध सावन गीतों की प्रस्तुति दी, जिनमें ष्सावन का महीना पवन करे शोरष, ष्सावन के झूले पडे हैं तुम चले आओष, और ष्मेरे नैना सावन भादो फिर भी मेरा मन प्यासाष जैसे सदाबहार गीतों ने सबका मन मोह लिया। गीतों के माध्यम से सावन की मस्ती, प्रेम और प्रतीक्षा का चित्रण किया गया। कार्यक्रम में शोभा, पूनम, राजबाला, नीतू, रूबी, सीमा, अनीता, बबीता, राखी, निर्मल, साधना और गीता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने एक-दूसरे को हरियाली तीज और सावन की शुभकामनाएं दीं। अंत में अलका जैन ने अतिथियों का बहुमानपूर्वक स्वागत किया और सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भजन गायन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



### सभासद की दादी के निधन से क्षेत्र में शोक

**चरथावल।** प्रमुख समाजसेवी व रिकार्ड तोड़ वोटो से जीतकर नगर पंचायत के दोबारा सभासद बने गुलफाम उर्फ काला कुरैशी की दादी के निधन से क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी तथा सुबह के समय मृतक को सुपर्दे खाक किया गया स चेयरमेन मास्टर इस्लाम,पूर्व चेयरमेन सुधीर सिंहल, अभिषेक बंशल, भूरा आढ़ती, सलीम मलिक सभासद, आसिफ डायरेक्टर, असलम नेता, सादिक त्यागी, मुरसलीन बक्शी,फुरकान अध्यक्ष आदि ने शोक जताया है

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र रवि कुमार व उसकी पत्नी श्रीमती मीनाक्षी मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गए हैं। इसलिए मैने इन दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**ब्रजमोहन पुत्र कन्हैया**
**निवासी- 143 खेडा**
**पट्टी सुजडू**
**थाना खालापार, मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा सबसे छोटा पुत्र शान मोहम्मद उसकी पत्नी शायरा मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं तथा दोनों के बीच आये दिन मन-मुटाव और लडाई झगडा चलता रहता हैं शुरू से ही शान मोहम्मद अपनी पत्नी के साथ अलग मकान में रहता है। जिससे तंग आकर मैने व परिवार ने सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व परिवार का इनसे किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है इनके किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मैं या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। शान मोहम्मद व शायरा स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**जरीफ अहमद पुत्र अल्लाराजी**
**निवासी- मदीना कालोनी सरवट**
**थाना सिविल लाईन**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# गन्ना आयुक्त ने किया कांवड़ शिविरों का शुभारंभ



मीरांपुर। जिले में कई चीनी मिलों द्वारा संचालित कांवड़ यात्रा सहायता शिविरों का शुभारंभ करते हुए उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर मण्डल ओ.पी. सिंह ने कहा कि कांवड़ शिविर लगाकर कावड़ लाने वाले कावड़ियो की सेवा भावना से सहायता करना चीनी मिलों का सराहनीय कार्य है।

उन्होंने गंग नहर के किनारे चीनी मिल रोहाना तथा चीनी मिल तितावी द्वारा लगाए गए शिविरों का शुभारंभ जिला गन्ना अधिकारी मुजफ्फरनगर संजय सिसोदिया तथा सम्बंधित चीनी मिलों के अधिकारियों के साथ किया। इस अवसर पर उप गन्ना आयुक्त ने कांवड़ शिविरों में की गई व्यवस्था भी देखी वहीं चीनी मिलों के अधिकारियों द्वारा इस अवसर पर बताया गया कि उनके चीनी मिल हर वर्ष यह शिविर लगाते हैं।

उप गन्ना आयुक्त ने कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद की चीनी मिलों द्वारा हर साल की भांति इस वर्ष भी यह शिविर लगाकर यहां चली आ रही इस अच्छी परंपरा को आगे चन बढ़ाया है जो की बहुत ही सराहनीय कार्य है। यह मानव सेवा भावना के उद्देश्य से किया जाने वाला बहुत ही नेक कार्य है। इसके पश्चात उप गन्ना आयुक्त ने जिला गन्ना अधिकारी ओर अन्य विभागीय तथा चीनी मिलों के अधिकारियों से जनपद में आगामी 20 जुलाई से 30 अगस्त तक चलने वाले गन्ना सर्वे सटा प्रदर्शन कार्यक्रम के बारे में की गई तैयारियों की जानकारी ली ओर निर्देश दिए कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत कार्य प्रारम्भ हो जाना चाहिए और सभी अधिकारी निरंतर निरीक्षण करते हुए किसानो के बीच पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागी बनेंगे।

# कौशल विकास योजना में गड़बड़झाले का मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना को लेकर गड़बड़झाला प्रकाश में आया है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तहत पंजीख्रत प्रशिक्षण भागीदार संस्था पर धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की गई है। संस्था के द्वारा 18 प्रशिक्षणार्थियों का फर्जी पंजीकरण दशाते हुए उनकी मासिक उपस्थित दर्ज की गई है। वहीं प्रशिक्षण संच. ालन के तहत निर्धारित फंड भी प्राप्त किया। जब संस्था ने निरीक्षण किया तो वहां पर एक भी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित नहीं मिला, जबकि उस दिन भी सभी प्रशिक्षण अभ्यर्थियों की संस्था ने बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज कराई थी।

न्यू मोती बाग नई दिल्ली स्थित एनएसडीसी कार्यालय के अधिख्रत प्रतिनिधि राज्य सहभागिता सहायक समन्वयक एमआर अभिमान सिवाच के द्वारा एसएसपी से शिकायत की गई है। उन्होंने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत संचालित प्रशिक्षण भागीदार संस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भोपा थाना क्षेत्र में स्थित जगदीश प्रसाद मेमोरियल सोसाइटी और उससे संब जेपीएस पब्लिक स्कूल पर फर्जी प्रशिक्षण दर्शाते हुए पात्र प्रशिक्षणार्थियों की फर्जी उपस्थिति दर्ज की गई है। बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के माध्यम से कौशल विकास योजना में प्रशिक्षण पाने वाले 18 अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की। जबकि पांच दिसम्बर 2024 में निगम की टीम द्वारा इस प्रशिक्षण केन्द्र पर संचालित प्रशिक्षण की जानकारी के लिए औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण केंद्र पूरी तरह से बंद पाया गया। कोई भी छात्र उपस्थित नहीं था। एनएसडीसी द्वारा योजनानुसार इस प्रशिक्षण भागीदार संस्था जेपीएस पब्लिक स्कूल मोरना को प्रशिक्षण संचालन के लिए फंड आवंटित किया गया था। लेकिन निरीक्षण में यह पाया गया कि आवंटित धन का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के विपरीत किया गया। 11 फरवरी 2025 को आरोपी संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। संस्था पर प्रशिक्षण के नाम पर फर्जी उपस्थिति दर्ज कर फंड हड़पने का आरोप है। एसएसपी के आदेश पर भोपा थाने में इस मामले में जेपीएस पब्लिक स्कूल और सोसाइटी चलाने वाले राजन गौड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### गगधाड़ी में किसान की दर्दनाक मौत

**खतौली।** गांव गंगधाड़ी में एक किसान की अपने ही पालतू भैंसे की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदयविदारक हादसा गुरुवार को उस वक्त हुआ, जब किसान बीरसिंह अपने घेर में भैंसे को नहला रहे थे।

अचानक भैंसा बिदक गया और उसने बीरसिंह पर जोरदार हमला कर दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बीरसिंह उछलकर पास के एक खंभे से जा टकराए। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजन तत्काल उन्हें इलाज के लिए एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बीरसिंह की मौत की खबर जैसे ही गांव में फैली, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

# कोतवाल व ईओ ने बनाया अस्थाई डिवाइडर

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र और बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने आज बृहस्पतिवार के दिन संयुक्त रूप से अपने नेतृत्व में बड़ौत मार्ग पर अस्थाई डिवाइडर लगवाकर आने जाने वाले कांवड़ियों को राहत देने का काम किया। बुढ़ाना नगर पंचायत ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए डिवाइडर लगाए। नगर पंचायत कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कांवड़ मार्ग पर डिवाइडर लगा रही है। इससे कांवड़ियों और अन्य वाहनों के बीच टकराव को रोकने में मदद मिलेगी और यात्रा अधिक सुरक्षित और सुगम होगी। नगर पंचायत बुढाना बांगर कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय कर रही है। इनमें से एक महत्वपूर्ण उपाय कांवड़ मार्ग पर डिवाइडर लगाना है। डिवाइडर लगाने से कांवड़ियों और अन्य वाहनों के बीच टकराव की संभावना कम होगी। जिससे दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। डिवाइडर कांवड़ियों को एक सुरक्षित और व्यवस्थित मार्ग प्रदान करेंगे। जिससे उन्हें चलने में आसानी होगी। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा प्रकाश व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा और अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। ये सब उपाय कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को किए गये हैं ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

# सांसद इकरा से एडीएम के दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सहारनपुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जिसमें कैराना से लोकसभा सांसद इकरा हसन चौधरी के साथ जिले के एडीएम कार्यालय में दुर्व्यवहार किया गया।

इस घटना की पूरे प्रदेश में राजनीतिक और सामाजिक हल्कों में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। बुढ़ाना के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने इस घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तीखी निंदा की है। उन्होंने इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ सांसद इकरा चौधरी का अपमान नहीं बल्कि पूरे लोकतंत्र और संविधान की आत्मा पर चोट है। जो महिला जनता के वोट से चुनकर संसद में बैठी है उसके साथ इस तरह का व्यवहार निंदनीय ही नही बल्कि असहनीय है। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता के सेवक हैं। जानकारी के अनुसार सांसद इकरा चौधरी छुटमलपुर नगर पंचायत की अध्यक्ष शमा परवीन के साथ 15 जुलाई को सहारनपुर कलेक्ट्रेट स्थित एडीएम संतोष बहादुर सिंह से मिलने गई थी। वे स्थानीय विकास कार्यों और जनता की समस्याओं को लेकर वार्ता करना चाहती थी हालांकि जब वे कार्यालय पहुंचीं तो एडीएम द्वारा उन्हें पहले लंच में होने का हवाला देकर मुलाकात से रोका गया और बाद में जब वे दोबारा दोपहर 3 बजे पहुंची तो उन्हें अपमानजनक शब्दों में बाहर निकलो बाहर जाओ कहकर कार्यालय से निकलने को मजबूर किया गया। कैराना सांसद ने इस घटना को लेकर उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव और मंडलायुक्त को लिखित शिकायत भेजी है और अधिकारियों से जवाबदेही तय करने की मांग की है। आज जब सरकारें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे नारे देती हैं तो क्या एक पढ़ी-लिखी सशक्त महिला सांसद को सार्वजनिक रूप से इस तरह अपमानित करना उन नारों की सच्चाई उजागर नहीं करता? आसिफ कुरैशी ने एडीएम संतोष बहादुर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग की है ओर कहा कि भविष्य में जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसा व्यवहार न हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाए।

**सूचना**

मेरे पुत्र मौ. दानिश (MOHD DANISH) का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है जन्म प्रमाण पत्र की संख्या-28/10-11-2009 में पिता का नाम इस्तखार व माता का नाम गुलिस्ता दर्ज है जो कि गलत है जन्म प्रमाण पत्र में अब पिता का नाम इस्तखार अली (ISTAKHAR ALI) व माता का नाम गुलिस्ता GULISTA है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**इस्तखार अली पुत्र**
**श्री एजाज अली**
**निवासी- म.न. 1118 सुजडू,**
**मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश**
**251003**

# गंग नहर पर कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन



**जानसठ।** गंग नहर पटरी पर टिकौला सुगर मिल लिमिटेड राम. राज के द्वारा लगाएं गए कावड़ शि. विर का उद्घाटन गन्ना आयुक्त सहारनपुर ने फीता काटकर किया।

गुरुवार को गंग नहर पटरी पर टिकौला शुगर मिल के द्वारा कांवड़ शिविर लगाया गया जिसका शुभारंभ सहारनपुर उप गन्ना आयुक्त ओम प्रकाश सिंह ने कावड़ शिविर का उद्घाटन फीता कटकर किया। इस दौरान हरिद्वार से आ रहे शिव भक्त श्रद्धालुओं को शिविर में रोकने व खानें पीने की विशेष व्यवस्था की गई है।गंग नहर पटरी पर प्रशासन के द्वारा लाइटे लगाई गई है। हालांकि अभी इस गंग नहर पटरी पर कांवड़ियों की संख्या कम है माना जा रहा है की पंचांग लगें होंने के कारण शिव भक्त श्रद्धालुओं ने हरिद्वार से गंगा जल नही उठाया है । गौरतलब रहे कि जो शिव भक्त श्रद्धालु गंग नहर पटरी से हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की लौट रहे हैं। उन्हें शिविर आयोजिक पर लगे कांवड़ शिविर में प्रसाद का वितरण व भोजन करा रहे हैं। इस दौरान मुख्य रूप से एसपी सिंह, संजय सिसोदिया, सोवीर सिंह, अविनाश सिंह,सुभाष यादव, अरविंद शर्मा,अनुपम सिंह, समाजसेवी संद. ेश आदि मौजूद रहे।

उधर दूसरी ओर गंग नहर पटरी पर काटका पुल के निकट कांवड़ शिविर लगाया गया है जो क्षेत्र के समाज सेवी विपिन कुमार , रीतू राज गुज़र, विकास मल्तानी, नवनीत कांबोज, संदीप सैनी, राहुल प्रजापति, दिनेश प्रजापति, अनिल चौधरी, अश्विनी अग्रवाल, रजनीश सैनी उर्फ मोनी ,आदि शिव भक्त श्रद्धालु जो हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की और श्रद्धा भाव के साथ बम बम भोले की जयकारों के साथ वहां से गुजर रहे है उन्हें रोक रोक कर समाजसेवी दूध जलेबी के अलावा उन्हें भोजन कर रहे हैं। इस दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा हेतु पुलिस बल गंगनहर पटरी पर तैनात है। लगातार गंग नहर पटरी पर पुलिस पेट्रोलिंग भी कर रही है। ताकि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपनन हो सके।

# एसडीएम ने कांवड़ मार्ग पर डयूटी परखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस व प्रशासन पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। इसी क्रम में आज पुनः ईमानदार व्यक्तिव की धनी, तेजतर्रार, मृदभाषी, शानदार अधिकारी एसडीएम बुढ़ाना मोनालिसा जौहरी द्वारा कांवड़ रुट का निरीक्षण करते हुए कावंड़ यात्रा के दौरान बनाये गये डडूटी प्वाईन्ट को चेक किया तथा डयूटी पर तैनात पुलिस व राजस्व कर्मियों को डयूटी सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम बुढ़ाना द्वारा कांवड़ डयूटी पर तैनात पुलिस व राजस्व कर्मियों को सतर्कतापूर्वक डयूटी करने, कांवड यात्रियों के साथ शालीनता से व्यवहार करने एंव उनकी हरसम्भव सहायता करने तथा डायवर्जन प्लान को कडाई से लागू कराते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने, कांवड मार्ग पर नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने, कांवडियों/श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने, यदि किसी श्रद्धालु के साथ कोई अप्रिय घटना होती है अथवा उनकी तबीयत खराब होती है तो तत्काल इसका संज्ञान लेकर अतिशीघ्र मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने तथा छोटी/बडी सूचना से तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराने सम्बन्धी आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Nayab Mian से बदलकर Nayab Khan रख लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए सही नाम Nayab Khan से ही जाना पहचाना पुकारा जाए।

**Nayab Khan S/o Gulam Rasool Khan, 133 Ansari Road Nazar Colony Muzaffarnagar**

"फॉर्म नं. आईएनसी-25क"
क्षेत्रीय निदेशक, कारपोरेट कार्य मंत्रालय के समक्ष उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 41 के मामले में
और
करण सिक्योरिटीज लिमिटेड
(CIN : U68100UP1995PLC018411)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : 84 साऊथ भोपा रोड, नई मंडी, मुजफ्फरनगर-251002 यू.पी. में स्थित है के मामले में,
...आवेदक

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी को ऐसे संपरिवर्तन का अधिकार देने के लिए तारीख सोमवार, 23 जून, 2025 को आयोजित विशेष आम अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प की शर्तों के अनुसार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में संपरिवर्तन करने की इच्छा रखने वाली कंपनी ने पूर्वोक्त नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अधीन केंद्र सरकार/क्षेत्रीय निदेशक को आवेदन किया है।
कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति के कारण यदि किसी व्यक्ति के हित पर प्रभाव पड़ने की संभावना है तो वह व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिन के भीतर निम्नलिखित पते पर आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को भेजी गई प्रति सहित किसी हलफनामे द्वारा अपनी आपत्ति भेज सकता है या किसी के माध्यम से भिजवा सकता है या पंजीकृत पोस्ट द्वारा भेज सकता है जिसमें संबंधित क्षेत्रीय निदेशक बी-2 विंग, दूसरा फ्लोर, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली-110003 का संपूर्ण पते का उल्लेख होना आवश्यक है को उसके हित और आपत्ति के आधार की प्रकृति का उल्लेख किया जाएगा।
कृते करण सिक्योरिटीज लिमिटेड
तारीख : 18.07.2025 हस्ता/-
स्थान : मुजफ्फरनगर नवनीत मित्तल
डीआईएन : 00512800
पंजीकृत कार्यालय : 84 साऊथ भोपा रोड, नई मंडी, मुजफ्फरनगर-251002 यू.पी.

**सूचना**

मेरे पुत्री मन्तशा राना MANTASHA RANA)का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-32/11-11-2009 में पुत्री का नाम मन्तशा अली पिता का नाम इस्तखार व माता का नाम गुलिस्ता प्रवीन दर्ज है जो कि गलत है। मेरी पुत्री के जन्मप्रमाण पत्र में अब पुत्री का नाम मन्तशा राना/MANTASHA RANA पिता का नाम इस्ताखार अली ISTAKHARALI व माता का नाम गुलिस्ता/ GULISTA है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**इस्तखार अली पुत्र**
**श्री एजाज अली**
**निवासी- म.न. 1118 सुजडू,**
**मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश**
**251003**

# सड़क हादसे में किशोर की मौत से छाया मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बाईक से जा रहे पिता-पुत्र गौ वंश की टककर से घायल हो गये। घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर रूप से घायल किशोर की मौत हो गयी। किशोर की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी 45 वर्षीय तसव्वुर अपने 14 वर्षीय पुत्र तसानीब को साथ लेकर बुधवार को मुज़फ्फरनगर चिकित्सक के पास उपचार रत तसानीब व स्वयं के लिए साधारण बीमारी की दवाई लेने के लिए जा रहा था।की जौली-मुज़फ्फरनगर मार्ग पर सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव धंधेड़ा



के पास सड़क किनारे खड़े गौवंश ने अचानक उनकी बाईक मे टककर मार दी। जिससे पिता पुत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गये। घायलों को मुज़फ्फरनगर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने तसानीब को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं तसव्वुर के भी गंभीर चोट आई हैं। तसानीब की मौत से परिवार मे मातम छा गया है। गुरुवार की सुबह सवेरे मृतक को सुपुर्द खाक किया गया।तसव्वुर के परिवार मे परिवार मे पत्नी शाईसता पुत्री आसमा, मुस्कान, बुशरा व पुत्र शोयब, अकदस का रोरोकर बुरा हाल है। मृतक तसानीब चौथे नंबर की संतान था। मृतक के परिवार को सांत्वना देने वालो का तांतां लगा हुआ है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया, कामिल नेता तेवडा, विनोद गुर्जर, विकास गौतम आदि ने गमज़दा परिवार को सांत्वना दी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में बुढ़ाना नंबर वन.....

# बुढ़ाना, 20 से 50 हजार तक आबादी वाली निकायों में सर्वश्रेष्ठ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 का परिणाम घोषित हुआ है। मुजफ्फरनगर जिले की नगर पंचायत बुढ़ाना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है।

स्वच्छता सर्वेक्षण में बुढ़ाना 20 से 50 हजार तक आबादी वाले निकायों में शामिल हुआ। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 नगर पंचायत बुढ़ाना ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है साथ ही प्रदेश में 98वां व देश में 258वां स्थान हासिल किया है। बुढ़ाना सर्वेक्षण में 50 हजार तक आबादी वाले निकायों में शामिल था जबकि वर्ष 2023 में देश में 2792 व प्रदेश में 553वां स्थान था। कस्बे के बाजारों में सफाई के लिए नगर पंचायत बुढ़ाना को शत प्रतिशत अंक मिले हैं जबकि रिहायशी क्षेत्र में सफाई लिए 83 प्रतिशत अंक बुढ़ाना को मिले हैं। अपशिष्ट उत्पादन व प्रसंस्करण में प्रदर्शन 95 प्रतिशत रहा। सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई में 75 प्रतिशत अंक नगर पंचायत बुढ़ाना को मिले हैं। नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण मानकों पर खरा उतरने लिए पूरे मनोयोग से नगर पंचायत ने काम किया है साथ ही इस उपलब्धि में कस्बे के सब लोगों का भी अहम योगदान है और इसी का नतीजा है कि जिले में बुढ़ाना का प्रथम स्थान आया है। आगे और बेहतर काम करेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन व सेवा वितरण का मूल्यांकन किया गया। जो कमियां रही उन्हें दूर करने के लिए काम करेंगे। नगर पंचायत के कर्मचारियों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई। नगर पंचायत बुढ़ाना के ईओ आलोक रंजन ने बताया कि सर्वेक्षण के विभिन्न मानकों में कस्बे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। जिले में बुढ़ाना नगर पंचायत नंबर 1 है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांवड़ मार्ग पर चल रहे वाहन को किया सीज

**बुढ़ाना।** कांवड़ यात्रा को निर्विन, दुर्घटनामुक्त एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बुढाना पुलिस पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। इसी क्रम में आज बृहस्पतिवार को दिन निकलने से पहले ही किसी समय अर्धरात्रि मे जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के निकट पर्यवेक्षण में बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह एवं बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के कुशल नेतृत्व में बुढाना पुलिस द्वारा यातायात नियमों के विरुद्ध एवं कांवड़ मार्ग पर कांवड़ यात्रियों की लेन में चल रहे 01 वाहन वैगन आर गाड़ी पर विधिक कार्यवाही करते हुए गाड़ी को सीज किया गया है। वैगन आर कार संख्या नम्बर एचआर 79 सी 8873 है।

### कार ने बाइक में टक्कर मारी, दो घायल

**छपार।** बरला - देवबंद मार्ग पर एक कार ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। राहगीरों ने दोनों को चिकित्सालय भिजवाया। चालक कार सहित फरार हो गया। गांव बरला निवासी राशिद अंसारी व कय्यूम अंसारी बृहस्पतिवार को बाइक से सुबह किसी काम से थाना देवबंद क्षेत्र के गांव थितकी जा रहे थे जब वे गांव कुतुबपुर के निकट पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही कार ने टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार घायल हो गये। घायलों को राहगीरों ने उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया।

### तैराकी ट्रायल में मंडल के लिए चुने गए खिलाड़ी

**मुजफ्फरनगर।** चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडल स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ियों का ट्रायल आयोजित किया गया।इसमें सब जूनियर बालक बालिका ने प्रतिभाग किया बालक-बालिका वर्ग के 50 मीटर फी स्टाइल में जीडी गोयनका स्कूल से मोहम्मद इब्राहिम, अंश, एमजी वर्ल्ड विजन से अनन्या, जीडी गोयनका से आराध्या व मायरा का चयन हुआ है। वंही बॉक्सिंग ट्रायल में वंश कश्यप, शिवा यादव, यश व शिवांश का चयन हुआ।

### जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

**रामराज।** थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी एक किसान ने खेत में घुसकर फसल नष्ट करने, गाली-गलौच करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित किसान मेजर सिंह पुत्र सेवा सिंह ने इस बाबत थाना रामराज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

किसान मेजर सिंह का आरोप है कि 16 जुलाई की शाम लगभग 7 बजे साहब सिंह पुत्र धर्म सिंह व रवि निवासीगण पलड़ी खुर्द, सोनीपत हरियाणा व एक एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर उसकी खेत में लगी तारबंदी को तोड़ दिया और ट्रैक्टर से खेत में खड़ी धान की फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। किसान ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचा और उन्हें फसल नष्ट करने से रोका तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बारिश के बीच महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**मुजफ्फरनगर।** शहर के रामलीला टिल्ला पर बृहस्पतिवार से श्रीशिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। इससे पहले शनिधाम मंदिर से बैंड-बाजे के साथ 108 सुहागिन महिलाओं द्वारा बारिश की रिमझिम बूंदों के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली। सभी कलश कथास्थल पर विराजमान किए गए। कथा के प्रथम दिवस कथाव्यास ने श्रीशिव महापुराण के महात्म्य का वर्णन किया। रामलीला टिल्ला पर शुरू हुई श्रीशिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस बृहस्पतिवार सुबह शनिधाम से 108 भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे के साथ निकली यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रामलीला टिल्ला पहुंचकर संपन्न हुई, जहां सभी कलश कथास्थल पर विराजमान किए गए।इसके बाद भगवान शिव की नगरी काशी से पधारे कथाव्यास गंगोत्री तिवारी मृदुलजी महाराज ने श्रीशिव महापुराण के महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि श्रावण मास में श्रीशिवपुराण कथा का श्रवण करने से अनंत फलों की प्राप्ति होती है। भगवान भोलेनाथ को श्रावण मास अति प्रिय है और वें शिवमहापुराण का श्रवण करने वाले भक्त की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण कर देते हैं। कथा के पहले दिन मांगेराम कश्यप व राजाराम शर्मा ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया। पंकज गर्ग, नीरज गर्ग, सचिन सैन, राजेंद्र हलवाई, रविन्द्र सैनी, रामबीर, श्याम सिंह, मनोज कश्यप, विकास कश्यप, रमेशचंद गुप्ता, डॉ ललित शर्मा, उर्मिला, सविता सेन, आरती सेन, मंजू चौधरी और सुमित्रा चौधरी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पटाखा साइलेन्सर बनाने वाला आरोपी पकड़ा

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पटाखों वाला साइलेंसर बनाकर बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नई मंडी पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर पटाखा छोडने वाले साइलेन्सर बनाकर बेचने वाले की वीडियो वायरल हो रही थी। जहां पुलिस ने इस मामले में हनि को गिरफ्तार कर बारह मोडिफाई पटाखा छोडने वाले साईलेन्सर बरामद किए है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पर शांतिभंग की आशंका देखते हुए कार्यवाही की गई है।

### एसडीएम ने खतौली मोड़ पर कांवड़ यात्रा का लिया जायजा

**बुढ़ाना।** एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बृहस्पतिवार की शाम बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के खतौली तिराहे पर पहुंचकर कांवड़ यात्रा का जायजा लिया और अलीपुर अटेरना और भसाना के ग्रामीणों द्वारा लगाए गये अलग अलग कांवड़ शि. विरों में पहुंचकर वहां की व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस समय पुलिस और प्रशासन कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

### मुरसलीन बने भाकियू( अ ) के मंडलाध्यक्ष



**छपार।** किसान सेना अराजनैतिक में मोहम्मद मुरसलीन को मिली बड़ी जिम्मेदारी मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया। किसान सेना अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीत पवार के आदेशानुसार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इसरार त्यागी ने मोहम्मद मुरसलीन को सहारनपुर मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया।

# कांवड़ यात्रा व्यवस्था में वॉलिंटियर्स की लापरवाही उजागर

## कांवड़ व्यवस्था में अनुपस्थिति रहने से उठ रहे तरह-तरह के सवाल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास में चल रही पवित्र कांवड़ यात्रा को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने कस्बे के 120 युवाओं को वॉलिंटियर नियुक्त किया था। इन वॉलिंटियर्स को पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए यातायात नियंत्रण, जल सेवा, प्राथमिक चिकित्सा व शिवभक्तों को मार्गदर्शन देने जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी थी। लेकिन यात्रा के चरम पर होने के बावजूद वॉलिंटियर्स की अनुपस्थिति ने व्यवस्थाओं को सवालों के घेरे में ला दिया है।

**कांवड़ सेवा से नहीं हो खिलवाड़**

कांवड़ यात्रा शिवभक्तों की आस्था का महापर्व है, जहां सेवा सबसे बड़ा धर्म माना जाता है। ऐसे में यदि वॉलिंटियर्स जैसे पद को सिर्फ एक 'प्रशासनिक पहचान' या 'गौरव' के रूप में लिया जाएगा और जिम्मेदारी को नजरअंदाज किया जाएगा, तो यह सेवा भावना के साथ खिलवाड़ है। प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल प्रभाव से निष्क्रिय वॉलिंटियर्स को हटाकर इच्छुक व सक्रिय युवाओं को पुन: तैनात करे, ताकि कांवड़ यात्रा व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके।

**तीन दिन बीत गए, मगर अधिकांश वॉलिंटियर्स लापता**

सूत्रों के अनुसार वॉलिंटियर बनाए गए 120 युवाओं में से मात्र आधा दर्जन ही मैदान में नजर आ रहे हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि गंगनहर जैसे संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थान पर आज तक एक भी वॉलिंटियर तैनाती के बावजूद नजर नहीं आया। स्थानीय पुलिस व यातायात व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों पर आ टिकी है।

**क्या कहते हैं अधिकारी?**

इस विषय में पूछे जाने पर संबंधित पुलिस अधिकारी ने बताया, वॉलिंटियर्स की तैनाती की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाई गई थी, लेकिन कुछ लोग केवल दिखावा कर जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। सूची तैयार कर रहे हैं और संबंधितों को नोटिस भेजा जाएगा।

**प्रशासन को भ्रम में रख रहे कुछ युवा**

स्थानीय लोगों और कांवड़ सेवा में लगे अधिकारियों का कहना है कि कुछ युवाओं ने केवल वॉलिंटियर की पहचान स्वरूप दी गई टी-शर्ट लेकर अपने घरों में रख ली है और अब उसका दुरुपयोग निजी कार्यों में कर रहे हैं। इससे न केवल प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि वास्तविक सेवा भाव रखने वाले युवाओं का मनोबल भी गिर रहा है।

**निदेशक मंडल व पुलिस अधीक्षक से जांच की मांग**

कई सामाजिक संगठनों और सेवा समितियों ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन से इस पूरे प्रकरण की जांच कराने और लापरवाह वॉलिंटियर्स की सूची सार्वजनिक करने की मांग की है।

### महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के इंतेजाम बढ़े

**मुजफ्फरनगर।** जिला प्रशासन ने कांवडियों की सुरक्षा मद्देनजर कांवड मार्ग पर 22 हजार सुरक्षा कर्मी तैनात किए है। इनमें पीएसी, होम गार्ड और एटीएस के जवान शामिल है इसके अलावा कांवड मार्ग पर गंगाजल लेकर महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण अफसरों ने सुरक्षा के विशेष इंतेजाम किए है। यहां ड्रोन कैमरे, डॉग स्क्वायड टीम के साथ-साथ महिला सुरक्षाकर्मी भी बढ़ाए गए है।

# फरार विवाहिता को परिजनों ने खोज निकाला

**बुढ़ाना।** अपने प्रेमी संग फरार हुई करीब 06 महीने की ब्याहता को उसके परिजनों ने 24 घंटे से पूर्व ही एक अज्ञात स्थान से खोज निकाला।

पति को अपनी पत्नि को अपने पास रखने की चाहत है लेकिन युवक के परिजन विवाहिता को रखने को बिलकुल भी तैय्यार नही हैं। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के एक मौहल्ले के एक युवक की शादी इसी वर्ष अन्य समीपवर्ती एक जनपद के किसी कस्बे में हुई थी। बीती बुधवार की सायं विवाहिता ने अपने प्रेमी को फोन करके अपनी ससुराल के पास बुला लिया और ससुराल में रखे सभी गहने और कुछ नगदी लेकर प्रेमी और उसके एक अन्य साथी के संग फुर्र हो गयी। पता चलने पर ससुरालियों के पैरों के तले की जमीन सी खिसक गयी और उन्होंने फोन कर विवाहिता की इस काली करतूत को उसके परिजनों को बताया तो उसी समय परिजन अपनी पुत्री की तलाश में लग गये। खबर है कि परिजनों ने अपनी पुत्री को आज बृहस्पतिवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में किसी अज्ञात स्थान से बरामद कर लिया और अपने घर ले गए। अब बेचारा पति तो अपनी पत्नि को रखने को तैयार हैं लेकिन युवक के परिजन इसके लिए तै"यार नहीं हैं क्योंकि विवा. हता ऐसी हरकत फिर करेगी ऐसा उनको पूरा अंदेशा है।

# तीन सर्वोत्तम छात्रा लायंस क्लब ओलंपियाड दिल्ली ने की सम्मानित

**बुढ़ाना।** लायंस ओलंपियाड दिल्ली द्वारा सनराईज पब्लिक जूनियर हाईस्कूल बुढ़ाना के 3 होनहार छात्र छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सनराईज पब्लिक जूनियर हाई स्कूल बुढ़ाना के प्रधानाचार्य विनीत कुमार ने विद्यालय के 3 मेधावी छात्र छात्राओं सृष्टि, वेदांश प्रताप और उर्वशी को लायंस ओलंपियाड द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। ये विद्यार्थी अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कर्ष प्रदर्शन के बल पर आज सम्मानित हुए हैं। इनकी इस उपलब्धि में न केवल उनकी स्वयं की मेहनत बल्कि उनके माता-पिता का अटूट समर्थन और शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन भी मिलता शामिल है। परिवार और शिक्षक दोनों ही एक मजबूत स्तंभ की तरह छात्रों को



आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि लायंस ओलंपियाड द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिताओं और सम्मान समारोह का आयोजन एक अत्यंत सराहनीय पहल है।

यह न केवल छात्रों की प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहित करने का कार्य करता है बल्कि उनमें शिक्षा के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी विकसित करता है। ऐसे मंच से विद्यार्थियों को न केवल अपनी शैक्षिक योग्यता का आंकलन करने का अवसर मिलता है बल्कि वे वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए भी तैयार होते हैं। विद्यालय भवन में आयोजित इस विशेष सम्मान समारोह में विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता शिक्षकों और अपने विद्यालय को दिया और कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

जहां सभी उपस्थित लोगों ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल संरक्षक राकेश गर्ग, अध्यक्ष सुशील गर्ग, प्रबंधक निशांत गर्ग, मनीष गर्ग, प्रधानाचार्य विनीत कुमार, निशांत चौधरी, योगेश त्यागी, संजीव बंसल, अनिता सैनी, आकांक्षा और अनुज गोडीयाल आदि उपस्थित रहे।

# वृद्धा ने दबंगों पर लगाया भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक वृद्धा ने एसडीएम बुढ़ाना मोनालिसा जौहरी के दरबार में पहुंचकर न्याय की मांग की है। वृद्धा ने एसडीएम को दिए एक शिकायती पत्र मे आरोप लगाया है कि कुछ दबंग लोग उसकी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करते हुए अपना मकान बनाने को आतुर हैं। एसडीएम बुढ़ाना ने बीरमती को जांच करने के बाद दबंगों के विरुद्ध कडी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आज बृहस्पतिवार के दिन एक वृद्धा महिला बीरमती पत्नी समन्दरा निवासी बड़कता रोड बुढ़ाना ने एसडीएम को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया की उसकी भूमि का पुराना खसरा नंबर 2602 व 2603 है। अब नया खसरा नंबर 3282 और रकबा 0.1286 हैक्टेयर है जो कि बांगर उत्तरी बुढ़ाना में



स्थित है। जिसका वाद अभी तक भी माननीय सिविल कोर्ट मुजफ्फरनगर मे विचाराधीन है परन्तु उसकी अपनी भूमि में एक दर्जन से भी अधिक दबंग व्यक्ति अपनी दबंगई दिखाकर जबरदस्ती उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करते हुए अपना मकान बनाना चाहते हैं। उसके कई बार इस बात का विरोध भी किया लेकिन वे उसके साथ गाली गलौच व धक्का-मुक्की करते हैं। पुलिस भी कई बार मौके पर जा चुकी है लेकिन दबंग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। दबंग कभी भी उसके साथ कोई भी घटना अंजाम दे सकते हैं। वह दबंगों से काफी डरी हुई है। पीड़िता वृद्धा महिला बीरमति ने एसडीएम से दबंगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# मल्लुह वाला फायरिंग प्रकरण का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चरथावल।** मल्लुहवाला कब्रिस्तान पर फायरिंग प्रकरण के मुख्य आरोपी शहंशाह को चरथावल पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं।गत रविवार देर शाम फायरिंग कर चरथावल के मल्लुहवाला कब्रिस्तान में रील बनाने को लेकर हुए दो गुटों के विवाद में आरोपी युवक कई युवकों के साथ मिलकर अवैध हथियारों से दर्जनों राउंड फायरिंग करते हुए कैमरे में कैद हो गया था। चरथावल के मल्लुहवाला कब्रिस्तान में रविवार देर शाम हुए फायरिंग प्रकरण में चरथावल पुलिस ने शहंशाह पुत्र सूदा निवासी ग्राम हैबतपुर को निर्धना हकीमपूरा मार्ग से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं।चरथावल के मोहल्ला चौहटा निवासी सुहेल ने तहरीर देते हुए शहंशाह सहित कई लोगों पर जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

चरथावल पुलिस ने दिनदहाड़े कई राउंड फायरिंग करने के मामले में सीसीटीवी के आधार पर जांच करते हुए शहंशाह सहित कई लोगों को इस मामले में वांछित किया था। चरथावल थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह का कहना है कि चरथावल के कब्रिस्तान में फायरिंग करते कई लोग सीसीटीवी कैमरा में कैद हुए थे। जिसमें मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई थी एक आरोपी को गुरुवार को जेल भेज दिया गया वहीं अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है।

# कैंप में आई 47 शिकायतों में 16 का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे के बिजली उपभोक्ताओं की विघभिन्न समस्याओं के लिए पहले दिन बुढाना कस्बे के पुराना विद्युत उप केंद्र पर एक मेगा कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस संबंध में विद्युत निगम बुढ़ाना के एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने बताया कि आज के कैंप में कुल 47 घशिकायतें ही आई। जिनमें से 28 घशिकायतें बिल संशोधन, 15 घशिकायतें मीटर खराब होने, 02 घशिकायतें भार बढवाने की तथा अन्य 02 घशिकायत आई। उन्होंने बताया कि कुल 16 घशिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बाकी घशिकायतों का एक सप्ताह में निस्तारण कर दिया जाएगा।



उन्होंने बताया कि कस्बे और देहात के 160 उपभोक्ताओं ने कैंप में अपने बिजली के बिल जमा करवाए हैं। जिससे विभाग ने साढे 07 लाख रूपये का राजस्व एकत्र किया है। एक्सईएन ने बताया कि शुक्रवार के दिन उप केंद्र जौला में इसी तरह के एक कैंप का आयोजन होगा। आगामी 19 जुलाई को अंतिम दिन उपकेंद्र शाहपुर में कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कैंप में भीड़ देखने को मिली। जिनमें से कुछेक उपभोक्ता तो बैरंग लौटते नजर आए। उधर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता भी कैंप में कुछ पीड़ितों को लेकर पहुंचे और उनकी समस्याओं का निस्तारण हाथों हाथ कराया।

# बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर किया गया बखान

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा संचालित शोध पत्र लेखन एवं प्रकाशन विषय पर एक सप्ताह तक चलने वाले फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ चेयरमैन श्री राम ग्रुप आफ कॉलेजेज, डॉ एस. एन. चौहान निदेशक श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, डॉ सौरभ मित्तल उप प्राचार्य श्री राम कॉलेज, निशांत राठी, डीन कंप्यूटर एप्लिकेशन संकाय, डॉ आरपी सिंह निदेशक रिर्सच एसआरजीसी, डॉ. गिरेन्द्र गौतम निद. ेशक श्री राम कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, डा अश्वनी, प्राचार्य श्रीराम पालिटैक्निक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तदउपरांत मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के चेयरमैन व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को गुलदस्ता भेंट कर श्री राम कॉलेज में उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. आर.पी.सिंह ने सभी को शोध के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी तथा सात दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के पहले दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डॉ वीरपाल सिंह ने बौद्धिक संपदा अधिकार पर पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि आईपीआर क्या है? और उसके महत्व एवं प्रकारों के बारे में बताया उन्होंने ट्रेडमार्क, पेटेंट, कॉपीराइट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पेटेंट लेना कितना महत्वपूर्ण है यह हमारे ब्ट को कितना मजबूत बना सकता है किस तरह पेटेंट कराया जा सकता है भौगोलिक संकेत के बारे में बताया कि इस व्यक्तिगत तौर पर नहीं लिया जा सकता उन्होंने ट्रेडमार्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी की ट्रेडमार्क कितने प्रकार के होते हैं और विभिन्न उदाहरण के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां दी।इसी कड़ी में कार्यक्रम के दूसरे दिन के मुख्य वक्ता डॉ अशोक कुमार निदेशक श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर रहे, इंट्रोडक्शन ऑफ रिसर्च के बारे में सभागार में उपस्थित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को किसी भी क्षेत्र में की जाने वाली रिसर्च का विस्तार पूर्वक परिचय दिया।

कार्यक्रम के तीसरे दिन के मुख्य वक्ता डा निशांत राठी, डीन कम्प्यूटर एप्लीकेशन, श्रीराम कॉलेज का विषय रहा सिलेक्शन ऑफ रिसर्च, चौथे दिन डॉ एस एन चौहान निदेशक श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने स्ट्रक्चर ऑफ रिसर्च पेपर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, वहीं पांचवे दिन डॉ सौरभ मित्तल उप प्राचार्य श्री राम कॉलेज, ने टेस्टिंग ऑफ हाइपोथेसिस तथा डॉ आर पी सिंह ने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट एवं डॉ गिरेन्द्र गौतम निद. ेशक श्री राम कॉलेज फॉर्मेसी ने पब्लिकेशन एंड एथिकल प्रैक्टिसेज पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ चेयरमैन श्री राम ग्रुप आफ कालेजेज ने सभागार में उपस्थित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1995 से अब तक रिसर्च के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव आया है। पहले रिसर्च पुस्तकालय, किताबों और मैनुअल डेटा पर निर्भर थी। इंटरनेट की शुरुआत और कंप्यूटर ने शोध को आसान बनाया। 2010 के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म, क्लाउड स्टोरेज और मोबाइल टेक्नोलॉजी ने रिसर्च की गति बढ़ाई। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ।प्, मशीन लर्निंग और बिग डेटा जैसे टूल्स रिसर्च को तेज, सटीक और व्यापक बना रहे हैं। बेंजळच्ज् जैसे टूल विचार निर्माण, लेखन और विश्लेषण में मदद करते हैं। टेक्नोलॉजी ने रिसर्च को अधिक सुलभ, सहयोगात्मक और प्रभावशाली बना दिया है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम होते रहे ऐसी आशा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन अनिका प्रवक्ता वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ एम. एस. खान रहे। इस 8 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का 8 जुलाई 2025 मंगलवार को उद्घाटन समारोह का समापन हुआ जिसमें निशांत राठी, डा अश्वनी, डा विनीत कुमार शर्मा, डॉ मनोज धीमान, डॉश्वेता राठी रहे।

# मीरापुर में सुनील भराला व विनीत शारदा का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** पूर्व राज्यमंत्री पंडित सुनील भराला एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा का भव्य अभिनंदन हुआ।

यह स्वागत वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार पंडित दीपक कृष्णात्रेय के आवास पर किया गया, जहां क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दोनों नेताओं का फूलमालाओं व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान भराला ने पंडित दीपक कृष्णात्रेय के पुत्र विवस्वान कृष्णात्रेय को आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम की शुरुआत में पंडित दीपक कृष्णात्रेय एवं पहलवान अंकुर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए भगवान श्रीराम का चित्र भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री पंडित सुनील भराला ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश ने विकास व सुशासन की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार और गुंडाराज के खात्मे से आमजन को राहत मिली है। भराला ने कार्यक्रम के दौरान पंडित दीपक कृष्णात्रेय के पुत्र विवस्वान कृष्णात्रेय को आशीर्वाद भी प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। विनीत अग्रवाल शारदा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ने हमेशा आम जनता की भलाई के लिए काम किया है। गरीबों को मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, आयुष्मान योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से जनता को सीधे लाभ पहुंचाया गया है। उपस्थित जनों में मीडिया सेंटर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं महासचिव आफताब आलम, भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर, डॉ. प्रवीण शर्मा, विकास कौशिक उर्फ मंटू, कृष्ण मोहन शर्मा, रामावतार शर्मा, संजय शर्मा, जोनी दीवान, सुरेंद्र शर्मा, मयंक शर्मा, विपिन प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला सफाईकर्मियों का ईओ व लिपिक के खिलाफ प्रदर्शन



## अभद्रता करने व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का लगाया आरोप, सफाई व्यवस्था ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को सफाई कर्मियों ने महिला सफाईकर्मी से ईओ पर अभद्रता करने व जातिसू. चक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए सवेरे साफ सफाई व्यवस्था ठप्प कर दी। इस दौरान उन्होने कोतवाली में हंगामा करते हुए ईओ व लिपिक लक्ष्णम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

गुरूवार को दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने शामली कोतवाली पहुंचकर सभासद अनिल उपाध्याय व सभासद निशिकांत संगल, व यूनियन के अध्यक्ष अमित तेश्वर, अध्यक्ष प्रवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस को तहरीर सौंपी। इस दौरान उन्होने हंगामा करते हुए कहा कि कमलेश पत्नी रामस्वरूप नगर पालिका परिषद शामली में संविदा सफाई कर्मचारी के पद पद कार्यरत है। जिनकी डड्यूटी कावड़ मार्ग पर फव्वारा चौक से विजय चौक तक है। कावड मार्ग पर कमलेश अपने पुत्र के साथ कार्य कर रही थी। आरोप है कि तभी ईओ विनोद कुमार सोलंकी व लिपिक लक्ष्मण सिंह भ्रमण करते हुए पहुंचे और नाली में कूडा डालने का आरोप लगाते हुए दोनों के साथ गाली गलौच व जातिसूचक शब्दो का प्रयोग किया। साथ ही मारने की कौशिश की गई। उन्होने ईओ व लिपिक पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। इस दौरान कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने हंगामा कर रहे सफाई कर्मचारियों को समझा बुझाकर शांत किया। इसके बाद सभी सफाईकर्मी ईओ कार्यालय पहुंचे, जहां भी उन्होने जमकर हंगामा किया। इस दौरान ईओ द्वारा काफी मांगे जाने पर सफाईकर्मी शांत हुए और वापस कार्य पर लौट गए। ईओ वीके सोलंकी ने बताया कि कांवड मार्ग पर सफाई के दौरान सडक का कूडा सफाईकर्मी द्वारा नालियों में फेंका जा रहा था, जिसको लेकर नाराजगी जाहिर की गई थी। महिलाओं का सम्मान करते है लेकिन झूठा आरोप लगाते हुए विरोध किया गया।



शामली। अपनी दादी को पालकी में बैठाकर ले जाते हुए।



शामली। दंडवत कांवड़ लेकर जाता शिवभक्त।



शामली। कांवड़ियों के लिए चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए।

# दादी को पालकी में बैठाकर आगे बढ़ रहे शिवभक्त

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** कलयुग में जब परिवा. रिक मूल्यों और रिश्तों की अहमियत अक्सर सवालों के घेरे में होती है, ऐसे में गोहाना द्धहरियाणाक्ष निवासी चार पोतों ने अपने कर्तव्य और श्रद्धा का ऐसा उदाहरण पेश किया है जिसे देख हर कोई भावविभोर हो उठा।

हरियाणा के गोहाना निवासी नरेश, राहुल पुत्रगण भगवती व नरेश व राजेश पुत्रगण नाथूराम चारों पोते अपनी 90 वर्षीय दादी कमला देवी को गंगा स्नान कराने हरिद्वार ले गए और अब उन्हें पालकी में बैठाकर वापस ला रहे हैं। गुरूवार को चारों पोते अपने दादी को पालकी में बैठाकर शामली पहुंचे। यह दृश्य जैसे ही कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की नजर में आया, लोगों ने उनकी भक्ति और सेवा भावना को सलाम किया। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने उनका फूलों से स्वागत किया। उन्होने बताया कि यह परंपरा उनके परिवार में पहले से चली आ रही है। उनके पिता ने भी अपनी दादी को हरिद्वार ले जाकर गंगा स्नान कराया था। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अब उन्होंने भी अपने जीवन की अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी दादी को गंगा स्नान कराया है। अब वे गंगाजल लेकर दादी को पालकी में बैठाकर अपने स्थानीय शिवालयों की ओर रवाना हैं। यह .श्य इस बात की मिसाल है कि धर्म, सेवा और रिश्तों की डोर आज भी जीवित है।

**शामली।** भक्ति की कोई सीमा नहीं होती, न शरीर की, न उम्र की और न ही व्यवसाय की। कुछ ऐसा ही उदाहरण पेश किया हरियाणा के पानीपत निवासी 38 वर्षीय अशोक ने, जो पेशे से कुम्हार हैं। वे हरिद्वार से दंडवत कांवड़ लेकर निकल चुके हैं और शामली होते हुए अपने शिवालय की ओर बढ़ रहे हैं। अशोक ने बताया कि यह उनकी 19वीं कांवड़ यात्रा है, लेकिन इस बार वे पहली बार दंडवत कांवड़ लेकर आए हैं। हर कुछ कदम पर पृथ्वी को प्रणाम करते हुए आगे बढ़ना, शरीर के लिए कठिन जरूर है, लेकिन उनका मन केवल भोलेनाथ की भक्ति में डूबा हुआ है। अशोक ने बताया कि उन्होंने इस कठिन तपस्या के माध्यम से भगवान शिव से अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की है। उनका कहना है कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि का मार्ग है।



शामली। कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ करते चेयरपर्सन।



**शामली।** सावन मास में हर कोई भगवान शिव की भक्ति में मग्न है। सडकों पर भगवान शिव के भक्त कांवडिया सैकडों मील का सफर तय कर अपने शिवालयों की ओर बढ रहे है। शहर में अनेकों स्थानों पर लगे कांवड सेवा शिविरों में गुरूवार को समाजसेवी लोगों ने पहुंचकर कांवडियों की सेवा कर धर्मलाभ उठाया।

गुरूवार को शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के कांवड सेवा शिविर में पहुंचे समा. जसेवी लोगों ने कांवडियों की सेवा की। कांवड शिविर में मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने भगवान शिव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होने समाजसेवी कुशांक चौहान के साथ मिलकर कांवडियों को भोजन कराया और सुरक्षा व्यावस्था परखी। अलका चौहान, रेखा, चौहान, डा। जनेश्वर चौहान, ने व चिकित्सकों की टीम डा। राजीव, डा। अक्षय, डा। नदीम, डा। राजाराम, डा। गुंजन, डा। शबनम, डा। सोनम, डा। सावेज आदि ने मिलकर शिवभक्त कांवडियों की सेवा की।

मौके पर विपिन, अजय, राजा, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। कांवडियों के लिए दूध, फल, भोजन, विश्राम, स्नान आदि की व्यावस्था की गई थी। इसके अलावा शहर के कैराना रोड स्थित गुलजारी वाला शिव मंदिर के कांवड सेवा शिविर में सैकडों की संख्या में शिवभक्त कांवडिया पहुंचे। कांवडियों को भोजन कराया गया तथा उनके विश्राम की व्यावस्था की गई थी। शहर के मंदिर हनुमान धाम पर कांवडियों के लिए लगे शिविरों में अनेकों प्रकार की व्यावस्था की गई है। इस अवसर पर प्रधान सलिल द्विवेदी, अनुराग शर्मा, पुनीत द्विवेदी, राजकुमार मित्तल, मुकेश मैनेजर, उत्तम नामदेव, संदीप नामदेव आदि मौजूद रहे।

**शामली।** हरिद्वार से गत 11 जुलाई से सावन मास के शुरूआत के साथ ही हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले कांवडियों की संख्या लगातार बढती जा रही है। गुरूवार को शामली शहर से हजारों कांवडिया होकर गुजरे। कंधे पर रंग बिरंगी कांवड लेकर शिवभक्तों के आने का सिलसिला रात-दिन जारी रहा। हर हर महादेव व शिव शंकर की जय के जयघोष के साथ शिवभक्त अपने अपने गणत्वयों की ओर बढते जा रहे है।

सैकडों मील पैदल यात्रा करने के बावजूद भी शिवभक्तों को थकान महसूस नही हो रही है। भोले की भक्ति में मस्त कांवडियों अपने शिवालयों की ओर बढ रहे है। शिवभक्तों की सेवा के लिए शहर के अनेकों स्थानों पर कांवड सेवा शिविर लगाए गए है। जहां शिवभक्तों की सेवा में सैकडों समाजसेवी जुटे हुए है। कांवड सेवा शिविरों में भोजन, फलाहार, नहाने, बैठने और आराम करने की उचित व्यवस्था की गई है। कांवड सेवा शिविरों में कांवडियों के लिए मेडिकल चेकअप व पैरों की मालिश करने की मशीने भी लगाई गई है। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन भी मुस्तैद हो गया। पूरा शहर शिवमय हो गया है। हर तरफ बम-बम भोले व हर हर महादेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है।

**शामली।** शहर के एमएसके रोड पर तीसरे देव हॉस्पिटल कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ हो गया। कांवड सेवा शिविर में कांवडियों की सेवा के लिए चिकित्सकों की टीम भी लगी रही। जहां पहुंचे सैकडों कांवडियों ने पहुंचकर भोजन और विश्राम किया।

शहर के एमएसके रोड पर तीसरे देव हॉस्पिटल कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता हरबीर मलिक, पवन तरार व नरदेव मलिक ने फीता काटकर किया। नरदेव मलिक ने बताया कि कांवड़ सेवा शिविर में कावंड़ियों के लिए भोजन, विश्राम, मेडिकल, स्नान आदि की पूर्ण व्यवस्था की गई है। इसके अलावा हॉस्पिटल की ओर से डा। रिहान जैदी, डा। तुषार लगातार मेडिकल कैंप के माध्यम से कांविडयों को उपचार भी दिया। इस अवसर पर आर्यन चौधरी, अनुज सैनी, मोहित कुमार, गोल्डी, आदि मौजूद रहे।

**शामली।** सर्व समाज ककल्याण समिति एवं नामदेव युवा जनकल्याण समिति के द्वारा शामली तहसील के निकट हनुमान मंदिर प्रांगण में विशाल कांवड़ सेवा शिविर शुभारंभ किया गया।

कावड़ सेवा शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने हवन में आहुति डालकर एवं फीता काटकर किया। पंडित विपिन भारद्वाज ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन संपन्न कराय। शिविर के संयोजक रजनीश नामदेव ने बताया की कांवड़ सेवा शिविर में कावंड़ियों के लिए भोजन, विश्राम, मेडिकल, स्नान आदि की पूर्ण व्यवस्था की गई है।

कावड़ सेवा शिविर 22 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर हरबीर मलिक, यशपाल पंवार, रजनीश नामदेव, गिरधारी लाल नारंग, सत्यप्रकाश अग्रवाल, डॉ। पवन नामदेव, उत्तम नामदेव, रामकिशन नामदेव, मनुज कंबोज, पवन नामदेव, घनश्याम परचा, बादल गौतम, सचिन जैन आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### तहसील कार्यालय पर धरना जारी



**ऊन।** विद्युत विभाग के द्वारा किए गए मुकदमे व जुर्माने को लेकर शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर धरना जारी रहा। बृहस्पतिवार को धरने पर आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार साथियों के साथ पहुंचे तथा अपना समर्थन व्यक्त कियावही शहीद भगत सिंह समिति के कार्यकर्ताओं ने कहा जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में दीपक कुमार, सितेंद्र शेरवाल मोनू कुमार, जयवीर,सुरेंद्र सिंह, इंद्रपाल, जितेंद्र,अमित कुमार, सुशील कुमार,ब्रजपाल, यशपाल, सुरेंद्र, अरविंद, राजेंद्र आदि शामिल रहे।

### भारतीय संस्कृति और कुम्भ विषय पर भेजें अपनी रचनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सूचना अधिकारी, शामली ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा कहानी, कविता एवं निबंध प्रतियोगिता युवा रचनाकारों (18 से 30 वर्ष) को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा कहानीध्कविताधनिबन्ध प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है:- व कहानी कविता निबन्ध तीन प्रतियों में कम्प्यूटर टाइप ए 4 आकार में भेजनी होगी व कहानी अधिकतम 2500 शब्द व कविता अधि. कतम 500 शब्द (एक ओर टंकित) हो। निबन्ध भारतीय संस्कृति और कुम्भ विषय पर केन्द्रित होगा, जो अधिकतम 2500 शब्द का (एक और टंकित) होगा। कहानी कविता भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों पर केन्द्रित होनी चाहिए। कहानी कविता निबन्ध पर शीर्षक के अतिरिक्त लेखक का नाम व पता अंकित नहीं होना चाहिए। अलग पृष्ठ पर कहानी कविता निबन्ध के शीर्षक के साथ प्रतिभागी का नाम, पता, दूरभाष संख्या सहित हाईस्कूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। पूर्व में पुरस्कृत रचनाकार की प्रविष्टि उसी विधा में स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 1 सितम्बर, 2025 है। प्रविष्टियां निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन हिन्दी भवन, 6-महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ-226001 के पते पर भेजी जाएंगी। प्रविष्टि के लिफाफे पर कहानी कविता निबन्ध प्रतियोगिता लिखना अनिवार्य है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के युवा रचनाकारों के लिए है। जिसके लिए प्रथम पुरस्कार-रु. 7,000, द्वितीय पुरस्कार-रु. 5,000, तृतीय पुरस्कार-रु. 4,000, सांत्वना पुरस्कार (संख्या-दो)-रु. 2,000 है।

### परिसिमन की कार्यवाही को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** संदीप अग्रवाल, जिला पंचायत राज अधिकारी, शामली ने अवगत कराया कि प्रमुख सचिव, पंचायती राज अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र दिनांक 15.7.2025 के द्वारा नगर विकास विभाग की विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा नगर पंचायतध्नगर पालिका परिषदध्नगर निगम के सृजन सीमा विस्तार के कारण प्रभावित ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आंशिक परिसीमन की कार्यवाही जनपद-शामली में निम्नवत् निर्धारित समय सारिणी के अनुरूप की जानी है। परिसिमन के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही-1. ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का अवधारण सुनिश्चित किया जाना। कार्यवाही हेतु निर्धारित तिथियां-दिनांक 18 जुलाई, 2025 से 22 जुलाई, 2025 तक। 2. ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की प्रस्तावित सूची की तैयारी और उसका प्रकाशन, दिनांक 23 जुलाई, 2025 से 28 जुलाई, 2025 तक. 3. प्रस्तावित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों पर आपत्तियां प्राप्त किया जाना। दिनांक 29 जुलाई, 2025 से 2 अगस्त, 2025 तक। 4. क्रमांक-3 पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण। दिनांक 2 अगस्त, 2025 से 5 अगस्त, 2025 तक। 5. प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची का प्रकाशन। दिनांक 6 अगस्त, 2025 से 10 अगस्त, 2025 तक।

### पूर्व सैनिक के भाई पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपित पहुंचे सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मालूम हो कि थानाभवन क्षेत्र के ग्राम भनेड़ा उद्दा निवासी पूर्व सैनिक देवेंद्र सिंह के भाई परमवीर पर होली के दिन गांव के ही पांच लोगों द्वारा जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। हमले के पांचों आरोपित आखिरकार अब जाकर कानून के शिकंजे में आ गए हैं। लंबे समय तक फरार रहने और पुलिस दबिशों के बाद अब सभी पांचों आरोपियों जेल जा चुके हैं। थानाभवन पुलिस ने इस मामले में हिमांशु, दीपांशु, शिवकुमार, सीमांत और उदय सिंह के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। हमले के बाद से ही ए सभी आरोपी बादस्तूर फरार चल रहे थे। न्यायालय कैराना द्वारा गैरजमानती वारंट जारी किए गए और जिला न्यायालय के साथ-साथ हाईकोर्ट इलाहाबाद से भी सभी आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी थीं।जमानत याचिका खारिज के बाद कोर्ट के आदेश पर सभी के कुर्की नोटिस चस्पा किए गए।पुलिस द्वारा लगातार गिरफ्तारी का दबाव बनाए जाने और ढोल नगाड़ों के साथ की गई मुनादी तथा कुर्की नोटिस चस्पा करने की कार्यवाही के बाद पहले दो आरोपी शिवकुमार और सीमांत ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। अब शेष तीन फरार आरोपित हिमांशु,दीपांशु और उदय सिंह ने भी आखिरकार सरेंडर कर दिया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

### पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** ग्राम समाज की भूमि को नियम विरुद्ध क्रय विक्रय करने के आरोपी 4 महिलाओं सहित 5 के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। लेखपाल क्षेत्र नागरपुर खड़कसेन यशवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उपजिलाधिकारी धामपुर के आदेश के क्रम में ग्राम रघुनाथपुर परगना अफजलगढ़ के खसरा नम्बर 103 के आवंटन व विक्रय के सम्बंध में 12 जून को जांच की गई, जिसमें मौजा रघुनाथपुर के खसरा नम्बर 103 मि. क्षे. 1.265 है. को राकेश पुत्र मथुरा निवासी ग्राम हरेवली द्वारा वर्तमान ग्राम प्रधान की पुत्रवधू सबा रहमान पत्नी अजीमुद्दीन निवासी ग्राम हरेवली व नगमा परवीन, बुशरा परवीन, मंतशा परवीन पुत्री मोहम्मद जावेद निवासी धामपुर के साथ संलिप्त होकर अभिलेखों में फर्जी तरीके से नाम व आयु परिवर्तन कर नियम विरुद्ध विक्रय कर दिया गया था। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि हल्का लेखपाल की तहरीर पर राकेश सहित चारों आरोपी महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### हबीबवाला में चिकित्सा शिविर

**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम हबीबवाला में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा एक निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुभवी डॉक्टर की टीम ने लगभग 140 रोगियों का सकुशल इलाज किया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच एवं शुगर की निशुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इस शिविर में डॉक्टर सुमित सिंह, डॉक्टर गौहर फैयाज, डॉक्टर वसीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ एमएम गिल, अंकुर कौशिक, वर्षा चौहान, कुलदीप कुमार, निशु रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# क्षेत्र के गांव बधेव निवासी युवक की बिहार में हुई सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव बधेव निवासी एक युवक की बिहार में हुए ट्रक हादसे में मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने थाना आदर्शमंडी पहुंचकर एफआईआर शामली में दर्ज कराने की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने घटना दूसरे राज्य की होने पर परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया।

क्षेत्र के गांव बधेव निवासी 28 वर्षीय विक्की पुत्र करतारा गांव टिटौली निवासी सौरव व गुडडू के ट्रक पर परिचालक के रूप में नौकरी करता है। जिसके साथ कल्लू सह परिचालक व ट्रक ड्राईवर के नवीन भी नौकरी करते है। बताया जाता है कि गत रात्रि जनपद सहारनपुर से आम लेकर तीनों बिहार के लिए गए थे। जब वह बिहार पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे दूसरे ट्रक चालक ने उनके ट्रक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के परखच्चे उड गए। जिसमें विक्की की मौके पर मौत हो गई, जबकि कल्लू घायल हो गया और ट्रक चला रहा नवीन आंशिक रूप से घायल हुआ। घटना की सूचना साथी लोगों ने परि. जनों को दी। सूचना मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे से गुस्साऐं परिजनों ने ट्रक मालिक पर सही जानकारी न देने का आरोप लगाते हुए थाना आदर्शमंडी पहुंचकर हंगामा किया और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने हादस बिहार दूसरे राज्य का होने के कारण परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया, जिसके बाद परिजन अपने घर लौट गए। देर रात्रि तक पोस्टमार्टम के बाद ही युवक का शव गांव पहुंच सकेगे। मृतक युवक अपने चार भाईयों में तीसरे नंबर का था।

# बल्लामाजरा-गंगारामपुर में हुई चोरियों का खुलासा, दो आरोपियों से नकदी व सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पुलिस ने बल्लामाजरा व गंगारामपुर में विगत माह हुई टीलर व टयूबवैल से हुई चोरी के मामलों मे पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरो. पियों से चोरी का सामान व नगदी सहित चाकू को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियो के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज करते हुए न्यायालय मे पेश करते हुए रिमांड लिया। कोर्ट ने आरो. पियों को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।



बल्लामाजरा निवासी अताउर्रहमान पुत्र अतीक के खेत से 27 जून को बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वही गंगारामपुर के जंगल से टीलर को चोरी कर लिया गया था। दोनो ही घटनाओं मे दर्ज मुकदमें की जॉच करते हुए पुलिस ने दो बदमाशो को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से टीलर के स्प्रींग,खुरपे,330 ग्राम तांबे के तार,6300 रूपयों की नगदी,एक चाकू,एक प्लास,चार प्लास्टिक के कटटे,लोके के एंगल व चोरी किया गया अन्य सामान बरामद किया है। पकडे गए बदमाशों की पहचार खुशीराम पुत्र बाबूराम निवासी शामली शामला व रामबीर उर्फ चिन्टू पुत्र महिपाल निवासी शामली शामला के रूप मे हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय मे पेश किया और रिमांड की मांग की । न्यायालय ने दोनो ही आरोपियों को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।

## रोटेरियन बंधुओं ने लगाए 70 पौधे

**धामपुर।** वन महोत्सव पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को नहटौर मार्ग स्थित रोटेरियन अनुपम गोयल के फार्म पर रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके रोटेरियन बंधुओं ने विभिन्न प्रकार के 70 पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में रोटेरियन अध्यक्ष विवेक अग्रवाल तथा सचिव रोटेरियन सरदार गगनदीप सिंह चावला एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन शिवम नंदा के निर्देशन में सत्र का यह तीसरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य संस्था के पौधारोपण से संबंधित प्रोजेक्ट को क्रियान्वित कराना तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम विषय पर आधारित पौधारोपण अभियान कार्यक्रम को अन्य स्थानों के साथ ही धामपुर में भी प्रभावी रूप में सफलता दिलाना रहा।

## किसानों को पंजीकरण करने के लिए दिए दिशा- निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप कृषि निदेशक, शामली प्रमोद कुमार द्वारा समस्त किसान भाईयो को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ 2024-25 में जनपद में अधिसूचित फसल धान है। धान की प्रीमियम धनराशि 1864 रूपए प्रति है. तथा इसकी बीमित राशि 93200 रूपए प्रति है. है, जो किसान भाई बीमा कराना चाहते है वह सम्बन्धित बैंक शाखा एवं जनसेवा केन्द्र के माध्यम से 31 जुलाई 2025 से पहले अपना पंजीकरण अवश्य करा ले। जिन ऋणी किसान भाईयो को फसल बीमा का लाभ लेना है तो उनको अपने के.सी.सी. में अपनी फसल बैंक में जाकर अनिवार्य रूप से 24 जुलाई 2025 तक दर्ज करा ले। विगत वर्ष (2024-25) सीजन खरीफ में 1397 कृषको का फसल बीमा पंजीकरण हुआ था जिसमे 391 कृषक धनराशि 8,77,543 रु. से लाभान्वित हुए है। गैर ऋणी किसान सी. एस.सी., ऐजेण्ट व बीमा पोर्टल www.pmfby.govAin या क्राप इन्श्योरेन्स ऐप के माध्यम से स्वयं बीमा करध्करा सकते है। बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। अत: सभी किसान भाईयो से निवेदन है कि अधिक से अधिक भाग ले जिससे किसी भी प्राकृतिक आपदा जैसे आंधी, तूफान, ओलावृष्टि के कारण तैयार फसल किसानो की नष्ट हो जाती है तो इस सन्दर्भ में उन किसानो को इस योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त होता है। किसान भाइयों अधिक जानकारी के लिए कम्पनी के टोल फ्री नं0 14447 या बीमा कम्पनी के कर्मचारियों के निम्न मो.नं. जनपद स्तर- अभिषेक सिंह जिला समन्वयक 8929336153, तहसील शामली, कैराना- राममनोरथ 7408494194, तहसील ऊन- मोहित कुमार 9193388411 पर सम्पर्क कर सकते है।

# किसानों से छल कर रही भाजपा: टिकैत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का बृहस्पतिवार को छुटमलपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उत्साहपूर्ण स्वागत किया। इस दौरान भाकियू के युवा जिलाध्यक्ष नदीम अंसारी और युवा जिला उपाध्यक्ष सचिन चौधरी के कार्यालयों पर आयोजित कार्यक्रम में टिकैत ने केंद्र की भाजपा सरकार पर किसानों के साथ छल करने का गंभीर आरोप लगाया।

टिकैत ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने किसानों को बदहाली के कगार पर ला खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसान हित की योजनाओं के नाम पर केवल दिखावा कर रही है। सरकार द्वारा दी जाने वाली छह हजार रुपये की वार्षिक सहायता को उन्होंने किसानों को उलझाने की साजिश करार दिया, ताकि वे अपने हक के लिए एकजुट न हो सकें। टिकैत ने कहा कि धान और गन्ने जैसी फसलों के दाम नहीं बढ़ाए गए, जबकि खेती की लागत हर साल बढ़ रही है।

उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि किसानों के घरों पर बड़े सोलर प्लांट लगाए जाएं, जिनकी बिजली पावर ग्रिड को दी जाए और बदले में किसानों के नलकूपों को मुफ्त बिजली दी जाए। इससे किसानों और सरकार दोनों को लाभ होगा।

टिकैत ने भाजपा पर हिंदू-मुस्लिम के मुद्दे उठाकर वोट की राजनीति करने का भी आरोप लगाया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नरेश स्वामी, वरिष्ठ जिला महासचिव अजय कांबोज, नदीम अंसारी, सचिन चौधरी, अन्वेश कांबोज, पदम सिंह, सुमित कांबोज, पदम चौधरी मास्टर सतपाल चौधरी मास्टर धनवीर चधरी, राव नौशाद प्रधान बुरहान अहमद डाक्टर अकरम मुकेश कांबोज सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। टिकैत के विचारों ने किसानों के बीच एकजुटता और संघर्ष की भावना को और मजबूत करने का काम किया।

# एक्सईएन व बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भाकियू तोमर के तहसील अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान इदरीसी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के एक्सईएन व बीडीओ को विभिन्न समस्याओं से संबोधित ज्ञापन सौंप कर समस्याओं का शीघ्र समाधान कराए जाने की माँग की है।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन तोमर के तहसील अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान इदरीसी कार्यकर्ताओं के साथ एक्सईएन कार्यालय पहुँचे और ज्ञापन सौंपकर बताया कि क्षेत्र के गाँव कालाहेड़ी में प्राइमरी स्कूल के पास रखे ट्रांसफार्मर से श्मशान घाट की ओर जाने वाली 11 हजार की लाईन के कारण कुछ घरों में करंट आ जाता है।पूर्व में एक महिला को करंट लग चुका है।अत: लाईन को घरों से दूर कराया जाए।कस्बे में हाथी गेट के पास गली में तार जर्जर हो चुके हैं उन्हें बदलवाया जाए।मौहल्ला इकराम में एक मिनारा मस्जिद के पास तार 5 फीट नीचे हैं और जर्जर हैं उन्हें शीघ्र बदलवाया जाए।

इसके अलावा बीडीओ सोनिका चौधरी को सौंपे ज्ञापन में कालाहेड़ी में कच्ची सड़कों को पक्का बनवाने,बन्द लाइटों को बदलवाने, ग्राम अहमदपुर में नालों की सफाई कराने व खराब लाइटों को बदलवाने कच्ची सड़क को पक्का बनवाने की माँग की है।

इस दौरान अनस मलिक तहसील महामंत्री, साहरुन मलिक जिला महामंत्री, साजिद गाडा तहसील मंत्री, दीपक, सौरभ, जिशान इदरीसी, शुभम, महताब मलिक, अनीस अंसारी, जाकिर मलिक, नदीम मलिक,फैजान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# मंदिर का दानपत्र फाड़ चोरों ने उड़ाई नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** कस्बे के ज्योति वाला शिव मंदिर के दान पत्र को फाड़कर चोर ने उसमें रखी नकदी चुरा ली। घटना सीसीटीवी कमरे में कैद हो गई है।

कस्बे में कर्ण वाला तालाब के पास शिव मंदिर है। शिव मंदिर में दान पत्र लगा हुआ है। चोर ने दान पत्र को फाड़कर उसमें रखी नगदी चुरा ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पिछले दो दिन बिजली नहीं आने के कारण चोर ने पहले तो सीसीटीवी कैमरे का एंगल दूसरी तरफ घुमा दिया। बिजली की आपूर्ति नहीं होने के दौरान एंगल घुमाने की घटना को अंजाम दिया गया इसके बाद चोर ने दानपात्र में रखी नकदी चुरा ली। दान पत्र कई महीनो से खोला नहीं गया था। मंदिर समिति की ओर से घटना की तहरीर दे दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घटना के खुलासे का आश्वासन दिया।

# सीएम को बताई गन्ना किसानों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** वरिष्ठ भाजपा नेता व गन्ना समिति सहारनपुर के चेयरमैन एवं क्षेत्रीय सह संयोजक सहकारिता पश्चिम चौधरी मनोज पुण्डीर शीतलाखेडा ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर प्रदेश की गन्ना समिति के कर्मचारियों की समस्याओं व किसानों के गन्ना भुगतान आदि समस्याओं से अवगत कराया।

इस दौरान चौधरी मनोज पुंडीर ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को बताया कि भाजपा के प्रचार प्रसार को होने वाली तमाम बैठकों में क्षेत्र के किसान गन्ना भुगतान का मुद्दा अवश्य उठाते हैं। जिस कारण किसानों को समझाने में अत्यधिक परेशानी हो रही है। विशेष रूप से गांगनौली स्थित बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल पर अभी तक भी किसानों का करीब एक सौ तीस करोड रुपए बकाया है जिस कारण नागल क्षेत्र के किसानों की आर्थिक हालत गंभीर हो चुकी है ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश व किसानों के हित में चीनी मिलों पर बकाया भुगतान शीघ्र कराए जाने का प्रयास करें। इस दौरान मनोज पुंडीर ने गन्ना समिति में कार्यरत कर्मचारियों की सुविधाओं के संबंध में एवं गन्ना विभाग से संबंधित समस्याओं को लेकर भी मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र दिया। जिस पर मुख्यमन्त्री ने उन्हे आश्वासन दिया कि किसान हितों की हर सूरत मे रक्षा की जायेगी।

# चार दिन बाद मिला शाहरूख का शव

**चिलकाना।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में सडक धंसने के कारण खाई में गिरी नाशपाती से भरी पिकअप से लापता हुए चालक शाहरूख का शव चार दिन बाद नदी में तैरता हुआ मिला है।

मिली जानकारी के मुताबिक चिलकाना थाना क्षेत्र के ग्राम पटनी निवासी शाहरुख पुत्र ताहिर उम्र लगभग 25 वर्ष, पिकअप पर ड्राइवरी का कार्य करता था। चार दिन पूर्व वह हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला के थाना बंजार क्षेत्र के एक बाग से आजाद ठेकेदार निवासी मोहल्ला हामिद हसन चिलकाना के नाशपाती फल पिकअप में भरकर ला रहा था कि अचानक पहाडी क्षेत्र में सड़क धंसने के कारण नाशपाती से भरी पिकअप गहरी खाई में गिर गई थी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिकअप को खाई से बाहर निकलवाया था।

जबकि उस समय चालक शाहरुख का कोई पता नही चल पाया था। जिसके बाद से ही पुलिस व परि. जनों द्वारा शाहरुख की तलाश की जा रही थी। बृहस्पतिवार को सुबह के समय ग्रामीणों द्वारा एक शव भागोपुल के निकट नदी में तैरता हुआ मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा शव की पहचान शाहरुख के रूप में की गई।

शाहरुख का शव बरामद होने की खबर सुनते ही परिजनों में को. हराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात मौके पर पहुंचे परिजनों को सौंप दिया। शाहरुख की मौत से परिजनों पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार में कमाने वाला शाहरुख ही सबसे बड़ा था अन्य चारों भाई शाहरुख से छोटे है। समाचार लिखे जाने तक शव गांव में नही पहुंचा था।

# बाइक मिस्त्री पुलिस को सहयोग दें: सत्येंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने बाइक मैकेनिक्स के साथ बैठक कर निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी नियमों की अवहेलना न करे और संदिग्ध अवस्था में पुलिस को सूचना दें।

कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने क्षेत्र के बाइक मैकेनिक्स के साथ बैठक कर उन्हें कांवड़ यात्रा के अवसर पर कुछ विशेष बातों पर अमल करने के निर्देश दिए।इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने कहा कि कोई भी मैकेनिक बाईक का साइलेंसर नहीं बदलेगा।न ही किसी बाईक में प्रेशर हॉर्न लगाएगा।यदि कोई व्यक्ति किसी तरह का दबाव बनाता है या धमकी आदि देता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।यदि कोई बाईक संदिग्ध या चोरी की दिखाई दे तो फौरन पुलिस को सूचना दें।इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने कहा कि आप सभी पारिवारिक और जिम्मेदारी नागरिक हैं।आप पुलिस को सहयोग करें। फरमान मंसूरी, मनोज कुमार ने कहा कि सभी बाईक मैकेनिक पुलिस का भरपूर सहयोग करेंगे। क्योंकि स्थानीय मैकेनिक वैसे भी कोई गलत काम नहीं करते। इस दौरान जुल्फान, नितिन, बिट्टू, कय्यूम, नीटू, शहजाद, सूरज, संजय, सागर, आजाद, संदीप आदि बाईक मैकेनिक मौजूद रहे।

# दो वाहन भिड़े

**गंगोह।** गांव बीराखेड़ी स्थित शहद की फैक्ट्री के निकट तेज गति से आ रहे ट्रक ने छोटा हाथी को टक्कर मार दी। दोनों वाहन की भिड़त में स्कूटी सवार बुजुर्ग भी चपेट में आ कर घायल हो गया।

बुधवार की शाम चालक मोनू गंगोह से छोटे हाथी ने गोभी लेकर सहारनपुर की ओर जा रहा था। जब बीराखेड़ी के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रक ने छोटे हाथी में साइड मार दी, जिससे वे अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया वाहन में भरी गोभी सड़क पर बिखर गई। जैसे ही छोटा हाथी पलटा गांव रन्धेड़ी निवासी बुजुर्ग बाबूराम बीराखेड़ी में शादी के कार्ड बांट कर वापस गांव आ रहे थे वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए ओर उनकी स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।

# छेड़छाड़ के मामले को मामूली मारपीट में बदला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने एसएसपी के समक्ष प्रस्तुत होकर उसकी नाबा. लिग बेटी के साथ छेडछाड किये जाने व पुलिस के साथ सांठ गांठ कर एक प्रतिनिधि द्वारा तहरीर बदले जाने का आरोप लगाया है।

पीड़ित महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि उसकी नाबालिग बेटी कक्षा सात की छात्रा है। जिसके साथ गांव मलकपुर मोहल्ला पीर माजरा निवासी एक युवक स्कूल आते जाते समय छेडछाड करता रहता है। उक्त युवक द्वारा उसकी पुत्री के साथ रास्ते में की गयी छेडछाड के बाद घर आकर बेटी द्वारा उसे बताया जाता था। जिसकी हर बार हर बार शिकायत पीडिता द्वारा आरोपी के परिजनो से की जाती रही। लेकिन विपक्षी युवक में कोई सुधार नही आया।

पीड़िता का आरोप है कि विगत 13 जुलाई को शाम के समय पीडिता के सभी बच्चे अपने घर की छत पर बैठे थे। तभी उक्त युवक पडौस में अपने चाचा के घर से होते हुए उनकी छत पर आ गया ओर उसकी बेटी के साथ जबरदस्ती अश्लील हरकतें करने लगा। जिससे उसकी बेटी व अन्य बच्चो के शोर मचाने पर पीड़िता छत पर गयी तो उसे देख कर वह अपने चाचा की छत से होते हुए भाग गया।

पीडिता का कहना है कि उसी रात्रि लगभग 9:00 बजे साकिब पुत्र इसरार, वाजिद पुत्र इसरार, साजिद पुत्र इसरार व इसरार पुत्र निसार निवासी मौहल्ला पीरमाजरा ग्राम मलकपुर थाना चिलकाना लाठी डंडो से लैस होकर पीडिता के घर पहुंचे ओर परिवार के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमसे पीडिता के पति को काफी चोटें आयी रात्रि में ही पीडिता अपने पति व बच्चो सहित थाने पहुंची ओर आपबीती सुनायी व तहरीर लिखवाकर पुलिस को दे दी। लेकिन उसी समय थाने में एक जनप्रतिनिधि पहुंचा व पुलिस से सांठ गांठ कर पीडिता द्वारा दी गयी तहरीर ले ली। और बढिया कार्यवाही करवाये जाने की बात कहकर दूसरी तहरीर लिखकर उसके हस्ताक्षर करा लिये।

पीडिता का कहना है कि उसके अनपढ होने का फायदा उठाते हुए नाबालिग बेटी के साथ छेडछाड के मामले को मामूली मारपीट में बदल दिया गया। पीडिता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगायी है।

# बच्चों के मार्गदर्शन को केरियर काउंसिल का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** राजपूत सभा नानौता ने समाज के बच्चों को उचित मार्गदर्शन हेतु सरस्वती कैरियर काउंसिल का गठन कर तिलफरा ऐनाबाद गांव में एक कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें वक्ताओं द्वारा छात्र-छात्राओं सहित अभिभावकों को जागरूक किया गया।

बुधवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभा के अध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह पुंडीर ने कहा कि करियर काउंसिल के द्वारा छात्रों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और भविष्य के लक्ष्यों के अनुसार सही करियर चुनने में मदद की जाएगी। जिसमें छात्रों को विभिन्न कैरियर विकल्पों, शिक्षा पथों और कौशल विकास के बारे में जानकारी दी जाएगी। रामभूल सिंह ने कहा कि छात्रों को आत्म-जागरूक बनाना, उनकी रुचियों, क्षमताओं, शक्तियों और कमजोरियों को समझने में मदद करना तथा विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी देना ही उनका मकसद है।

नेत्रपाल सिंह चौहान ने कहा कि काउंसिल द्वारा छात्रों को विभिन्न कैरियर क्षेत्रों, शिक्षा पथों और नौकरी की भूमिकाओं के बारे में जानकारी तथा सही कैरियर चुनने में मदद की जा सकेगी। राकेश पुंडीर तथा संजीव कुशवाह ने कहा कि छात्रों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और लक्ष्यों के अनुसार सही कैरियर चुनने में सहायता की जाएगी। मा. भगवान सिंह ने समय-समय पर छात्रों के लिए करियर-संबंधित कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जाने का आह्वान किया। राजपूत सभा नानौता द्वारा इस प्रकार की कार्यशाला के आयोजन की ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की तथा राजपूत सभा नानौता को इस कार्यक्रम के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश महाशय तथा संचालन मा. प्रदीप पुंडीर ने किया। इस दौरान ओमबीर फौजी, ठाकुर अजब सिंह, सुभाष राणा, लोकेश पहलवान, सहदेव पुंडीर, राज प्रताप, नितिन, श्याम सिंह, विनोद पुंडीर, सुनील चौहान, भारत, विकास, रवि गहलोत, अंकित राणा, सागर राणा, कर्ण सिंह आदि रहे।



**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान ग्रामीण न्यायाधीश धामपुर, जिला बिजनौर**
वाद संख्या 49/2025
**फरहाना बनाम मौ. शमीम**
धारा-144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023
थाना-धामपुर।

प्रतिवादी मौ. शमीम पुत्र मौ. अनवर निवासी मौहल्ला गुलाम ओलिया, थाना पोस्ट गंगोह, तहसील नुकड व जिला सहारनपुर, पिन कोड 247341 मो.नं. 7900746977 चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 02.08. 2025 के दिवस को 10:30 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन आप के विरूद्ध सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक के दिवस को निकाली गई।

नियत दिनांक:- 02.08. 2025

**आज्ञा से- न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय धामपुर, जिला बिजनौर**

# सौर ऊर्जा सयंत्र का लोकापर्ण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधायक निधि से निर्मित सौर ऊर्जा सयंत्र का आज जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना व नगर विधायक राजीव गुम्बर ने लोक. ापर्ण किया।

सिविल कोर्ट के बार प्रांगण में लोकापर्ण से पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू बिशम्बर सिंह पुण्डीर ने जिला जज एवं विधायक का शॉल ओढाकर सम्मान किया। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष अभय सैनी, महासचिव अजय कौशिक, शीशपाल सिंह पुण्डीर, राधेश्याम गुप्ता, प्रमोद शर्मा, महीपाल सिंह, राजेन्द्र चौहान, राजीव गुप्ता, मुनव्वर आफताब, नितिन शर्मा, राहुल त्यागी, अमरीश पुण्डीर उर्फ लाला, निशा शर्मा, रूद्रप्रताप, सन्दीप पुण्डीर, सौरव जैन, शाह आलम, फरमान, फैसल अंसारी आदि मौजूद रहे।

# व्यवस्था न होने पर रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** श्री सिद्धपीठ नागेश्वर महादेव मंदिर में व्यवस्थाओं का अभाव होने के कारण मन्दिर कमेटी के सदस्यों में रोष व्याप्त है, देवबंद एसडीएम ने तत्काल सभी उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को श्री सिद्धपीठ नागेश्वर महादेव मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष हरिओम त्यागी व शुभम वत्स ने बताया कि आगामी सोमवार को मन्दिर परिसर में जलाभिषेक करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। लेकिन ग्राम प्रधान नीरज सैनी द्वारा अभी तक मन्दिर परिसर में साफ सफाई व रास्तों पर लाईटें आदि की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई है। इसके अलावा जिस जगह मेला लगेगा वहा पर भी साफ सफाई का अभाव है जबकि पूर्व में ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए थी। श्री त्यागी ने कहा कि नागेश्वर महादेव मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। इसलिए सभी उचित व्यवस्थाएं समयनुसार होनी चाहिए थी। देवबंद एसडीएम युवराज सिंह का कहना है कि सम्बंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं जल्द ही सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध होगी।उधर नागल खंड विकास अधिकारी का कहना है श्री सिद्ध पीठ नागेश्वर महादेव मंदिर हम सभी की आस्था का केन्द्र है वहां पर उचित व्यवस्था करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि समय रहते सभी आवश्यक सुविधाओं के लिए ग्राम प्रधान को निर्देशित किया जाएगा। ग्राम प्रधान नीरज सैनी का कहना है मन्दिर परिसर व मेले की जगह साफ सफाई व उचित लाइटों की व्यवस्था शुक्रवार को सम्पन्न करा दी जाएंगी।

# कस्बे में बढ़ने लगी भोलों की संख्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आ रहे भोले के भक्तों की संख्या बढ़ने लगी है। काँवड़ मार्ग पर बोल बम बोल बम के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। भोले के भक्त सुन्दर सुन्दर झाँकिया लेकर अपने गंत्वय की और बढ़ रहे है।

काँवड़ मार्ग पर आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। भोले के भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती नजर आ रही है। और हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आ रहे भोले के भक्त सुन्दर सुन्दर झांकिया लेकर अपने गंत्वय की और बढ़ रहे है। काँवड़ मार्ग पर आ रही सुन्दर सुन्दर झांकिया आकर्षण का केंद्र बन रही है। वही गागलहेड़ी थाना प्रभारी विनोद कुमार लगातार काँवड़ मार्ग पर भर्मण कर रहे है।

# मूर्ति को खंडित कर असामाजिक तत्वों ने माहौल खराब करने का किया प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गुनारसी में श्रद्धालु शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए गए थे। वहां पहुंचने पर उन्हें भगवान शिव का शिवलिंग और भगवान गणेश की मूर्ति खंडित मिली। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सावन माह में मूर्तियों खंडित होने से लोगों में रोष बन गया और उन्होंने हंगामा करना शुरु कर दिया। सूचना पर सीओ रविकांत पाराशर और इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सोनकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मुआयना करते हुए ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। ग्राम प्रधान सुखपाल ने कहा कि सावन के महीने में लोग भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। इस तरह का कार्य अशोभनीय है। यदि जल्द आरोपियों की गिरफ्तार नहीं की गई तो इसके विरोध में आंदोलन किया जाएगा।

शिव मंदिर में रंगाई पुताई का कार्य चल रहा है। दोपहर के समय मजदूर भोजन करने के लिए गए थे। इसी दौरान असामाजिक तत्वों ने इस कृत्य को अंजाम दिया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरो. पियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

**रविकांत पाराशर,**
**सीओ, देवबंद।**

# मैडिकल स्टोर संचालक गिरफ्तार

**पठेड।** ग्राम स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करते हुए हरियाणा पुलिस स्टोर संचालक को मौके से गिरफ्तार कर अपने साथ हरियाणा ले गई।

चिलकाना थाना की पठेड चौकी क्षेत्र में पैठ मैदान के समीप एक मेडीकल स्टोर के स्वामी को हरियाणा की नारकोटिक्स सेल टीम ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। वहीं जानकारी से पता चला है कि मेडीकल एजेंसी स्वामी को कुछ माह पहले भी हरियाणा पुलिस उठाकर अपने साथ ले गई थी लेकिन बाद में उसको छोड़ दिया गया था। बुधवार को शाम के समय हरियाणा पुलिस मेडिकल संचालक को गिरफ्तार करने पठेड़ पहुंची थी।

इस दौरान मेडिकल स्टोर संच. ालक व हरियाणा से आई पुलिस टीम के बीच नोक झोंक होने की बात भी बताई जा रही है।

# टयूबवैलों पर चोरों ने काटी लाखों की केबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** थाना गंगोह क्षेत्र के ग्राम कोटड़ा व बंदाहेड़ी के किसानों की ट्यूबेलो पर चोरों ने बोला लाखों की कीमत का केबल काटकर पुलिस को एक बड़ी चेतावनी दी है।

बुधवार की देर रात्रि किसान नासिर पुत्र लियाकत हाजी व गय्यूर निवासी ग्राम कोटड़ा व बांदहेडी के नरेश सिंह, बाबू सिंह, नरेश सिंह पुत्र नारायण सिंह के खेत से चोरो ने अलग अलग ट्यूबवेलो से केबल काटे, वही किसान बाबू सिंह के खेत में बने मकान में नकब लगाकर हजारों रुपये की कीटनाशक दवाई व हजारों रुपये की नगदी भी उड़ा दी। चोरो ने बेखौफ होकर नासिर पुत्र हाजी लियाकत के बिजली के मकान का भी ताला तोड़कर ट्यूबवेल से केबल व सिंचाई उपकरण चोरी किये चोरो की यह चौथी घटना है। किसानों ने एक राय से डायल 112 पर सूचना दी मौके पर पहुँची पुलिस ने किसानों को जल्द से जल्द चोरो को पकड़ने का आश्वासन दिया। लेकिन किसानों में आये दिन चोरी होने से पुलिस के प्रति रोष व्यक्त हैं, किसानों ने चोरो के विरूद्ध थाने में तहरीर दे दी हैं।

# पटनी के विकास को सौ मीटर दौड़ में मिला प्रथम स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव पटनी निवासी छात्र विकास सैनी ने इंडियन गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में ग्वालियर में हुए राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में खेलों में भाग लेकर 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर नेशनल के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया।

सुल्तानपुर नगर स्थित नव जनोदय इंटर कॉलेज के छात्र विकास सैनी ने ग्वालियर में इंडियन गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय खेलों में भाग लिया था। इस खेल प्रतियोगिता में जिला सहारनपुर से एकमात्र खिलाड़ी विकास सैनी ने 100 मीटर दौड़ में भाग लिया था। विकास ने उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फेडरेशन के रजिस्टर मन्नू सिंह ने विकास को नेपाल में होने वाली राष्ट्रीय चौंपियनशिप के लिए योग्य माना है तथा 10 अगस्त को नेपाल पहुंचने के लिए कहा है।

विकास ने अब तक दिल्ली, लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद, गोरखपुर, बागपत आदि स्थानों पर 100 तथा 200 मीटर रेस में भाग लिया तथा वहां से मेडल तथा प्रमाण पत्र प्राप्त किये हैं। विकास के कोच संजय सिंह तथा कॉलेज के शिक्षकों ने उसे राष्ट्रीय चौंपियनशिप के लिए सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है।

# सांसद इकरा हसन से दुर्व्यवहार के आरोपी एडीएम के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन के साथ में एडीएम प्रशासन सहारनपुर द्वारा किए गए दुर्व्यवहार से कैराना के अधिवक्ताओं में उबाल है। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन-पत्र राजस्व निरीक्षक कैराना को सौंपकर एडीएम के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कराए जाने की मांग की है।



गुरुवार को कैराना के दर्जनों अधिवक्ता तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन-पत्र राजस्व निरीक्षक अरविंद कुमार को सौंपा। बताया कि विगत एक जुलाई को कैराना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद इकरा हसन पूर्व सूचना देने के पश्चात एडीएम प्रशासन सहारनपुर से मिलने के लिए उनके कार्यालय में पहुंची थी। नगर पंचायत छुटमलपुर की निर्वाचित अध्यक्षा शमा परवीन भी उनके साथ में थी। मुलाकात का उद्देश्य जनसरो. कार के कार्यों में आ रही समस्याओं को सीधे एडीएम प्रशासन के समक्ष रखना था। पूर्व में सूचित किए जाने के बावजूद एडीएम अपने कार्यालय में नही मिले और न ही उन्होंने सांसद का फोन रिसीव किया।

आरोप है कि एडीएम कार्यालय में तैनात कर्मचारियों ने सांसद को यह कहकर टालने का प्रयास किया गया कि जो कहना है उसे लिख कर दे जाइए। करीब दो घंटे पश्चात एडीएम अपने कार्यालय में आए, जिस पर सांसद ने पूर्व में सूचना दिए जाने के बावजूद ऑफिस में न मिलने तथा कॉल रिसीव न करने पर नाराजगी व्यक्त की। सांसद ने एडीएम के सामने नगर पंचायत छुटमलपुर की अध्यक्षा शमा परवीन के समक्ष आ रही समस्याओं से सम्बंधित विषयों को उठाया।

आरोप है कि इस पर एडीएम ने पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर सांसद के सामने ही एक निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि को धमकाना व दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। आरोप है कि जब सांसद ने इस व्यवहार पर आपत्ति की तो एडीएम ने स्वयं सांसद को कहा, श्आप मेरे कार्यालय से बाहर जाइए और जहां मेरी शिकायत करनी है कर दीजिए।श पत्र में बताया कि सांसद के प्रति ऐसा आचरण न सिर्फ भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा जारी निर्देशों का खुला उल्लंघन है, बल्कि सीधे तौर पर उनके संसदीय विशेषाधिकारों का हनन भी है। एडीएम के आचरण से आमजन व अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। पत्र में प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल अपने स्तर से एडीएम के विरुद्ध लोकतांत्रिक मर्यादा एवं प्रशासनिक जवाबदेही के संदर्भ में कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु शासन को संस्तुति प्रेषित करने की मांग की गई है। इस अवसर पर राशिद अली, नसीम अहमद, मनीष कौशिक, सालिम अली, मोहम्मद मुस्तफा, अफजाल अहमद, अजय चौधरी, वीरेंद्र विश्वकर्मा, मोनू चौधरी, नायब सिद्दीकी, सरवेज जंग, सुशील कुमार, अरशद खान, नत्थू सिंह, अरुण आदि अधिवक्तागण तथा किसान नेता आमिर अली मौजूद रहे।

## खेत के पास से चोरी हुई बाइक, किसान ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव नौजल निवासी किसान यशवीर सिंह पुत्र राम सिंह की बाइक अज्ञात चोर खेत के पास से चोरी करके ले गए।

यशवीर सिंह ने थानाभवन थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार को वह अपने खेत पर गए थे। उन्होंने अपनी बाइक खेत के पास एक स्थान पर खड़ी कर दी और खेत में घूमने चले गए। जब कुछ देर बाद वापस लौटे, तो बाइक मौके से गायब मिली।किसान ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात चोर ने मौके का फायदा उठाकर बाइक चोरी कर ली।उन्होंने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही चोरी में शामिल आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत उपकेंद्र पर तीन दिवसीय विशेष समाधान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** नगर के दिल्ली सहारनपुर सिंगल सर्विस स्टेशन के सामने स्थित 33द11 के वी के विद्युत उपकेंद्र पर विघुत सेवा महा अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया जो 17 जुलाई से19 जुलाई तक चलेगा। इस शिविर में उपभोक्ताओं की विभिन्न प्रकार की बिजली संबंधी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है।



शिविर में प्राप्त शिकायताओं में बिल संशोधन, नाम परिवर्तन, भार वृद्धि, मोबाइल नंबर अपडेट, मीटर खराबी आदि प्रमुख मुद्दों पर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है इसमें पहले दिन कुल 24 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 15 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। विभाग द्वारा आश्वासन दिया गया कि शेष शिकायतों का निस्तारण भी शीघ्रता से किया जाएगा।

उपखंड अधिकारी थाना भवन विकास कुमार ने आग्रह किया है कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए शिविर में अधिक से अधिक पहुंचकर अपनी बिजली संबंधित समस्याओं का निस्तारण कराए इस मौके पर वीरेन्द्र सिंह अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल, शामली शोभित कुरील अधिशासी अभियंता, पीवीवीएनएल मेरठ। शशांक शेखर अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, थानाभवन विक्रम सिंह उपखंड अधिकारी, बनत विकास कुमार, उपखंड अधिकारी थानाभवन संदीप कुमार संत कुमार, देवेन्द्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क पार करते वक्त फिसलकर गिरी वृद्धा, घायल

**कैराना।** मोहल्ला अफगानान पालिका बारात घर कस्बा कैराना निवासी 75 वर्षीय रहीसा गुरुवार को नगर के बाईपास पर स्थित रामड़ा चौराहे को पार कर रही थी। महिला हड़बड़ाहट में फिसलकर सड़क पर जा गिरी, जिससे वह घायल हो गई। बाइक से पानीपत के लिए जा रहे सागर व राजीव नामक युवकों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया।

## किशोरी को बदनीयती से साजिश के तहत ले जाने का आरोप

**कैराना।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पति-पत्नी समेत तीन लोगों के खिलाफ साजिश के तहत उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को दुष्कर्म की बदनीयती से अनुचित दबाव बनाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। आरोपियों पर डेढ़ लाख रूपए की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात भी ले जाने का आरोप है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि विगत 13 जुलाई की शाम करीब पांच बजे गांव जहानपुरा निवासी एक युवक कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी पति-पत्नी के साथ में उसके घर पर पहुंचा। जहां से तीनों लोग घर पर मौजूद उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को साजिश के तहत दुराचार करने की बदनीयती से अनुचित दबाव बनाकर अपने साथ में ले गए। आरोपी उसके घर से डेढ़ लाख रूपए की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात भी लेकर गए है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बच्चों के विवाद में बुजुर्ग को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव मुकुंदपुर में बच्चों के विवाद में बुजुर्ग को हमला करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल बुजुर्ग को गम्भीर हालत के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। गुरुवार को ग्राम पंचायत बरनावी के मजरा मुकुंदपुर में बच्चों के विवाद के चलते दो पक्षों के बीच में मारपीट हो गई। आरोप है कि इसी बीच एक पक्ष के लोगो ने 80 वर्षीय बुजुर्ग जमालू के ऊपर हमला करके उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने घायल बुजुर्ग को उपचार हेतु कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में थानाभवन नगर पंचायत का शानदार प्रदर्शन

**थानाभवन।** थानाभवन नगर पंचायत ने स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहा. सिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। भारत सरकार द्वारा घोषित इस सर्वेक्षण के परिणामों में थानाभवन नगर पंचायत को प्रदेश स्तर पर 51वीं और राष्ट्रीय स्तर पर 158वीं रैंक प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि न केवल नगर पंचायत के प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम है, बल्कि आमजन की भागीदारी और स्वच्छता के प्रति उनकी जागरूकता का प्रतीक भी है।भारत सरकार द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण को विश्व का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण माना जाता है। वर्ष 2025 में घोषित हुए 2024 के इस सर्वेक्षण के अंतर्गत देशभर के शहरी निकायों द्वारा किए गए सफाई और कचरा प्रबंधन के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। यह सर्वेक्षण स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2।0 के तहत आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित किया गया।इस वर्ष थानाभवन नगर पंचायत को डबल स्टार ओडीएफ प्लस सर्टिफिकेशन भी प्राप्त हुआ है। इसका अर्थ है कि नगर में शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था है और खुले में शौच की प्रवृत्ति लगभग समाप्त हो चुकी है।

साथ ही नगर को श्कचरा मुक्त शहरश श्रेणी में 1-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है, जो यह दर्शाता है कि गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण, संग्रहण और पुनः उपयोग की व्यवस्था सु.ढ़ है।स्वच्छता अभियान की सफलता में नगर पंचायत प्रशासन, सफाई कर्मचारियों, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडरों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

इस सफलता के पीछे कई योजनाएं और प्रयास प्रमुख रहे, जैसे डोर टू डोर कचरा संग्रहण,सूखे और गीले कचरे का पृथक्करण,सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट इन पहलों ने न केवल नगर की स्वच्छता को बेहतर किया, बल्कि नागरिकों को भी प्रेरित किया कि वे नियमित रूप से सफाई में सहयोग करें।थानाभवन की यह सफलता न केवल स्थानीय प्रशासन की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह नगरवासियों के लिए भी गर्व का विषय है। अधिशासी अधिकारी ने प्रेस नोट के माध्यम से नगरवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि,स्वच्छता केवल अभियान नहीं, जीवनशैली है। थानाभवन की जनता ने यह सिद्ध कर दिखाया है।

उन्होंने बताया कि आगे और बेहतर रैंक लाने हेतु व्यापक योजनाएं बनाई जा रही हैं और आने वाले समय में थानाभवन को श्कचरा मुक्त शहरश श्रेणी में 3-स्टार तक पहुंचाने का लक्ष्य है। नगर पंचायत प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता के इस अभियान को निरंतर बनाए रखें। ष्स्वच्छ थानाभवन - सुंदर थानाभवनष के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी से अनुरोध किया गया है कि वे प्लास्टिक का कम उपयोग करें, कचरा निर्धारित स्थान पर डालें, और स्वच्छता कार्यों में प्रशासन का सहयोग करे।

## एक नजर

### बाइक चोरी की घटना का खुलासा, अवैध हथियार व बाइक बरामद

**शामली।** थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत 12.7.2025 को वादी आशीष पुत्र सीताराम निवासी ग्राम भनेडा थाना कांधला जनपद शामली की मोटर साईकिल बडी नहर कस्बा कांधला से अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी । घटना के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस आधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक कांधला को निर्देशित किया गया था। थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बडी नहर कस्बा कांधला में हुई मोटर साईकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में लिप्त 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक चोरी की बाइक, एक नम्बर प्लेट, 1 तमंचा 315 बोर मय 1 जिन्दा कारतूस व थाना पानीपत शहर जनपद पानीपत, हरियाणा से चोरी की गई स्पेलण्डर मोटर साईकिल बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त जावेद पुत्र नसीम निवासी ग्राम असारा थाना रमाला जनपद बागपत है।

### छात्र-छात्रओं को कॉपी, पेंसिल वितरित




**देवबन्द।** एए एजुकेशनल सोसायटी द्वारा छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेंसिल आदि सामग्री वितरित की गई। एए एजुकेशनल सोसायटी की ओर से स्कूल चलो अभियान के तहत छात्र छात्राओं को कॉपी और पेंसिल आदि सामग्री का वितरण किया। सोसायटी के महासचिव उमर फारुक और डायरेक्टर डॉ. उस्मान मसूद रमजी ने बताया कि शिक्षा को बढ़ावा देने और आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के बच्चों की सहायता के लिए उन्हें शिक्षा से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। ताकि बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे पढ़कर कल देश का भविष्य सुधारेंगे और शिक्षित बच्चे कल समाज में अपना योगदान देंगे। इस मौके पर सलीम उस्मानी, इब्राहीम, अकील, मनाल उस्मानी, तैय्यब मसूद रमजी आदि सोसायटी के सदस्य शामिल रहे।

# यमुना के जलस्तर में तीन सेमी की वृद्धि

**कैराना।** कैराना क्षेत्र में यमुना नदी के जलस्तर में तीन सेंटीमीटर की मामूली वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, गुरुवार को हथिनीकुंड बैराज से 6682 क्यूसेक पानी यमुना में प्रवाहित किया गया। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में निरंतर हो रही बरसात के मद्देनजर हथिनीकुंड बैराज से यमुना में पानी छोड़े जाने का सिलसिला बरकरार है। विगत बुधवार को प्रातः आठ बजे 6845 क्यूसेक पानी बैराज से यमुना नदी में डिस्चार्ज किया गया था। उस वक्त कैराना में यमुना का जलस्तर 228.04 मीटर था। बैराज से छोड़े गए पानी के कैराना पहुंचते ही गुरुवार प्रातः आठ बजे यमुना के जलस्तर में तीन सेंटीमीटर की आंशिक वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, गुरुवार को दिनभर में अधिकतम 6682 क्यूसेक जल यमुना में प्रवाहित किया गया। यमुना में छोड़ा गया पानी करीब 24 घंटे पश्चात कैराना पहुंच जाएगा। हालांकि इस पानी से यमुना के जलस्तर में कोई ज्यादा वृद्धि होने की संभावना नही है। यमुना का जलस्तर गुरुवार प्रातः आठ बजे 228.07 मीटर दर्ज किया गया। उधर, ड्रेनेज विभाग के अवर अभियंता आशु कुमार ने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से गुरुवार को अधिकतम 6682 क्यूसेक पानी यमुना में छोड़ा गया है, जिससे क्षेत्र में खतरे की कोई संभावना नही है। फिलहाल कैराना में यमुना का बहाव 228.07 मीटर पर है, जबकि चेतावनी बिंदु 231.000 मीटर व खतरे का निशान 231.500 मीटर पर निर्धारित है।



# विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्ती की शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने एवं राष्ट्रनिर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान युवाओं को बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने की सलाह दी गई।




स्टेट हाइवे स्थित दून हिल्स एकेडमी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रो से अभाविप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान युवाओं में बढ़ रही नशे की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह देने के साथ ही वक्ताओं ने कहा कि लक्ष्य न होने के चलते ही युवा नशे की ओर बढ़ रहा है। इसलिए मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस दौरान स्वयंसेवक संघ के जिला कारवां मनीष त्यागी मौजूद रहे। गोष्ठी में नगर इकाई का नवगठन किया गया। जिसमे आरुश चौहान नगर मंत्री, दिव्य मोंगा और गौरव गांधी को सहमंत्री का दायित्व दिया गया। कार्यक्रम में डा. प्रदीप वर्मा, सूरज राणा, कुलदीप मिरगपुर, अमर प्रताप, दीपक पुंडीर आदि शामिल रहे।

# किसानों की समस्याओं सहित स्मार्ट मीटर लगाने के विरुद्ध में दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किसानों की विभिन्न समस्याओं सहित स्मार्ट मीटर लगाये जाने पर रोक लगाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) से जुड़े किसानो ने नायब तहसीलदार राकेश शर्मा को ज्ञापन दिया।

भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के नगर अध्यक्ष जयेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों व आमजन की समस्याओं को लेकर एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार राकेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बजाज शुगर मिल पर किसानों का डेढ़ सौ करोड़ रुपये बकाया है, शीघ्र उसे किसानों को

**विद्युत द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता का हो रहा उत्पीड़न**

दिलाया जाए। खेती में प्रयोग होने वाली दवा बाजार में धडल्ले से नकली बेची जा रही है। इसमें अधिकारियों की संलिप्ता की जांच कराई जाए। किसानों ने ज्ञापन में विद्युत निगम की ओर से लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध किया। कहा की स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता का उत्पीड़न किया जा रहा है। इसमें रीडिंग भी अधिक आ रही है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद पहलवान, नगर सचिव मनोज, सनोज, अनुज शर्मा, महताब, नौशाद खान, शादाब, राजेश्वर सैनी आदि मौजूद रहे।

# शिव महापुराण कथा सुनने से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं: शुक्ला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री मण्केश्वर महादेव मंदिर मानकी में चल रही श्री शिव महापुराण कथा को हवन यज्ञ के आयोजन के साथ विराम दिया गया। आठवें और अंतिम दिन कथाव्यास चित्रा शुक्ला दीदी ने कहा कि शिव महापुराण कथा सुनने से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं।



गुरुवार को पंडित कालिका प्रसाद ने विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराया। यजमान कारोबारी संदीप व उनकी पत्नी रहे। कथाव्यास ने कहा कि शिव महापराण के श्रवण करने वाले को मोक्ष की प्राप्ति होती है। शिव महापुराण कथा भगवान शिव के जीवन, उनकी महिमा और उनके भक्तों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। इस कथा को सुनने से घर में सुख, शांति और समृद्धि आती है तथा भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसलिए मनुष्य को शिव महापुराण कथा का स्मरण अवश्य करना चाहिए। कथा उपरांत भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष चौ. प्रविंद्र कुमार, विजय सिंघल, राजेश सिंघल, संसार सिंह, महक सिंह, देवेंद्र सैनी, प्रमोद त्यागी, यशपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, विपिन त्यागी आदि शामिल रहे।

# विद्युत कनेक्शन कटने से बकायादारो में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत बिल के बकायदारों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पॉवर कारपोरेशन की टीम ने गांव घ्याना और चंदेना कोली में 76 कनेक्शन काटे। जिससे बकायदारों में हड़कंप मच गया।

तल्हेडी बुजुर्ग स्थित बिजलीघर के एसडीओ संतोष कुमार के नेतृत्व में गांव घ्याना और गांव चंदेना कोली में पॉवर कारपोरेशन की टीम ने बिजली का बिल जमा न करने वाले बकायदारों के खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ की। इस दौरान एक लाख से अधिक बकायदार आठ विद्युत उपभोक्ता और दस हजार से 50 हजार रुपये के 68 बकायदारों के बिजली के बिल जमा न होने पर

**पॉवर कॉरपोरेशन ने विद्युत बकायादारों पर चलाया अभियान**

उनके कनेक्शन काटे गए। इस दौरान अन्य बकायदार बिजली उपभोक्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा गया कि यदि उन्होंने समय रहते बिजली के बिल जमा नहीं किए तो उनके कनेक्शन भी काटे जाएंगे। कहा कि बिजली का बिल जमा करने वाले ही बिजली का लाभ लेसकेंगे। बताया कि घ्याना गांव में 46 और चंदेना कोली में 30 बकायदारों के कनेक्शन काटे गए हैं। इस दौरान जेई बबलू कुमार, राम आशीष, रोहित, मोहिद खान और विजय एवं बंटी आदि शामिल रहे।

# दिलशाद कुरैशी को नम आंखों के साथ किया सपुर्द-ए-खाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दीवान क्लॉथ हाउस के मालिक एवं समाज सेवी इरशाद कुरैशी के छोटे भाई दिलशाद कुरैशी का अकास्मिक निधन हो जाने की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। देखते ही देखते मोहल्ल अबुल माली स्थित उनके आवास पर दुख व्यक्त करने वालो का तांतां लग गया। दिलशाद कुरैशी को नम आंखो के साथ सपुर्देखाक किया गया।

दीवान क्लॉथ हाउस के मालिक एवं समाजसेवी इरशाद कुरैशी के छोटे भाई दिलशाद कुरैशी का सुबह अकास्मिक निधन हो गया। दिलशाद कुरैशी को बाद नमाज-ए-मगरिब दारूल उलूम के अहता-ए-मौलसरी में मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुलक. ासिम नौमानी द्वारा नमाज-ए-जनाजा



अदा कराने के बाद कब्रिस्तान शाह. विलायत में नम आंखो के साथ सपुर्देखाक किया गया। नमाज-ए-जनाजा में पूर्व विधायक माविया अली, पूर्व चेयरमैन इनाम कुरैशी, हाफिज अकरम कुरैशी, भाई चारा समिति के अध्यक्ष सलीम कुरैशी, अशरफ कुरैशी, कॉग्रेसी नेता राहत खलील, अफजाल कुरैशी, शहजाद कुरैशी (मुन्ना), सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, सपा नेता आमिर उस्मानी, हैदर अली, जीशान उल हक, मुनीर दानिश, इस्राइल गौड, जुनैद काज़मी, पत्रकार तसलीम कुरैशी, सनव्वर कुरैशी, अबरार कुरैशी, मोहम्मद आजम, जमशीद अनवर, शारिक हकीम, साऊद नबी, अजीम सिद्दीकी, यासिर तय्यब उस्मानी, तोहीद गौड, शाहनवाज सिद्दीकी (मुन्ना) सऊद उस्मानी, मुदस्सिर सिद्दीकी, जहीर कुरैशी, शाहनवाज मलिक, अबरार सिद्दीकी, सोनू कुरैशी, नदीम कुरैशी, समद खां, मौहम्मद अदि, अरसलान गौड, सलमान फारूकी आदि लोग शामिल रहे।

# मंच ने शिव भक्तों की सेवा एवं स्वागत करने का लिया निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश जनकल्याण मंच की आयोजित बैठक में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने वाले शिवभक्तों की सेवा एवं स्वागत करने का निर्णय लिया गया।



उत्तर प्रदेश जनकल्याण मंच के स्थानीय कार्यालय पर हुई बैठक में मंच के प्रदेशाध्यक्ष चौ. ओमपाल सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा संपन्न होने तक मंच कार्यकर्ता कांवडियों की देखरेख करेंगे। स्टेट हाइवे स्थित साईधाम मंदिर से लेकर सिद्धपीठ श्री मण्केश्वर महादेव मंदिर मानकी तक कांवडियों की सहायता की जाएगी ताकि उन्हें यात्रा दौरान रास्ते में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने संगठन की सदस्यता में तेजी लाने का भी निर्णय लिया। अध्यक्षता रहतू लाल त्यागी व संचालन अंग्रेश पवार ने किया। बैठक में राकेश शहर, सोनू पंवार, खेमकरण कश्यप, विजय बजाज, शिवकुमार कश्यप, सारिका बलिया, रेखा, सुखबीर सिंह, कल्याण सिंह, रामकुमार व आशु वर्मा आदि मौजूद रहे।

# मैनचेस्टर में पहली जीत की तलाश में उतरेगा भारत

● भारतीय टीम मैनचेस्टर में इंग्लैंड से 23 जुलाई से भिड़ेगी, भारत को यहां 9 में से 4 मुकाबलों में हार मिली जबकि 5 मैच रहे ड्रा



**मैनचेस्टर, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट में मिली रोमांचक हार के बाद भारतीय टीम अब मैनचेस्टर में इंग्लैंड से 23 जुलाई से भिड़ेगी। इस मैदान पर भारतीय टीम का टेस्ट रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है और टीम को यहां नौ में से चार मुकाबलों में हार मिली है, जबकि पांच मैच ड्रॉ रहे हैं।

### आइए डालते हैं यहां के इतिहास पर एक नजर।

**विजय मर्चेंट** और मुश्ताक अली का शतक, 1932 भारतीय टीम ने इस मैदान पर पहला मुकाबला 1936 में खेला था, तब टीम के कप्तान विजयनगरम के महाराजा हुआ करते थे। यह मैच ड्रॉ रहा था, लेकिन दूसरी पारी में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजों विजय मर्चेंट और मुश्ताक अली ने शानदार शतक लगाया था और पहले विकेट के लिए 203 रनों की साझेदारी की थी। यह वही मुश्ताक अली हैं, जिनके नाम पर भारत का घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेला जाता है। यह पहली बार था, जब भारत के दो बल्लेबाजों ने एक ही पारी में शतक लगाए हों।

### लाला अमरनाथ और वीनू मांकड़ का पंजा, 1946

1946 में खेला गया यह मैच भी ड्रॉ रहा था, लेकिन इस मैच को लाला अमरनाथ और वीनू मांकड़ के पंजे के लिए जाना जाता है। यह पहली बार था, जब भारत के किन्हीं दो गेंदबाजों ने एक ही पारी में पंजा हासिल कर पूरी टीम को पवेलियन भेजा हो। भारतीय टीम के इतिहास में ऐसा सिर्फ पांच बार और हुआ है। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने मध्यम तेज गेंदबाज अमरनाथ और बाएं हाथ के स्पिनर मांकड़ की मदद से इंग्लैंड को सिर्फ 294 रनों पर सिमेट दिया था। हालांकि भारतीय टीम सिर्फ 170 रन पर सिमट गई, जिसमें एक बार फिर मर्चेंट और मुश्ताक के बीच शतकीय साझेदारी शामिल थी। दूसरी पारी में दोबारा अमरनाथ ने तीन और मांकड़ ने दो विकेट लिए, लेकिन अंत में यह मैच ड्रॉ रहा।

### टेस्ट में उस समय का भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर, 1952

इस टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम फ्रेंड ट्रूमैन के घातक गेंदबाजी (8 विकेट) के सामने सिर्फ 58 रन पर सिमट गई थी, जो उस समय का भारत का संयुक्त रूप से न्यूनतम टेस्ट स्कोर था। 1947 में भारत, ऑस्ट्रेलिया के सामने ब्रिस्बेन में भी 58 रन पर ऑलआउट हुई थी। खैर, पहली पारी में 58 पर ऑलआउट होने के बाद दूसरी पारी में भी कुछ खास नहीं कर सकी और 82 रन पर ऑलआउट हो गई, जो उस समय भारतीय टेस्ट क्रिकेट का न्यूनतम तीसरा स्कोर था। इस बार एलेक बेडसर ने इंग्लैंड की टीम की ओर से पंजा लिया और इंग्लैंड की टीम पारी और 207 रनों से यह मैच जीत गई।

### उमरीगर और अब्बास अली का शतक गया बेकार, 1559

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने सुरेंद्र नाथ के पंजे के बावजूद 490 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 208 रन ही बना सकी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में आठ विकेट के 265 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी और भारत को 548 का बड़ा लक्ष्य दिया। भारत की तरफ से दूसरी पारी में पाली उमरीगर (118) और अब्बास अली (112) ने शानदार शतक लगाया, लेकिन दोनों भारतीय टीम को 171 रनों की एक बड़ी हार से बचा नहीं सके।

### बारिश ने भारत को बचाया 1971

पिछले लगातार दो मैचों में मिली हार के बाद मैनचेस्टर का यह मैच ड्रॉ हुआ था। इस मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में कप्तान रे इलिंगवर्थ की शतक की मदद से 386 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारतीय टीम सिर्फ 212 रनों पर ही सिमट गई, जिसमें सुनील गावस्कर और एकनाथ सोल्कर का अर्द्धशतक शामिल था। गावस्कर की यह दूसरी टेस्ट सीरीज थी और उन्होंने 57 रनों की पारी को अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट माना था। कारण यह पिच एकदम ग्रीन टॉप विकेट थी और बादल से घिरे ठंडी हवाओं के झोकों में उन्हें जॉन प्राइस और पीटर लीवर जैसे तेज गेंदबाजों की नई गेंद का सामना करना था। लीवर ने पहली पारी में 88 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लिए। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 245 रन पर पारी घोषित कर भारत को 420 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन भारी बारिश होने और मैदान पर पानी भरने के कारण पांचवें दिन को रद्द घोषित कर दिया गया।

### गावस्कर का इंग्लैंड में पहला शतक लेकिन भारत की हार 1974

गावस्कर ने अपने पहले इंग्लैंड दौरे पर दो अर्द्धशतक तो लगाए थे, लेकिन अंग्रेजी धरती पर उनके नाम कोई शतक नहीं था। यह हुआ उनके दूसरे इंग्लैंड दौरे के पहले मैच में जब उन्होंने मैनचेस्टर में 101 रनों की पारी खेली। दूसरी पारी में भी गावस्कर ने अर्द्धशतक लगाया, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ ना मिलने से भारत यह मैच 100 से अधिक रन के अंतर से हार गया।

### खराब मौसम का शिकार मैच, 1982

1983 विश्व कप से एक साल पहले भारतीय टीम गावस्कर के कप्तानी में इंग्लैंड गई हुई थी। इस टीम के अधिकतर खिलाघी वही थे, जिन्होंने बाद में विश्व कप खेला। यह मैच बारिश और खराब मौसम की भेंट चढ़ गया और दोनों ही टीमें सिर्फ एक ही पारी खेल पाईं। इस मैच को संदीप पाटिल के शतक के लिए जाना जाता है, जब उन्होंने नाबाद 129 रनों की पारी खेली और कपिल देव (65) के साथ सातवें विकेट के लिए 96 और मदद लाल (26) के साथ आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़े।

### तेंदुलकर के पहले शतक का गवाह बना मैनचेस्टर, 1990

सचिन तेंदुलकर ने विश्व क्रिकेट में सर्वाधिक 51 टेस्ट शतक लगाए हैं, लेकिन उनका पहला टेस्ट शतक मैनचेस्टर में आया था। यह तेंदुलकर का नौवां टेस्ट मैच था। उन्होंने कुछ अर्द्धशतक लगाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी क्षमता की झलक तो दिखाई थी, लेकिन इस पारी से लगा कि यह युवा बल्लेबाज बड़ी पारियां भी खेल सकता है। पहली पारी में 68 रन बनाने के बाद जब तेंदुलकर दूसरी पारी में उतरे तो भारत 408 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी आधी टीम को 128 रनों पर खो चुका था। तेंदुलकर ने इसके बाद कपिल देव (26) के साथ 57 रनों की साझेदारी की और फिर मनोज प्रभाकर (67) के साथ नाबाद 160 रन जोड़ भारत को हार से बचा लिया।

### स्टुअर्ट ब्रॉड की आंधी में उड़ी टीम इंडिया, 2014

यह इस सदी में इस मैदान पर भारतीय टीम का पहला और अभी तक का एकमात्र मैच है। स्टुअर्ट ब्रॉड ने पहली पारी में छह विकेट लिए और भारतीय टीम को सिर्फ 152 पर समेट दिया। भारत के छह बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए और महेंद्र सिंह धोनी (71) ने टीम का सम्मान बचाया। आर अश्विन ने 40 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने जो रूट के 77 और जॉस बटलर के 70 रनों की मदद से 367 रन बना दिए। इस पारी के दौरान वरूण आरोन का एक बाउंसर पुल करने के चक्कर में ब्रॉड चोटिल हुए और दूसरी पारी में गेंदबाजी करने नहीं आए। लेकिन इंग्लैंड का यह स्कोर भारतीय बल्लेबाजों के लिए काफी था।

---

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### प्रगनानंदा ने विश्व नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है। 19 साल प्रगनानंदा ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन को केवल 39 चालों में मात दी। कार्लसन को प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हराया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकेंड अतिरिक्त मिलते हैं। नार्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन को हाल ही में भारत के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश भी लगातार दो बार हरा चुके हैं। प्रगनानंदा संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंचे मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में मिली जीत के साथ आर प्रगनानंदा 4.5 पाइंट्स के साथ आठ खिलाड़ियों वाले टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ प्रगनानंदा, कार्लसन को तीनों फार्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में हराने में सफल रहे। चार में से तीन राउंड में जीत चुके हैं प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोदि. रबेक के खिलाफ ड्रा खेलकर की थी। इसके बाद दूसरे राउंड में उनका सामना असाउबायेवा से हुआ था, जिसमें वह जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे। भारतीय टीम दूसरी पारी में भी 161 के स्कोर से आगे नहीं बढ़ पाई और पारी व 54 रनों से यह मुकाबला हार गई।

### एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के पदक विजेता सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। डॉ. मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात की तस्वीरें साझा की। इस अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। डॉ- मांडविया ने कहा कि पहलवानों के धैर्य, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम ने देश को गौरवान्वित किया है। मैं उनके खेल जीवन में निरंतर सफलता की कामना करता हूँ। इस दौरान खिलाड़ियों ने डॉ. मांडविया से बातचीत की और खिलाड़ियों ने उनके साथ अपने-अपने अनुभव साझा किए।

---

## भारत की अंडर-20 महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को हराया

**ताशकंद, वार्ता।** भारत की अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने अपने दूसरे मैत्री मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 4-1 से हरा दिया। डोस्टलिक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में हाफ टाइम तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर थीं। भारत के लिए सिबानी देवी नोंग्मीकापम ने (28वें, 85वें) मिनट में दो गोल दागे, और सुलांजना राउल ने (65वें) और नेहा ने (71वें) मिनट में एक-एक गोल किए। बुधवार को उज्बेकिस्तान के लिए एकमात्र गोल शखनोजा डेकनबायेवा (37वें) ने किया। पहले मैत्री मैच वाली टीम में उज्बेकिस्तान ने चार बदलाव किए। जबकि भारतीय अंडर-20 टीम के कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने दो बदलाव किए। डिफेंस में निशिमा कुमारी की जगह जूही सिंह, लिंहगदेइकिम की जगह एरीना देवी नामीराकपम ने मिडफील्ड संभाला।

## महिला टीम का सीरीज का जीत के साथ आगाज

● पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया, दीप्ति शर्मा के नाबाद 62 रन

**साउथैंप्टन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में जीत के साथ आगाज किया है। साउथैम्प्टन के रोज बाउल मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 258 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके बाद भारतीय टीम ने इस टारगेट को 48.2 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर हासिल करने के साथ सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड की खराब शुरुआत इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। भारतीय गेंदबाज क्रांति गौड़ ने 8 के स्कोर पर एमी जोंस को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। जोंस केवल एक रन ही बना सकीं। फिर 20 के स्कोर पर दूसरी ओपनर टैमी ब्यूमोंट को भी गौड़ ने एलबीडब्ल्यू कर इंग्लैंड का दूसरा विकेट लिया। क्रांति गौड़ ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी हुईं। टैमी ब्यूमोंट के आउट होने के बाद तीसरे विकेट के लिए स्किवर ब्रंट और एमा लैंब ने 87 गेंदों पर 71 रन की साझेदारी की।

स्किवर ब्रंट ने 52 गेंदों पर 41 रन और एमा लैंब ने 50 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। दोनों को स्नेह राणा ने पवेलियन भेजा। पांचवें विकेट के लिए सोफिया डंकली और एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने 142 गेंदों पर 106 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 258/6 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।



दीप्ति शर्मा

---

## आंद्रे रसेल ने की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा



● रसेल अपने आखिरी दो अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे

**किंग्स्टन, वार्ता।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्र रेसल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच आगामी पांच मैचों की घरेलू टी-20 सीरीज के शुरुआती दो मैच टीम के लिए उनके आखिरी मुकाबले होंगे। सेंतीस वर्षीय रसेल को पांच मैचों की सीरीज के लिए विंडीज की टीम में शामिल किया गया है। इस सीरीज के शुरुआती दो मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो इस ऑलराउंडर का घरेलू मैदान है। विंडीज क्रिकेट ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनके संन्यास की खबर के बारे में जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 सदस्यीय वेस्टइंडीज टीम में शामिल आंद्रे रसेल 20 जुलाई से शुरू होने वाली टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। पिछले साल के अंत में चोट के कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम का हिस्सा नहीं बन पाए थे। दो बार के विश्व चैंपियन और 2012 और 2016 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे जमैका के रसेल अपने आखिरी दो अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे। रसेल वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभारी हैं और उन्होंने एक दशक से भी ज़्डादा समय तक मैरून जर्सी पहनने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने क्रिकेट वेस्टइंडीज से कहा कि शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता कि इसका क्या मतलब था। वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक रहा है। जब मैं बच्चा था, तो मुझे इस स्तर तक पहुँचने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जैसे-जैसे आप खेलना शुरू करते हैं और खेल से प्यार करने लगते हैं।

## प्रो लीग में खराब प्रदर्शन भारतीय टीम के लिए एक चेतावनी: श्रीजेश



● भारत एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद आठवें स्थान पर रहा था

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व महान हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का खराब प्रदर्शन अगस्त में होने वाले एशिया कप से पहले एक चेतावनी है।

कल शाम 20वें वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के उद्घाटन समारोह में पत्रकारों से बातचीत में श्रीजेश ने कहा कि मुझे लगता है कि टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए, हमने मैदान पर कड़ी टक्कर दी, लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि परिणाम हमारे खिलाफ जाता है। यह परिणाम एशिया कप और अगले साल होने वाले विश्वकप और एशियाई खेलों जैसे अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले हमारे लिए एक चेतावनी है। भारत एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहा था। एशिया कप 2025 राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। हॉकी विश्वकप 2026 बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में 14 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा। एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होंगे। श्रीजेश ने इस बात पर खुशी जताई कि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ रहने के लिए दौड़ को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष अधिक लोग इसमें शामिल हो रहे हैं और दौड़ना (दिल्ली हाफ मैराथन में) और भी लोकप्रिय होता जा रहा है, यह रोमांचक है, लोगों को स्वयं को चुनौती देनी चाहिए और लय में आना चाहिए।

भारत की पुरुष राष्ट्रीय अंडर-21 टीम के मुख्य कोच ने कहा कि एक कोच के रूप में उनका मुख्य काम यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी दबाव से निपटना सीखें। उन्होंने कहा कि एक कोच के रूप में मेरा काम खिलाड़ियों पर से दबाव कम करना है। मैं उन्हें बताता हूँ कि जूनियर विश्वकप के दौरान लगभग 10 हजार लोग आपका उत्साहवर्धन करेंगे और चिल्लायेंगे, इन बातों को स्वीकार करें।

---

## आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए भारत को सुदर्शन को खिलाना चाहिए: दीप



**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी चौथे टेस्ट को ध्यान में रखते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा है कि भारत को आगामी मुकाबले में करुण नायर के बजाए साई सुदर्शन को अंतिम एकादश में खेलाना चाहिए। जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ दीप दासगुप्ता ने भारत की प्लेइंग इलेवन में किसी बदलाव पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, "प्लेइंग इलेवन में, आप एक से ज्यादा बदलाव नहीं चाहते। अगर सिर्फ एक ही बदलाव है, तो वह करुण नायर की जगह साई सुदर्शन को एकादश में शामिल करना होगा क्योंकि करुण नायर ने कोई रन नहीं बनाया है। उन्होंने शुरुआत तो की है, लेकिन उसे बड़े स्कोर में नहीं बदला है। उन्होंने कहा कि मेरा यह भी मानना है कि वह क्रीज पर भी उतने सहज नहीं दिख रहे हैं। और दूसरी बात, साई सुदर्शन एक युवा खिलाड़ी हैं। अगर आप इस इंग्लैंड सीरीज में निवेश करना चाहते हैं, तो आपको किसी युवा खिलाड़ी पर निवेश करना चाहिए। दीपदास ने कहा कि करुण नायर ने दोनों टेस्ट मैचों में शुरुआत की है, लेकिन वह उतने प्रभावशाली नहीं दिखे हैं।

## आईसीसी रैंकिंग: विराट के तीनों फॉर्मेट में 900+ पाइंट्स

● ऐसा करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर, विराट कोहली के टी-20 में बेस्ट पाइंट्स 897 से 909 हुए

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी ने टी-20 रैंकिंग सिस्टम को अपडेट किया। इसी के साथ इस फार्मेट से 2024 में रिटायर हो चुके विराट कोहली ने अनोखा रिकॉर्ड बना दिया। वे तीनों फार्मेट में 900 से ज्यादा रेटिंग पाइंट्स हासिल करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेट बन गए। टी-20 में विराट के बेस्ट रेटिंग पाइंट्स 897 थे, जो अब बढ़कर 909 हो गए।

यह पाइंट्स उन्होंने 2014 में हासिल किए थे, जो रैंकिंग सिस्टम अपडेट होने के बाद बढ़ गए। विराट टेस्ट में 937 और वनडे में 909 रेटिंग पाइंट्स 2018 में ही हासिल कर चुके हैं। विराट ने इसी साल में 12 मई को टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था। उन्होंने वनडे से संन्यास नहीं लिया, जिसकी बैटिंग रैंकिंग में वे फिलहाल चौथे नंबर पर हैं। टी-20 इतिहास की तीसरी बेस्ट रेटिंग हासिल की 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन बनाए। टीम को जीत मिली, जिसके बाद विराट ने टी-20 से संन्यास ले लिया। आईसीसी हर साल अपने रैंकिंग सिस्टम में कुछ बदलाव करता है। इससे कई प्लेयर्स की रैंकिंग में हल्का चेंज आता है। इसी से विराट के पाइंट्स 897 से बढ़कर 909 हो गए, जिससे उनके नाम सबसे छोटे फार्मेट में भी 900 प्लस रेटिंग पाइंट्स का रिकॉर्ड बन गया। विराट के 897 रेटिंग पाइंट्स 7 सितम्बर 2014 को हुए थे। कोहली इस फार्मेट में लगातार 1202 दिन तक नंबर-1 बैटर भी रह चुके हैं। 909 पाइंट्स हासिल करने के बाद वे टी-20 इतिहास में बेस्ट रेटिंग पाइंट्स हासिल करने वाले तीसरे बैटर बन गए।

इंग्लैंड के डेविड मलान 919 पाइंट्स के साथ पहले और भारत के ही सूर्यकुमार यादव 912 रेटिंग पाइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। आईसीसी रैंकिंग अपडेट के बाद विराट के नाम 1202 दिन तक लगातार नंबर-1 टी-20 बैटर बने रहने का रिकॉर्ड बन गया। उनसे ज्यादा नंबर-1 रैंक पर दुनिया का कोई भी प्लेयर नहीं रहा। 2018 में तीनों फार्मेट में एक साथ नंबर-1 बने थे विराट कोहली 2018 में पहली बार टेस्ट फार्मेट में नंबर-1 बैटर बने थे। तब उन्होंने इंग्लैंड में 593 रन बनाए थे। इस दौरे के बाद विराट 937 पाइंट्स के साथ नंबर-1 टेस्ट बैटर बन गए थे। इसी दौरान विराट के वनडे में भी 909 रेटिंग पाइंट्स हो गए थे। 2018 में अपने बेस्ट फार्म के दौरान विराट ने तीनों फार्मेट में एक साथ नंबर-1 रैंक बैटर रहने का रिकॉर्ड भी बना लिया था। कोहली के अलावा आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ही एक समय पर तीनों फार्मेट में नंबर-1 बैटर रह चुके हैं। इन 2 के अलावा आस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और भारत के जसप्रीत बुमराह ही तीनों फार्मेट में नंबर-1 प्लेयर बन सके।

हालांकि, हेडन और बुमराह अलग-अलग समय पर तीनों फार्मेट में नंबर-1 प्लेयर बने। विराट कोहली टेस्ट में 10 हजार रन नहीं बना सके, लेकिन 2020 में आईसीसी ने उन्हें दशक की बेस्ट टेस्ट टीम का कप्तान बनाया था। टी-20 रैंकिंग अपडेट के बाद एक सवाल फिर खड़ा हो गया कि क्या विराट कोहली दुनिया के बेस्ट आल फार्मेट प्लेयर हैं? आंकड़ों में इस बात का जवाब ढूंढें तो विराट ने वनडे में 14181, टी-20 में 4188 और टेस्ट में 9230 रन बनाए। टेस्ट में वे 19वें टॉप स्कोरर रहे, लेकिन वनडे और टी-20 में तीसरे टॉप रन स्कोरर हैं। विराट अगर किसी एक भी फार्मेट में टॉप स्कोरर बन जाएं तो जरूर बेस्ट आल फार्मेट बनने की रेस में टॉप कर सकते हैं।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में डिविलियर्स की धमाकेदार वापसी होगी

**बर्मिंघम, वार्ता।** इस साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में एबी डिविलियर्स की चार साल बाद वापसी देखने को मिलेगी, साथ ही युवराज सिंह, शिखर धवन, हरभजन सिंह, ब्रेट ली, क्रिस गेल, कीरा.ेन पोलार्ड और इयोन मोर्गन जैसे वैश्विक दिग्गज भी खेलेंगे-जो प्रतिद्वंद्विता को फिर से जीवंत करेंगे और उस जादू को फिर से जीवंत करेंगे जिसने उन्हें दिग्गज बनाया। 18 जुलाई से 2 अगस्त तक बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीसेस्टर और लीड्स में आयोजित होने वाला डब्ल्यूसीएल 2025, इंग्लैंड और ईसीबी द्वारा अनुमोदित एक भव्य ग्रीष्मकालीन आयोजन में बीते जमाने के नायकों को एक साथ लाता है।

# सांसद इकरा के समर्थन में सपाइयों का कमिश्नरी पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कैराना सांसद चौ. इकरा हसन के साथ एडीएमई द्वारा की गयी अभद्रता का आज सपा कार्यकर्ताओं ने कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया और मण्डलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कठोर कार्यवाही की मांग की।

आज सपा कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद के नेतृत्व में दिल्ली रोड स्थित मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने मंडल आयुक्त अटल कुमार राय को दिए ज्ञापन में बताया गया कि 1 जुलाई को सांसद इकरा हसन पूर्व सूचना देने के बाद नगर पंचायत छुटमलपुर की अध्यक्ष श्रीमती शमा परवीन के साथ अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) से मिलने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पहुँची थीं। परंतु निर्धारित समय पर भी अधिकारी न तो कार्यालय में उपस्थित थे और न ही उन्होंने सांसद के फोन कॉल का उत्तर दिया।



जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने बताया कि दो घंटे की लंबी प्रतीक्षा के बाद जब अधिकारी उपस्थित हुए तो सांसद द्वारा विषय उठाए जाने पर उन्होंने न केवल टालमटोल किया, बल्कि एक निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। उन्होने कहा कि जब सांसद ने इस पर आपत्ति जताई तो अधिकारी ने उन्हें कार्यालय से बाहर जाने और जहां चाहो, शिकायत कर लो जैसे शब्दों से अपमानित किया।

वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा, प्रदेश सचिव मजाहिर राणा प्रदेश सचिव पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप एवं प्रदेश सचिव रूही अंजुम महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी ने कहा इस घटना को सांसद के विशेषाधिकारों का खुला उल्लंघन बताते हुए कहा कि यह न केवल लोकसभा सांसद का अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं का भी घोर उल्लंघन है।

इस मौके पर सपा नेता साजिद चौधरी, ममता चौधरी, मोहसीन, पूर्व वीरेंद्र ठाकुर परवेज मलिक मोनिस रजा चौधरी सलीम अख्तर चौधरी अब्दुल गफूर अनुज मदनुकी इसरार चौधरी अहमद मलिक प्रधान घोघरेकी मौ. शाहिद विलास राणा मो. हसिन मलिक जिला उपाध्यक्ष कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी पार्षद फहाद सलीम पार्षद अहमद मलिक चौधरी नियाज गुलशन खान महजबी खान जमाल साबरी काशिफ अल्वी उस्मान गड़ा वासिल तोमर चौधरी मेहरबान फिरोज शोएब राव मासूम वसीम हसीन इरशाद सलमानी अजय पुंडीर अच्छन यादव किरण पाल राणा विशाल यादव आफताब जुमला सिंह रवि कांबोज इस्लाम अजय नाथोड़ी रामदोल शहजाद माजरा रागिब अली राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विधायक आशु ने 3 ब्लाकों में मांगा स्टेडियम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के देहात विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति की बैठक में अपनी विधानसभा क्षेत्र के तीन ब्लाकों में मिनी स्टेडियम बनाये जाने तथा स्पोर्टस कालेज व क्रिकेट एकेडमी निर्माण की मांग की।



लखनऊ में आयोजित बैठक में देहात विधायक ने कहा कि देहात विधानसभा के ब्लाक बलियाखेडी, मुजफ्फराबाद व पुंवारका में स्टेडियम या मिनी स्टेडियम निर्माण की जरूरत है। ताकि युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढने का मौका मिल सके। ब्लाक बलियाखेडी के अन्तर्गत ग्राम सभा नोजली, नन्हेडा गाजी, कोटा, उमाही ग्राम समाज द्वारा स्टेडियम या मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की सहमति दी गयी है। ब्लाक मुजफ्फराबाद में ग्राम सभा दतौली मुगल, बेहडा सन्दल सिंह अल्हेडी द्वारा स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की सहमति दी गयी है। वहीं पुंवारका ब्लाक की ग्राम सभा पुंवारका, गागलहेडी, चौरादेव, कैलाशपुर, मुगल माजरा व चन्द्रौली, घानाखंडी द्वारा भी इस तरह के निर्माण की स्वीकृति दी गयी है। उन्होने बैठक में कहा कि देहात विधानसभा में न तो कोई स्टेडियम और न ही कोई मिनी स्टेडियम है। यह विधानसभा क्षेत्र आधा शहरी व आधा ग्रामीण है और इसका केन्द्र बिन्दू गागलहेडी है जहां पर स्पोर्टस कालेज तथा क्रिकेट एकेडमी स्थापना की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि बेहट विधानसभा में कई वर्षो से स्पोर्टस कालेज निर्माण होने की सूचना मिल रही है, लेकिन अभी तक भी इसकी इस्थापना नही हो पाई।

## वायरल वीडियो पर सिपाही लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** काँवड़ यात्रा के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों का रिश्वत लेते वायरल वीडियो का संज्ञान ले एसएसपी ने लाईन हाजिर कर दिया।

बता दें कि काँवड़ यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। बावजूद इसके कुछ पुलिस कर्मियों की लापरवाही व भ्ष्टाचार की नीति खाकी की साख पर बट्टा लगा रही है। जिसके चलते कोतवाली क्षेत्र के गांव चुनैहटी गाड़ा स्थित पुलिस चौकी पर काँवड़ यात्रा के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें ओवरब्रिज के नीचे ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के पास दो युवक आकर नो एंट्री से ट्रक को निकालने की बात कर रहे हैं और उन्हें कुछ पैसे दे रहे हैं।

# काजी फरहान ने की कांवड़ियों की सेवा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अल्पसंख्यक छात्र संगठन के पूर्व अध्यक्ष काजी फरहान अख्तर ने कांवडियों को जूस व पानी की बोतले वितरित कर मानवता की मिसाल पेश की है।

काजी फरहान अख्तर ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करके जो सुकून मिलता है, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।ष उन्होंने बताया कि हरियाणा की ओर जा रहे कांवड़ यात्रियों को ठंडा जूस एवं पानी वितरित किया गया। काजी फरहान ने कहा कि हिंदुस्तान एक ऐसा देश है जहां सभी धर्मो का समान रूप से सम्मान किया जाता है। कुछ लोग जहां धर्म के नाम पर नफरत फैलाते हैं, वहीं कुछ लोग सेवा और भाईचारे की मिसाल कायम करते हैं। हमें मिलकर एकजुटता और आपसी प्रेम का संदेश देना चाहिए।

उन्होंने सभी से आह्वान किया कि धर्म, जाति से ऊपर उठकर मानवता के लिए कार्य करें और ऐसे पुण्य कार्यों में भाग लें।

# बूथ स्तर पर संगठन करें मजबूत: डा.मेघराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के मुख्य मंडल प्रभारी व पूर्व एमएलसी डा. मेघराज जरावरे ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करें, ताकि एक बार फिर प्रदेश में बसपा सरकार और मुख्यमंत्री बहनजी बने।



डा.मेघराज देहरादून चौक स्थित बसपा कार्यालय पर संगठन की विशेष समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी कार्यकर्त्ताओ सभी विधानसभा अध्यक्ष और सेक्टर अध्यक्ष को बसपा सुप्रीमो बहन मायावती द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए गए उसकी जानकारी दी और सभी कार्यकर्ताओ की समस्या को सुना और उसका समाधान भी बताया। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा कार्यकर्ता मजबूत नहीं होगा तब तक पार्टी भी मजबूत नहीं होंगी

मुख्य मण्डल प्रभारी राजेश प्रधान, मंडल कॉर्डिनेटर सरफराज राइन, जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह ने संयुक्त ब्यान देते हुए कहा की आने वाले 2027 के चुनाव मे यदि हमें अपनी सरकार बनानी है तो हमें आज ही से इसकी तैयारी करनी होगी।

बैठक मे ऋषिपाल गौतम, जिला संयोजक सुशील जयसवाल,, रति राम गौतम, बेहट विधान सभा प्रभारी वेदपाल गौतम, विशाल शर्मा, नकुड़ विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र पालीवाल, मनीष काम्बोज, सचिव विजयपाल, नगर विधानसभा से अनिल धारिया, गुलफाम अंसारी, डॉ. आहतेशाम मलिक, नेयर हशन, रामपुर विधानसभा अध्यक्ष शीतल, मो. हकम सिंह, देहात विधानसभा से हर्षित तोमर, देवबंद विधानसभा से मुकेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, हर्षित प्रधान, रामपुर मनिहारन से राजू पालीवाल, शीतल कुमार, गंगोह विधानसभा प्रभारी ओमपाल सिंह, गंगोह विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र ओलरी, जितेंद्र कश्यप, देवबन्द से धर्मेंद्र गौतम, सुनेश प्रधान, सुखवीर प्रधान,जिला कार्यकारिणी सदस्य के आर भाटला, देहात विधानसभा भाई चारा कमेटी अध्यक्ष सुशील बौद्ध,मंडल कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह,वरिष्ठ कार्यकर्ता कंवर सेन लाम्बा, अमर सिंह, रामसिंह, पूर्व प्रधान सुरेश चंद, वसीम चौधरी, एडवोकेट प्रमोद गौतम, आदि कार्यकर्ता मौजूद रह।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में निगम को 16वीं रैंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में 60 स्थानों की छलांग लगाते हुए देश में 16वीं रैंक प्राप्त की है।

सहारनपुर ने तीन लाख से दस लाख की जनसंख्या वाले नगरों में राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए निर्धारित 12500 अंकों में से 10338 स्कोर के साथ 82.70 प्रतिशत अंक हासिल किये है। इस श्रेणी में सहारनपुर ने 101 शहरों के साथ स्पर्धा की है। वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर सहारनपुर को 40वीं तथा 2023 में 76वीं रैंक प्राप्त हुई थी। जबकि प्रदेश में इस वर्ष 11वीं रैंक हासिल की हैं। अपर नगरायुक्त/प्रभारी अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन मृत्युंजय ने जानकारी देते हुए बताया कि गार्बेज फ्री सिटी में सहारनपुर को वन स्टार तथा ओडीएफ/वाटर श्रेणी में वाटर प्लस (सीवरेज पानी को उपचारित कर दोबारा प्रयोग करने वाली श्रेणी वाटर प्लस के अंतर्गत आती है) प्राप्त हुआ है। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में निगम ने सौ प्रतिशत नंबर हासिल किये है। जबकि कूड़ा पृथक्करण में 43 प्रतिशत, रेजीडेंशियल सफाई में 95 प्रतिशत, बाजारों में सफाई के लिए 91 प्रतिशत, नाला/तालाबों की सफाई में 100 प्रतिशत तथा शौचालयों की सफाई में 95 प्रतिशत नंबर हासिल किये हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार ने स्वच्छता रैंकिंग में जबरदस्त सुधार के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर निगम की टीम को बधाई दी है। नगर निगम लगातार स्वच्छता के क्षेत्र में नया इतिहास लिख रहा है, आगामी वर्षो में पहले हम टॉप फाइव में अपना स्थान

**उत्तर प्रदेश में मिली 11 वीं रैंक, मेयर व नगर आयुक्त ने दी बधाई**

सुनिश्चित करते हुए जनता के सहयोग से प्रथम स्थान की दौड़ में शामिल होंगे। नगरायुक्त शिपू गिरि ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों ने नगर निगम की टीम में और अधिक उत्साह का संचार किया है। निगम की टीम को और अधिक स्वच्छ रखने के लिए नयी ऊर्जा और समर्पण के साथ काम करेगी। महापौर और नगरायुक्त ने इस उपलब्धि का श्रेय स्वच्छता से जुडेघ् प्रत्येक कर्मचारी तथा शहर वासियों को दिया है। जन सहयोग और सफाई से जुडे कर्मचारियों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था।

# कॉलेज जा रहे कक्षा 11 के छात्र पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर के एक प्रतिष्ठित इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कक्षा 11 के छात्र पर उस समय हमला कर दिया गया जब छात्र रोज की तरह अपने घर से सुबह कॉलेज जा रहा था।

पीड़ित छात्र के पिता संजय ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनका बेटा सुबह लगभग आठ बजे घर से कॉलेज जा रहा था कि रास्ते में आर्यन, वाशु, आकाश, गौरव और शिव नामक युवकों ने उसे रोक. कर झगड़े के लिए उकसाना शुरू कर दिया। बेटा खुद को अकेला देखकर किसी तरह कॉलेज परिसर में भागकर पहुंचा। तहरीर के अनुसार आरोपित युवक कॉलेज में भी जबरन घुस आए और छात्र को जातिसूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पिता संजय का आरोप है कि बाद में अध्याना मोड़ पर उक्त युवकों ने आसपास के गांवों से अन्य युवकों को भी बुला लिया था।

घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आरोपित युवक तब तक फरार हो चुके थे। पीड़ित का कहना है कि यदि समय पर प्रभावी कार्रवाई होती तो आरोपी गिरफ्त में आ सकते थे।

फिलहाल परिजन घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# स्मार्ट मीटर पर बिजली कर्मियों का विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने सभी बिजली कर्मियों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला लिया था. लेकिन अब इस फैसले का खुद बिजली विभाग के ही कर्मचारी इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। बिजली कर्मचारियों का कहना है कि यह हमारा हक है. लेकिन अब हमसे हमारा हक भी हमसे छीना जा रहा है।

विभागीय कर्मचारियों ने अपनी कॉलोनी के घरों में मीटर लगाने और निजीकरण के खिलाफ बृहस्पतिवार को 66 केवी बिजली घर जनक नगर कॉलोनी क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि हमें किसी भी कीमत पर घर में मीटर लगाना मंजूर नहीं है। बिजली कर्मचारियों के घरों में मीटर लगाने आए प्राइवेट विभागीय कर्मियों को मीटर नहीं लगाने दिया गया। उन्हें बेरंग लौटा दिया गया,जहाँ सभी कर्मचारी एकत्र हुए और उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के इस फैसले के खिलाफ जोरदार आवाज भी उठाई।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के कर्मचारियों का कहना है कि बिजली कर्मचारियों के यहां मीटर लगाने का निर्णय बिल्कुल भी सही नहीं है उन्होंने कहा कि जबकी नियमावली में बिजली कर्मियों को रियायती बिजली का प्रावधान भी है।

# कांवड़ियों के लिए जिलेभर में लगे सेवा शिविर, शिवमय हुआ कांवड़ मार्ग





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज शहर के कांवड़ शिविरों का निरीक्षण कर निगम द्वारा पेयजल व पथ प्रकाश आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। देहरादून रोड स्थित एक कांवड़ शिविर में नगर विधायक राजीव गुंबर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई व नगरायुक्त शिपू गिरि का पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन भी किया गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज देहरादून रोड के सभी कांवड़ शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों में पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई और शौचालयों की व्यवस्था तथा कांवड़ मार्ग पर निगम द्वारा की गयी साज-सज्जा का भी निरीक्षण किया। एक कांवड़ शिविर संचालक ने शिविर के बाहर लाइट खराब होने की समस्या से अवगत कराया, जिस पर नगरायुक्त ने तुरंत पथ प्रकाश प्रभारी/अधिशासी अभियंता वी पी सिंह को निर्देश देकर ठीक कराया।

नगरायुक्त ने कांवड़ संचालकों से कांवड़ यात्रा को पूरी तरह प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक से मुक्त रखने की अपील करते हुए कहा कि पॉलीथिन प्रदूषण का एक बड़ा माध्यम है जो लोगों के जीवन में जहर घोल रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी भीवी पीढ़ियों को सुरक्षित व संतुलित पर्यावरण देने के लिए आवश्यक है कि हम प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक का उपयोग न करें।

**सरसावा।** नगर के अंबाला रोड किनारे श्री नीलकंठ महादेव कावड़ सेवा शिव शिविर का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना एवं हवन के साथ शुभारंभ हुआ।17 वा शिविर लगा समाजसेवी शिव भक्त कावड़ियों की सेवा में जुटे है।

एक सप्ताह चलने वाले नीलकंठ महादेव शिविर का गुरुवार को हुआ शुभारंभ कावड़ सेवा शिविर में हरिद्वार से कावड़ लेकर आने वाले लाखों शिव भक्त कावड़ियों के लिए भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था की जाती है। इस कावड़ सेवा शिविर के सेवादार अजय चौधरी,आशीष गुप्ता ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से सावन महीने में एक सप्ताह के लिए कावड़ सेवा शिविर लगा भक्तों की सेवा में जुट जाते है। शिविर में पधारने वाले शिव भक्त कावड़ियों के लिए प्रातः नाश्ता दोपहर का भोजन एवं रात्रि भोजन के साथ-साथ उनके विश्राम करने के लिए उनके स्नान करने के लिए उनके लिए चिकित्सा सुविधा वगैरा आदि की उचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर शशि रमण,देवेंद्र शर्मा, आजाद, अमित गुप्ता, चौधरी सचिन चौधरी डॉ अवनीश चौधरी, संजीव चौधरी आदि उपस्थित रहे।

**छुटमलपुर।** रुड़की रोड पर आयोजित महादेव कावड़ सेवा शि. विर का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। आचार्य आशीष नौटियाल ने पूजा-अर्चना कर शिविर की शुरुआत की। इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुम्बर, गंगोह विधायक किरत चौधरी, मेयर डॉ. अजय सिंह, महानगर साहब सिंह पुंडीर, भाजपा नेता शीतल बिश्नोई, प्रदीप राणा, बसंत राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भगवान भोलेनाथ के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया।

वर्षों पुरानी परंपरा को जीवंत रखते हुए इस विशाल कावड़ शिविर में कावड़ियों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। शिविर में भंडारे का आयोजन किया गया, जहां कावड़ियों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, कावड़ियों के स्वास्थ्य की जांच और दवाइयों का मुफ्त वितरण भी किया जा रहा है। शिविर में स्वच्छता, विश्राम और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि कावड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक जगपाल सिंह, विजेंद्र कश्यप, योगेश पुंडीर, अर्जुन राणा, योगेश कुमार, विकास चौहान, नीरज जैन, राजेश राणा, राकेश राणा, सोमपाल राणा, विजयपाल सिंह, संजय राणा, ठाकुर जसवीर सिंह, राहुल राणा, जनेश्वर पंडित, विजेंद्र धीमान, राजीव पाराशर, बृजेश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को शिव परिवार की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया।

आयोजक अंकित राणा ने सभी उपस्थित व्यक्तियों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर कावड़ियों की सेवा और सुविधा के लिए समर्पित है, जो श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो रहा है। यह शिविर न केवल धार्मिक भावनाओं को बल देता है, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भाव को भी प्रोत्साहित करता है।

यह आयोजन कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए एक आदर्श सेवा केंद्र के रूप में उभर रहा है, जहां उनकी हर आवश्यकता का ध्यान रखा जा रहा है।

**बिहारीगढ़।** प्राचीन शिव मंदिर मे कमेटी द्वारा कांवड़ शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर के अध्यक्ष ब्रजपाल सिंह ने बताया कि यह शिविर 23 जुलाई तक चलेगा। कांवड शिविर का शुभारम्भ एम पी गर्ग ने किया। शिव मन्दिर मे सर्वप्रथम हवन का आयोजन किया गया। शिविर में शिव भक्तों के लिए प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार का प्रसाद तैयार किया जा रहा है। काँवड शिव भक्तों की सुविधा के लिए बेड और पंखों की व्यवस्था की गई है। कांवड़ यात्रियों के लिए कूलर भी लगाए गए हैं। किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर मेडिकल सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। 23 जुलाई को शिविर के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कमेटी के सदस्यों ने बताया कि सभी कस्बेवासियों के सहयोग से इस शिविर के माध्यम से कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिये शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर में अध्यक्ष ब्रज पाल राठौर, उपाध्यक्ष देशराज चौहान, महामंत्री अंकित चौहान, संगीत सोम, कोषाध्यक्ष कुलदीप वर्मा, संदीप वर्मा, प्रीतम सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी गुरमीत सिंह, बालकिशन गर्ग, विनोद सैनी ,अनन्त वर्मा, विशाल गोयल, सजंय गोयल राजकुमार, दीपक सैनी, अश्वनी मित्तल, सोहन चौधरी शिवभक्त मौजूद रहे।

# डीआईजी का ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डीआईजी ने मुजफ्फरनगर के डीएम व एसएसपी के साथ दुर्घटना संभावित ब्लैकस्पाट का निरीक्षण किया गया तथा थानाक्षेत्र पुरकाजी व छपार स्थित कांवड़ शिविरो का निरीक्षण कर शि. विरो मे ठहरे हुए श्रद्धालुओ के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने कांवड़ मार्ग पर बाईक का साईलेंसर निकालकर यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कांवड़ियो को यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने तथा उपस्थित अधिकारियो को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।



डीआईजी अभिषेक सिंह द्वारा मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के साथ संभावित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर दुर्घटना कारित करने वाले कारको के सम्बन्ध मे ड्यूटीरत अधिकारीगण कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर हरिद्वार से जल उठाकर परिक्षेत्र की सीमा मे प्रवेश कर रहे श्रद्धालुओं की सुगम व सकुशल यात्रा हेतु तथा 19 जुलाई से प्रारम्भ होने वाली डाक कांवड़ के दृष्टिगत डायवर्जन व्यवस्था सफलतापूर्वक लागू करने पर चर्चा की। भ्रमण के दौरान डीआईजी ने मौके पर उपस्थित अधिकारीगण के साथ बाईको का साइलेंसर निकालकर चलाने वाले कांवड़ियों को रोककर उन्हे साइलेंसर निकालकर बाईक ना चलाने का आह्वान किया गया तथा हिदायत की गई कि अपनी यात्रा को दुर्घटना रहित कांवड़ यात्रा बनाने मे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा कांवड़ियो से अपील की गई कि वह स्वयं की व दूसरो की सुरक्षा हेतु यातायात नियमो का पालन कर अपनी यात्रा पूर्ण करें।

मौके पर मौजूद अधिकारीगण को यातायात नियमो को उल्लंघन करने वाले कांवड़ियो के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने थाना क्षेत्र पुरकाजी व छपार स्थित कांवड शिविरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारीगण द्वारा शि. विरों में ठहरे हुए शिवभक्त श्रद्धालुओं के लिये की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा उनसे संवाद कर सुविधाओं की जानकारी ली गयी। साथ ही शिविर संचालकों को बताया गया कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो तथा जलपान व विश्राम की व्यवस्थाएं सुचारु रुप से संचालित रहें।

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

# ट्रम्प की चाहत

अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया को कैसे चलाना चाहते हैं, उनकी टैरिफ को लेकर देशों को दी जा रही धमकियों से ही पता लग जाता है। उनकी आक्रामकता देखिए कि अभी भारत व अमेरिका के अधिकारियों के बीच ट्रेड व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल ही रही है, इस बीच उनका एक बड़ा दंभपूर्वक बयान भी आ गया।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी उत्पादों की जल्द भारत के बाजारों में पहुंच होने वाली है। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह डील इंडोनेशिया फार्मूले वाली होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में जीरो टैरिफ लगेगा। दो दिन पहले ही अमेरिका ने इंडोनेशिया से इस तरह की डील की है, जिसमें इंडोनेशिया पर 19 फीसद टैरिफ लगाया गया है। अब एक अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 फीसद टैरिफ चुकाना होगा। वहीं अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने अपने ही अंदाज में यह भी कहा कि हमने कई बेहतरीन देशों से समझौते किए हैं हमारा एक और समझौता होने वाला है शायद भारत के साथ। उनका घमंडीपन यहीं नहीं थमता, वह बातचीत के बीच में यह भी बोल गए कि मुझे नहीं पता कि हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा तो वह समझौता हो जाएगा।

इस तरह की भाषा वह तब बोल रहे हैं जब भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची हुई है। जहां वह ट्रेड व्यापार को लेकर बातचीत करेंगे। बताया जा रहा है कि बातचीत सोमवार से शुरू भी हो गई और इसके गुरुवार तक चलने की उम्मीद है। ऐसे में इस तरह के बयानों का क्या मतलब है। जहां तक बात भारत की है, भारतीय अधिकारी चाहते हैं कि समझौते में भारत के लिए टैरिफ रेट 10 फीसदी से कम हो और इसके बदले में अमेरिका अपने उत्पादों के लिए भारत में रियायत चाहता है, लेकिन भारत स्पष्ट कहता रहा है कि वह अपने कृषि और डेरी क्षेत्रों को विदेशी कंपनियों के लिए नहीं खोलेगा। हां भारत जरूर गैर कृषि क्षेत्रों में समझौता करने को तैयार है। अब यह तो तभी पता चलेगा जब किसी तरह का कोई समझौता सामने आता, लेकिन ट्रम्प का व्यवहार यही बता रहा है कि उन्हें किसी समझौते की परवाह नहीं है और वह अपनी शर्तों पर ही समझौता करना चाहते हैं। यह किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए कोई सम्मानजनक बात नहीं हो सकती।

हालांकि भारत की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई और यह ठीक ही है, क्योंकि जब तक दोनों देशों के बीच चल रही ट्रेड वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती तब तक किसी प्रतिक्रिया का कोई मतलब नहीं है, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प को इससे फर्क नहीं पड़ता कि बातचीत चल रही है या नहीं। गुरुवार को एक तरह से उन्होंने अपना फरमान सुना दिया। डोनाल्ड ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि जो देश रूस के साथ व्यापार करेंगे, उससे तेल व गैस लेंगे वे उसके कोपभाजन का शिकार होंगे और बदले में उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है। लगता है कि ट्रम्प को इस बात की भी कोई परवाह नहीं है कि दुनिया उनके विषय में क्या सोच रही है। यह दुखद है कि ट्रम्प व्यापार को युद्ध के रूप में ले रहे हैं।

## ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है स्वच्छता



वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है व सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है, हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है, वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे, न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके अपव्यय को न्यूनतम करना और उन्हें अन्य उद्देश्य के लिए पुनः उपयोग करना, हमेशा से हमारी जीवनशैली का हिस्सा रहा है।

**-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

## नस्लवाद को हराने वाला मानवता का योद्धा

# नेल्सन मंडेला





**योगेश कुमार गोयल**

नेल्सन मंडेला, एक ऐसा नाम, जो समस्त विश्व समुदाय के लिए मानवता, साहस, सहिष्णुता और संघर्ष का प्रतीक बन गया है। प्रतिवर्ष 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, जो न केवल इस महान नेता को श्रद्धांजलि देने का दिन है बल्कि यह पूरी दुनिया को यह संदेश भी देता है कि परिवर्तन लाने के लिए केवल शब्द नहीं बल्कि कर्म आवश्यक हैं।

यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए हम सभी की भूमिका होती है और प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में दूसरों के लिए कुछ कर सकता है। नेल्सन मंडेला का जन्म 18 जुलाई 1918 को दक्षिण अफ्रीका के म्वेजो नामक गांव में हुआ था। वे थेम्बू कुल की एक शाखा मदिवा जनजाति से थे और उनका मूल नाम रोहिलाहला मंडेला था, जिसका अर्थ होता है शरारती। उन्हें नेल्सन नाम उनके स्कूल शिक्षक ने अंग्रेजी नामों की परंपरा के तहत दिया था। उनका जीवन एक सामान्य अफ्रीकी बच्चे की तरह शुरू हुआ लेकिन उनके भीतर असाधारण नेतृत्व क्षमता और अन्याय के प्रति गहरी संवेदना थी, जिसने उन्हें बाद में एक क्रांतिकारी नेता बना दिया।

नेल्सन मंडेला की शिक्षा की शुरुआत क्लार्कबरी मिशनरी स्कूल से हुई। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने फोर्ट हेयर यूनिवर्सिटी और जोहान्सबर्ग स्थित विटवाटर स्रैंड विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने रंगभेद नीति और सामाजिक असमानताओं के विरुद्ध आवाज उठानी शुरू कर दी थी। दक्षिण अफ्रीका में उस समय श्वेत अल्पसंख्यक सरकार द्वारा अपरथाइड नामक नस्लीय भेदभाव की क्रूर नीति लागू थी, जिसके अंतर्गत अश्वेतों को बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा गया था। उन्हें वोट देने, जमीन रखने, शिक्षा प्राप्त करने, अस्पतालों में इलाज करवाने और बसों-रेस्तरां जैसी सार्वजनिक सेवाओं का समान उपयोग करने का अधिकार नहीं था।

मंडेला ने इन्हीं अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाया। वे 1944 में अफीकन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गए और जल्द ही संगठन के युवा विंग के संस्थापक बन गए। अहिंसा और शांतिपूर्ण आंदोलनों के जरिए उन्होंने सरकार पर दबाव बनाना शुरू किया लेकिन जब उन्हें लगा कि सरकार की दमनकारी नीति अहिंसात्मक विरोध को कुचलने पर आमादा है तो उन्होंने उमखोंतो वे सिजवे नामक एक सशस्त्र संगठन की स्थापना की, जो दक्षिण अफीका में क्रांति का आरंभ था।

1962 में मंडेला को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर देशद्रोह, हिंसा भड़काने और विदेशी सहायता प्राप्त करने के आरोप लगाए गए। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और उन्होंने अपना अधिकांश समय कुख्यात रोबेन द्वीप की जेल में बिताया। यह सजा कुल 27 वर्षों की लंबी यातना बन गई परंतु जेल की कोठरी में रहते हुए भी मंडेला की आत्मा आजाद रही। वे न टूटे, न झुके और न डरे। जेल में उन्होंने पढ़ाई की, दूसरे कैदियों को शिक्षित किया और अपना संघर्ष जारी रखा। इस दौरान दक्षिण अफीका और दुनियाभर में मंडेला की रिहाई की मांग उठने लगी। अंततः सरकार झुकी और 11 फरवरी 1990 को नेल्सन मंडेला को जेल से रिहा किया गया। यह क्षण इतिहास में आज भी जीवंत है, जब एक अश्वेत नेता, जिसे वर्षों तक आतंकवादी करार दिया गया था, अब स्वतंत्रता और न्याय का प्रतीक बन चुका था। रिहाई के बाद मंडेला ने अपने सभी विरोधियों को माफ कर दिया।

उन्होंने न केवल अफीकन नेशनल कांग्रेस को फिर से संगठित किया बल्कि देश को भी एकजुट किया। उन्होंने विभाजन नहीं बल्कि मेल-मिलाप की राजनीति की। उनकी इसी दूरदृष्टि और अहिंसा के पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा ने दक्षिण अफ्रीका को नस्लीय संघर्ष से निकालकर लोकतंत्र की ओर अग्रसर किया। दक्षिण अफ्रीका में 1994 में पहली बार बहुजातीय आम चुनाव आयोजित हुए, जिसमें हर नागरिक को मतदान का अधिकार मिला और परिणामस्वरूप नेल्सन मंडेला देश के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने। यह महज एक राजनीतिक जीत नहीं थी, यह एक युग परिवर्तन था। मंडेला ने अपने राष्ट्रपति काल में सुलह, सामाजिक समरसता और आर्थिक पुनर्निर्माण की नीति को अपनाया। उन्होंने जातीय द्वेष के बजाय सहयोग को बढ़ावा दिया। उन्होंने सत्य और मेलमिलाप आयोग की स्थापना की, जहां पीड़ित और अपराधियों दोनों को एक साथ लाया गया ताकि सच्चाई सामने आ सके और समाज नई शुरुआत कर सके। नेल्सन मंडेला की सोच उबुन्टु दर्शन से प्रभावित थी, जो अफ्रीकी संस्कृति में मानवीय संबंधों और सह-अस्तित्व की भावना को महत्व देती है। मंडेला ने यह दिखा दिया कि बदले की भावना से कोई देश नहीं बनता बल्कि माफी और मेल-मिलाप की भावना से स्थाई शांति संभव है।

उनके जीवन के योगदान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला। 1993 में उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 1990 में उन्हें भारत सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया और वे यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी व्यक्ति बने। इसके अलावा उन्हें संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, रूस, फ्रांस जैसे अनेक देशों और संस्थाओं ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया। 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया ताकि लोग उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के लिए स्वयं को समर्पित कर सकें। इस दिन दुनियाभर में सामाजिक सेवा, मानवाधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र का संदेश है कि हर व्यक्ति इस दिन कम से कम 67 मिनट समाजसेवा को समर्पित करे, जो मंडेला के सार्वजनिक जीवन के 67 वर्षों के प्रतीक हैं।

नेल्सन मंडेला का जीवन केवल दक्षिण अफ्रीका तक सीमित नहीं था। उन्होंने दुनिया को यह सिखाया कि सच्चे नेता वह होते हैं, जो अपने कष्टों को व्यक्तिगत नहीं मानते बल्कि उसे जनकल्याण की प्रेरणा बना देते हैं। उन्होंने यह भी दिखाया कि नेतृत्व का अर्थ अधिकार नहीं, जिम्मेदारी है। वे जब राष्ट्रपति बने तो केवल एक कार्यकाल तक सत्ता में रहे जबकि वे चाहते तो आजीवन शासन कर सकते थे पर उन्होंने सत्ता को साध्य नहीं, साधन माना। 5 दिसंबर 2013 को 95 वर्ष की आयु में नेल्सन मंडेला ने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पूरी दुनिया ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बारिश में खाएं ये स्वादिष्ट भारतीय स्नैक्स

**मानसून की ठंडी बरसाती शामें अपना अलग ही आनंद लेकर आती हैं, और अगर ऐसे मौसम में कुछ गरमागरम खाने को मिल जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं?**

आमतौर पर बारिश के मौसम में लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं?

मानसून की ठंडी बरसाती शामें अपना अलग ही आनंद लेकर आती हैं, और अगर ऐसे मौसम में कुछ गरमागरम खाने को मिल जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं? आइए आपको बताते हैं कुछ ऐसे स्वादिष्ट और देसी स्नैक्स के बारे में, जो बरसात की इन भीगी-भीगी शामों को और भी यादगार बना देंगे।

**आलू टिक्की**- दही, हरी और इमली की चटनी, सेव और अनार के दानों के साथ परोसी जाने वाली गरमा-गरम आलू टिक्की बरसात के मौसम में एक परफेक्ट स्ट्रीट फूड है। चटपटे स्वाद के साथ हर बाइट में मिलेगा ताजगी और मजा।

**भुट्टा**- कोयले पर भुना हुआ भुट्टा, जिस पर नींबू, नमक और लाल मिर्च पाउडर छिड़का हो, मानसून की पहचान बन चुका है। सड़क किनारे भुट्टा खाते-खाते बारिश का आनंद लेना एक अलग ही अनुभव है।

**वड़ा पाव**- मुंबई की शान वड़ा पाव, गरमागरम आलू वड़ा के साथ, हरी और लहसुन की चटनी लगे पाव में मिलकर मानसून का स्वाद और भी बढ़ा देता है।

**साबूदाना वड़ा**- बाहर से क्रिस्पी और अंदर से सॉफ्ट साबूदाना वड़ा मूंगफली और हल्के मसालों के साथ तैयार किया जाता है। चाय के साथ इसका आनंद बरसात में दोगुना हो जाता है।



**कचौरी**- मसालेदार आलू की सब्जी के साथ गर्मागर्म कचौरी, ठंडी बारिश की शाम में दिल और पेट दोनों को सुकून देती है।

**ब्रेड पकौड़ा**- ब्रेड में आलू की मसालेदार स्टफिंग भरकर बेसन में लपेटकर तला जाता है। इसे हरी चटनी और टमैटो सॉस के साथ खाएं और मौसम के मजे लें।

**भुना चना**- हल्का, कुरकुरा और हेल्दी स्नैक, भुना चना प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है। जब कुछ हल्का खाने का मन हो, तो ए परफेक्ट विकल्प है।

**मखाना**- हल्दी, सेंधा नमक या अपने पसंदीदा मसालों में भुने हुए मखाने न सिर्फ कुरकुरे हैं बल्कि सेहत के लिए भी अच्छे हैं।

**फ्रूट चाट**- ताजे फलों पर नींबू, काला नमक और चाट मसाला डालकर तैयार की गई फ्रूट चाट स्वादिष्ट और पौष्टिक दोनों होती है, खासतौर पर बच्चों के लिए।

**अंकुरित सलाद**- अंकुरित दालों को प्याज, टमाटर, नींबू और मसालों के साथ मिलाकर एक हेल्दी और एनर्जी से भरपूर स्नैक तैयार किया जा सकता है।

**मसालेदार सेवई**- सब्जियों के साथ बनी नमकीन सेवई एक हल्का लेकिन स्वादिष्ट स्नैक है, जो मानसून के दिनों में पेट और मन दोनों को राहत देता है।

**पोहा चीला**- पोहा और बेसन से बना चीला झटपट बनने वाला और हेल्दी स्नैक है, जो चाय के साथ शानदार लगता है।

**-साभार प्रभा**

# ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच झूलता आम आदमी





**रजनीश कपूर**

भारत में स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा क्षेत्र है, जहां लाखों लोग अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए दवाओं पर निर्भर हैं, लेकिन दवाओं के बाजार में एक बड़ा सवाल हमेशा चर्चा में रहता है, ब्रांडेड दवाएं या जेनेरिक दवाएं? इन दोनों के बीच का अंतर और इनका महत्व समझना न केवल आम जनता के लिए जरूरी है, बल्कि यह भी जानना जरूरी है कि कैसे फार्मास्युटिकल कंपनियां भोले-भाले ग्राहकों का शोषण कर रही हैं। यह एक ऐसा विषय है जिसने दर्द के व्यापार को काफी बढ़ावा दिया है।

सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि ब्रांडेड और जेनेरिक दवाएं क्या हैं? ब्रांडेड दवाएं वे होती हैं, जो किसी फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा अपने ब्रांड नाम के तहत बेची जाती हैं। ये दवाएं आमतौर पर महंगी होती हैं, क्योंकि इनमें कंपनी का ब्रांड वैल्यू, मार्केटिंग लागत और अनुसंधान और विकास का खर्च शामिल होता है। दूसरी ओर, जेनेरिक दवाएं वही दवाएं होती हैं, जिनमें वही सक्रिय रासायनिक तत्व Active Pharmaceutical Ingredient होते हैं, जो ब्रांडेड दवाओं में होते हैं, लेकिन इन्हें किसी ब्रांड नाम के तहत नहीं बेचा जाता। जेनेरिक दवाएं आमतौर पर सस्ती होती हैं, क्योंकि इनमें मार्केटिंग और ब्रांडिंग का खर्च नहीं होता। उदाहरण के तौर पर, क्रोसिन का जेनेरिक विकल्प पैरासिटामोल है, जो उसी तरह काम करता है, लेकिन इसकी कीमत बहुत कम होती है।

भारत जैसे देश में, जहां अधिकांश आबादी मध्यम और निम्न-आय वर्ग से आती है, जेनेरिक दवाओं का महत्व बहुत अधिक है। ये दवाएं न केवल सस्ती होती हैं, बल्कि गुणवत्ता में भी ब्रांडेड दवाओं के समान होती हैं। भारत सरकार ने जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए जन औषधि योजना शुरू की है, जिसके तहत देश भर में जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50-90 प्रतिशत तक सस्ती मिलती हैं।

उदाहरण के लिए, एक ब्रांडेड दवा, जैसे कि टेल्मिसार्टन जो उच्च रक्तचाप के लिए उपयोग की जाती है, की 10 गोलियों की कीमत 200-300 रूपए हो सकती है। वहीं, टेल्मिसार्टन की जेनेरिक दवा की कीमत 20-50 रुपए हो सकती है। यह अंतर गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों के लिए बहुत बड़ा है, जो अपनी जिंदगी बचाने के लिए इन दवाओं पर निर्भर हैं।

जानकारों के मुताबिक फार्मास्युटिकल कंपनियों की लूट का सबसे बड़ा कारण उनकी मार्केटिंग रणनीति और ब्रांडिंग है। ये कंपनियां ब्रांडेड दवाओं को बढ़ावा देने के लिए भारी मात्रा में पैसा खर्च करती हैं। डॉक्टरों को मुफ्त नमूने, विदेश यात्राएं और अन्य प्रलोभन दिए जाते हैं ताकि वे मरीजों को ब्रांडेड दवाएं लिखें। इसका नतीजा यह होता है कि मरीज, जो ज्यादातर दवाओं की तकनीकी जानकारी से अनजान होते हैं, महंगी दवा खरीदने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

इसके अलावा, कई फार्मा कंपनियां एक ही दवा को अलग-अलग ब्रांड नामों से भी बेचती हैं, जिससे बाजार में भ्रम पैदा होता है। उदाहरण के लिए, पैरासिटामोल को विभिन्न कंपनियां क्रोसिन, कैल्पॉल वी डोलो आदि नामों से बेचती हैं, लेकिन इन सभी में एक ही सक्रिय तत्व होता है। मरीजों को लगता है कि ब्रांडेड दवा ज्यादा प्रभावी होगी, जबकि हकीकत में जेनेरिक दवा भी उतनी ही प्रभावी होती है।

भारत में जेनेरिक दवाओं के प्रति कई मिथक प्रचलित हैं, जो फार्मा कंपनियों द्वारा फैलाए गए हैं। एक आम धारणा है कि जेनेरिक दवाएं कम गुणवत्ता वाली होती हैं। यह पूरी तरह गलत है। भारत में जेनेरिक दवाओं का निर्माण ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत सख्त नियमों के अधीन होता है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया यह सुनिश्चित करता है कि जेनेरिक दवाएं गुणवत्ता और प्रभावशीलता में ब्रांडेड दवाओं के बराबर हों।

हालांकि, कुछ छोटी दवा कंपनियां, जो जेनेरिक दवाएं बनाती हैं, गुणवत्ता नियंत्रण में कमी कर सकती हैं। लेकिन यह समस्या केवल जेनेरिक दवाओं तक सीमित नहीं है, कुछ ब्रांडेड दवाओं में भी गुणवत्ता की कमी देखी गई है। इसलिए, मरीजों को चाहिए कि वे केवल विश्वसनीय जन औषधि केंद्रों या लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से ही दवाएं खरीदें। भारत सरकार ने जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने, जागरूकता अभियान चलाने और डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। साथ ही, मरीजों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्हें अपने डॉक्टर से पूछना चाहिए कि क्या जेनेरिक दवा उपलब्ध है और क्या वह ब्रांडेड दवा का विकल्प हो सकती है।

फार्मा कंपनियों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। मुनाफा कमाना गलत नहीं है, लेकिन मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करना अनैतिक है। सरकार को ऐसी नीतियां लागू करनी चाहिए, जो फार्मा कंपनियों को जेनेरिक दवाओं के उत्पादन और वितरण में प्रोत्साहित करें। साथ ही, दवाओं की कीमतों पर सख्त नियंत्रण होना चाहिए ताकि मरीजों को उचित मूल्य पर दवाएं मिल सकें। ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच का अंतर केवल नाम और कीमत का है, प्रभावशीलता का नहीं। भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही कई लोगों के लिए सुलभ नहीं हैं, जेनेरिक दवाएं एक वरदान हैं, लेकिन फार्मा कंपनियों के लालच और भ्रामक मार्केटिंग के कारण मरीजों को अनावश्यक रूप से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। यह समय है कि हम जागरूक हों, जेनेरिक दवाओं को अपनाएं और सरकार से मांग करें कि वह दवा बाजार में पारदर्शिता और नियंत्रण सुनिश्चित करे। केवल जागरूकता और सही नीतियों के माध्यम से ही हम इस लूट को रोक सकते हैं और हर भारतीय को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### दो सहयोगी दलों का समर्थन वापिस, धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस में छूट से फूटा गुस्सा

# इजरायल में डगमगाया नेतन्याहू का सिंहासन

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अल्पमत में आ गई है। अति-रूढ़िवादी शास पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस लेने का ऐलान किया। इससे एक दिन पहले यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म (यूटीजे) पार्टी भी इस सरकार से अलग हो गई थी। इजरायल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचला सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए।

इन दोनों पार्टियों के अलग होने से सत्तारूढ़ गठबंधन के पास सिर्फ 50 सीटें बची हैं। शास पार्टी ने गठबंधन छोड़ने के मुद्दे पर कहा-भारी मन से हमें यह स्वीकार करना पड़ रहा है कि हम सरकार का हिस्सा नहीं रह सकते। हालांकि, हम इस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करेंगे और कुछ कानूनों पर गठबंधन का समर्थन कर सकते हैं।

विवाद की मुख्य वजह रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस से मिलने वाली छूट है। ये छात्र लंबे समय से अनिवार्य मिलिट्री सर्विस से छूट ले रहे हैं। नेतन्याहू सरकार ने हाल ही में इस छूट को सीमित करने के लिए एक बिल लेकर आई थी, जिसकी वजह शास पार्टी और यूटीजे ने सरकार से अलग होने का फैसला किया। दोनों पार्टियों का कहना है कि धार्मिक छात्रों के सेना में भर्ती होने से उनकी धार्मिक जीवनशैली को खतरा होगा। हालांकि, कई अन्य यहूदी इजरायली इसे स्पेशल सुविधा मानते हैं और इस पर नाराजगी जताते हैं। बिल के विरोध में रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों का कहना है कि वो जेल जाने के लिए तैयार हैं, लेकिन आर्मी में नहीं जाएंगे। गाजा युद्ध के दौरान यह मुद्दा और गंभीर हो गया है। इस युद्ध में सैकड़ों इजरायली सैनिकों की मौत हो चुकी है, जिसकी वजह से अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय पर आरोप लग रहे हैं कि वे दूसरों के लिए युद्ध में जान देने वालों के मुकाबले पीछे हट रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह गठबंधन विवाद तुरंत नेतन्याहू की सरकार नहीं गिराएगा। हालांकि, यह इजरायल की राजनीति में और अस्थिरता लाएगा, खासकर जब गाजा में युद्धविराम और लेबनान व सीरिया में चल रहे संघर्ष को लेकर नेता आपस में टकरा रहे हैं। इजरायल और हमास के बीच युद्ध को जल्द ही तीन साल पूरे होने वाले हैं। अल जजीरा के मुताबिक इस युद्ध में अब तक 888 इजरायली सैनिक मारे जा चुके हैं। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजरायली हमलों में गाजा के 58573 लोग मारे गए हैं और 139607 अन्य घायल हुए हैं। गाजा के मीडिया कार्यालय (जीएमओ) ने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है। आफिस ने कहा कि इजरायली सेना जबरन बेदखली, बमबारी और सहायता रोककर गाजा को तबाह कर रही है। यह नरसंहार है। जीएमओ ने दावा किया था कि गाजा का 70 प्रतिशत से ज्यादा बिल्डिंग्स तबाह हो चुकी हैं और 19 लाख लोग (85 प्रतिशत आबादी) बेघर हो गए हैं।



**इजरायल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचली सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए**

### हेग समूह ने की इजरायल के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा

**बोगोटा।** इज़राइल के खिलाफ लगभग 30 देशों वाले 'हेग समूह' ने समन्वित कानूनी और कूटनीतिक लामबंदी करते हुए उसके साथ हथियारों एवं सैन्य वस्तुओं के व्यापार को निलंबित करने और इज़राइली जहाजों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। समूह ने जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि हम इजराइल को हथियारों, युद्ध सामग्री, सैन्य ईंधन, संबंधित सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की आपूर्ति या हस्तांतरण को रोकने, किसी भी बंदरगाह पर उसके जहाजों के पारगमन, डॉकिंग और सर्विसिंग को रोकने, हमारे झंडे वाले जहाजों पर इजराइल को हथियार, युद्ध सामग्री, सैन्य ईंधन, संबंधित सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की ढुलाई को रोकने जैसे प्रतिबंधो की घोषणा करते हैं। बोगोटा में एक मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद हेग समूह के सदस्य देशों ने अपनी सरकारी एजेंसियों और इजरायल के बीच लेन-देन रोकने, सभी सार्वजनिक अनुबंधों की तत्काल समीक्षा करने, सार्वजनिक संस्थानों एवं निधियों को फलस्तीनी क्षेत्र पर इजरायल के अवैध कब्जे का समर्थन करने और उसकी अवैध मौजूदगी को रोकने पर सहमति व्यक्त की।



उत्तर प्रदेश। प्रयागराज में बारिश के बीच छाता लगाकर स्कूल जाती छात्राएं।

## यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनीं यूलिया स्विरीडेंको

**कीव।** यूलिया स्विरीडेंको अब यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन गई हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनके नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद यूक्रेनी संसद ने उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। यूलिया पहले डिप्टी पीएम और अर्थव्यवस्था मंत्री थीं। उनकी उम्र 39 साल है और वे पेशे से अर्थशास्त्री हैं। उन्होंने 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस शिमहाल की जगह ली है। बतौर डिप्टी पीएम स्विरीडेंको ने इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ खनिज डील कराने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके बाद उनकी बेहद तारीफ हुई थी। नई कैबिनेट में कुछ और बदलाव भी हुए हैं। शिमहाल अब भी कैबिनेट में रहेंगे लेकिन रक्षा मंत्री नहीं होंगे। उनकी जगह रुस्तम उमरोव पहले से ही रक्षा मंत्री बने रहेंगे। पहले जेलेंस्की ने शिमहाल को रक्षा मंत्री बनाने की बात कही थी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक दिन पहले यानी 16 जुलाई को पुरानी कैबिनेट को भंग कर दिया था। इसके बाद उन्होंने नई सरकार के लिए अपने चुने हुए लोगों की सूची संसद को दी। जेलेंस्की की पार्टी 'सर्वेंट ऑफ द पीपल' 2019 से 254 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत में है।

## बलूचिस्तान में 20 पाक सैनिक मारे गए

### सैन्य चौकियों को निशाना बनाया

**क्वेटा।** बलूचिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी पर विद्रोहियों के हमले में पाक आर्मी के एक मेजर समेत 20 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत की खबर है। ये हमले पिछले 12 घंटों में अवारान, क्वेटा और कलात जिलों में हुए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले सैन्य चौकियों को निशाना बनाकर किए गए थे।

हालांकि, इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ग्रुप ने नहीं ली है, लेकिन इसमें फितना अल हिंदुस्तान और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के शामिल होने का शक है। वहीं, बलूचिस्तान के कालात में एक यात्री बस पर हमला हुआ, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमलावरों ने क्वेटा-कराची हाईवे पर नेमार्ग इलाके में घात लगाकर बस को रोका और अंधाधुंध गोलीबारी की। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि सुरक्षा बलों और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू किया गया है।

**■ हमले में बलूच लिबरेशन आर्मी के शामिल होने का शक**

उन्होंने कहा कि हमलावरों ने सड़क के दोनों ओर से हमला किया। मुख्यमंत्री मिर्जा सरफराज बुगती ने इस हमले की निंदा की और इसे फितना अल हिंदुस्तान आतंकी संगठनों का काम बताया। उन्होंने कहा- निर्दोष नागरिकों पर हमला गंभीर अपराध है।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, यह हमला उस दिन हुआ जब सुरक्षा बलों ने अवारन इलाके में फितना अल हिंदुस्तान से जुड़े तीन आतंकवादियों को मार गिराया। इसमें पाकिस्तानी सेना का एक अधिकारी मेजर सैयद रब नवाज तारिक मारा गया। इसी बस पर हमला हुआ था। जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीटयूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां अकेले 35 हमले हुए जिनमें 51 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए। इनमें नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। हमलों में 30 आम लोग, 18 सुरक्षाकर्मी और 3 आतंकी मारे गए।

## इराक के मॉल में भीषण आग से 61 की मौत, 45 झुलसे

**बगदाद।** इराक के अल कुत शहर में एक नए बने मॉल में बुधवार देर शाम आग लगने से कम से 61 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य झुलस गए। इराकी न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी है कि यह पांच मंजिला हाइपरमार्केट मॉल एक सप्ताह पूर्व ही खुला था। इसमें सामान की दुकानों के अलावा खाने पीने की चीजों की भी कई दुकानें थीं। घटना के समय वहां कई परिवार खाना खा रहे थे। आग की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी वहां पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया। इससे वहां मौजूद कई लोगों को बचा भी लिया गया। सरकार ने तीन दिनों का शोक घोषित किया है और मामले की जांच के लिए एक दल का गठन कर दिया है जो दो दिनों में अपनी रिपोर्ट देगा। मॉल के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मुझे कुछ हुआ, तो मुनीर जिम्मेदार

### पूर्व पीएम ने कहाः मेरी बीवी के साथ भी बुरा बर्ताव, रिहाई के लिए पांच अगस्त से देशभर में प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है।

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे। इमरान ने पाकिस्तानी जनता से इस खराब व्यवस्था का विरोध करने की अपील की। पीटीआई 5 अगस्त से इमरान की रिहाई के लिए प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमरान के दो बेटे इस प्रदर्शन में खास भूमिका निभा सकते हैं। ये दोनों लंदन में रहते हैं। इमरान खान ने कहा- दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर हालात में रखा जाता है। उन्होंने एक दूसरे सैन्यकर्मी का हवाला देते हुए बताया कि वह जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट का आनंद ले रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस बीच, मुझे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। लेकिन वे चाहे कुछ भी करें, मैंने कभी भी उत्पीड़न के आगे घुटने नहीं टेके हैं-और न ही कभी झुकूंगा। इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं और कई आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।



**■ दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर हालात में रखा जाता है: इमरान**

इमरान ने लगभग एक महीने पहले किए गए अपने उस दावे को भी दोहराया कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ उत्पीड़न उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के समय की घटना है। इमरान ने कहा कि जब असीम मुनीर को आईएसआई प्रमुख के पद से हटाया गया, तो उन्होंने जुल्फी बुखारी (पीटीआई नेता) के जरिए बुशरा बीबी को एक मैसेज भेजकर मुलाकात का अनुरोध करने की कोशिश की। जिससे उन्होंने साफ इन्कार कर दिया। इमरान ने दावा किया की असीम मुनीर उनसे निजी दुश्मनी का बदला लेने और भावनात्मक रूप से तोड़ने के लिए ऐसा कर रहें हैं। इमरान खान को रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद रखा गया है। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे 'इमरान खान को आजाद करो' अभियान नाम दिया है।

## बांग्लादेश में हिंसा फायरिंग में चार की मौत, 9 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश के गोपालगंज शहर में युवाओं के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की एक रैली में हिंसा भड़क उठी। हिंसा के दौरान पुलिस की फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गई। 9 लोग घोली लगने से घायल हैं।

गोपालगंज बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का गृहनगर है। बांग्लादेश की प्रोथोम अलो न्यूज एजेंसी के अनुसार, एनसीपी की रैली के दौरान शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अवामी लीग समर्थकों ने पुलिस पर लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से पुलिस, सेना और पैरामिलिट्री फोर्स पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक प्रमुख के वाहनों में भी तोड़फोड़ की। साथ ही एनसीपी के काफिले पर भी हमला किया, जिसके बाद सुरक्षाबलों को गोलियां चलानी पड़ीं।

**■ शेख हसीना के गृहनगर में रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प हुई**

सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले और साउंड ग्रेनेड भी फेंके। हिंसा में मारे गए लोगों में से तीन की पहचान दीप्टो साहा (25 साल), रमजान काजी (18 साल) और सोहेल मोल्ला (41 साल) के रूप में हुई है। डाक्टरों ने बताया कि मृतकों को घायल अवस्था में गोपालगंज जनरल अस्पताल लाया गया था।

## कोका-कोला में गन्ने की चीनी का होगा इस्तेमालः डोनाल्ड ट्रम्प



**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अटलांटा स्थित शीतल पेय की दिग्गज कंपनी 'कोका-कोला' देश में अपने सोडा और कोक में असली गन्ने की चीनी का इस्तेमाल फिर से शुरू करेगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा मैं अमेरिका में कोक में असली गन्ने की चीनी के इस्तेमाल के बारे में कोका-कोला से बात कर रहा हूं और उन्होंने ऐसा करने पर सहमति जताई है। इस बीच कोका-कोला की ओर से जारी एक संक्षिप्त बयान के मुताबिक हम अपने प्रतिष्ठित कोका-कोला ब्रांड के प्रति राष्ट्रपति के उत्साह की सराहना करते हैं। हमारे कोका-कोला उत्पाद रेंज में नए और अभिनव उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। गौरतलब है कि कोका-कोला ने लागत में कटौती के प्रयास के तहत 1980 के दशक में 'हाई-फ्क्टोज़ कॉर्न सिरप' अपनाया था। हालांकि उसे यह बताया गया था कि सामग्री में बदलाव से कोक की शेल्फ लाइफ कम हो जाएगी और निर्माण लागत बढ़ जाएगी। इस बीच अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव संबंधी मामलों के मंत्री रॉबर्ट एफ-कैनेडी जूनियर ने उच्च-फ्रुक्टोज़ कॉर्न सिरप जैसे मीठे पदार्थों के इस्तेमाल की आलोचना की है। वर्तमान में कोका-कोला अमेरिका में सोडा का एक ऐसा उत्पाद भी उपलब्ध कराता है जिसमें गन्ने की चीनी का इस्तेमाल किया जाता है। इसे 'मैक्सिकन कोक' के नाम से जाना जाता है।

### हमारे कोका-कोला उत्पाद रेंज में नए और अभिनव उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द साझा की जाएगी

**कोका-कोला ने लागत में कटौती के प्रयास के तहत 1980 के दशक में 'हाई-फ्क्टोज कॉर्न सिरप' अपनाया था**

## अलास्का में 7.3 तीव्रता का भूकंप

**जूनो।** अमेरिकी राज्य अलास्का में गुरुवार तड़के करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.3 रही। इसके बाद राज्य के तटवर्ती इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, कुछ घंटों बाद इसे वापस ले लिया गया। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक भूकंप अलास्का के पापोफ आइलैंड पर सैंड पाइंट के पास आया। इसका केंद्र जमीन से 36 किलोमीटर नीचे था। हालांकि, इसमें अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अलास्का भूकंप एजेंसी के मुताबिक यहां एक सप्ताह में, लगभग 400 भूकंप दर्ज किए गए। सबसे बड़ा भूकंप 16 जुलाई को अटका के पास 5.1 तीव्रता का था।

दुबई IMMEDIATE DEPARTURE दुबई
INTERVIEW 19, 21 & 22 JULY AT CHANDIGARH OFFICE
कंस्ट्रक्शन हैल्पर 200 Nos ONLY 25000/- SERVICE CHARGES
दुबई की WADE ADAM कंपनी को निम्नलिखित CATEGORIES तुरंत चाहिए
OPERATORS: JCB, BOBCAT, ROLLER, BACKHOE, EXCAVATOR, MOBILE CRANE, WHEEL LOADER, GRADER
BUS DRIVER, LIGHT DUTY DRIVER, HYDRAULIC MECHANIC, PLANT ELECTRICIAN, HEAVY DUTY MECHANIC, RIGGER
नोट ड्राईवरों व ऑपरेटरों के पास UAE Valid/Expire लाईसेंस होना चाहिए
Email: chdjobs@ambecs.com Lic No. B-0254/MUM/COM/1000+/5/7295/2005
AMBE CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD. 73558-48978
CHANDIGARH:- SCO 15, Sector 20-D. 86578-56477

## हूतियों ने इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर किया हमला

**सना।** यमन के सशस्त्र समूह हूती ने इजरायल के बेन गुरियन हवाईअड्डे पर बैलेस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला करने का दावा किया है। समूह ने बुधवार रात कहा कि इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे को एक बैलिस्टिक मिसाइल और दो ड्रोन से निशाना बनाया। यह हमला दिन में गया था।

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इस हमले के कारण इजरायली हवाई अड्डे का हवाई संचालन अस्थाई रूप से थम गया और हज़ारों इज़रायली नागरिक आश्रय स्थलों की ओर भागते नजर आये। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा सैटेलाइट टीवी चैनल पर प्रसारित एक टेलीविज़न बयान में सरिया ने कहा कि हमले ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि समूह ने नेगेव रेगिस्तान की ओर दो अन्य बम से लदे ड्रोन दागे और इज़रायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। समूह ने यह भी संकेत दिया कि वह नेगेव रेगिस्तान में स्थित इजरायली परमाणु प्रतिष्ठान को निशाना बना सकता है। यह ठिकाना डिमोना शहर से लगभग आठ मील दक्षिण-पूर्व में है।

**■ समूह ने नेगेव रेगिस्तान की ओर दो अन्य बम से लदे ड्रोन दागे और इज़रायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया**

प्रवक्ता ने संकल्प लिया कि सशस्त्र समूह इजरायल से जुड़े जहाजों या इजरायल माल ले जाने वाले जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा। इस बीच इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया पर हूती मिसाइल को रोके जाने की खबर दी। किसी नुकसान या हताहत की खबर नहीं है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पयैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट